राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 61
लखनऊ, गुरुवार 17 अक्टूबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





साईंमीर ध्यान मंदिर में पंचम स्थापना दिवस का हुआ शुभारंभ 09

साथ-साथ नहीं हो सकते आतंक व व्यापार : एस जयशंकर 12


## कानून की पढ़ाई के दौरान उपस्थिति की अनिवार्यता पर रुख साफ करे बीसीआई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) को निर्देश दिया है कि वो लॉ कोर्सेस की पढ़ाई के दौरान उपस्थिति की अनिवार्यता को लेकर अपना रुख स्पष्ट करे। जस्टिस प्रतिभा सिंह की बेंच ने ये आदेश दिया।

हाई कोर्ट ने बीसीआई को निर्देश दिया कि वो अपने लीगल एजुकेशन कमेटी की वर्चुअल बैठक कर इस मामले पर अपना रुख कोर्ट को सूचित करे। सुनवाई के दौरान इस मामले के एमिकस क्यूरी और वरिष्ठ वकील दायन कृष्णन ने कोर्ट को बताया कि अलग-अलग संस्थानों में छात्रों के सुसाइड की खबरें हैं। उसके बाद कोर्ट ने उन्हें इस मामले पर एक नोट दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने एमिटी लॉ यूनिर्सिटी को निर्देश दिया कि वो इस मामले में सुसाइड कर चुके छात्र सुशांत रोहिल्ला के परिजनों को मुआवजा देने पर अपना रुख स्पष्ट करें। दरअसल, हाई कोर्ट 2016 में एमिटी यूनिवर्सिटी के एक लॉ स्टूडेंट सुशांत रोहिल्ला के सुसाइड के मामले पर सुनवाई कर रहा है। सुशांत रोहिल्ला की उपस्थिति कम होने की वजह से उसे एक सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल नहीं होने दिया गया। सुनवाई के दौरान एमिटी यूनिवर्सिटी की ओर से पेश वकील ने कहा कि सुशांत रोहिल्ला के सुसाइड में उनकी कोई गलती नहीं है।

## विचाराधीन बंदी के इलाज से इनकार नहीं कर सकती सरकार : इलाहाबाद हाईकोर्ट

▸ देवरिया के याची के मामले में डीएम और एसपी से मांगा हलफनामा

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है हिरासत में लिए गए किसी आरोपित को किसी भी आधार पर राज्य सरकार पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने से किसी भी हाल में इनकार नहीं कर सकती।

न्यायमूर्ति समित गोपाल ने देवरिया निवासी कयूमद्दीन की याचिका की सुनवाई करते हुए कहा कि किसी भी विचाराधीन बंदी को बीमारी के दौरान देखभाल और चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना राज्य की जिम्मेदारी है। कोर्ट ने यह टिप्पणी तब की जब बताया गया कि जेल अधीक्षक द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर प्रभावी आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का हवाला देते हुए चिकित्सा सुविधा देने से मना कर दिया गया। अपने आदेश में न्यायालय ने जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक को व्यक्तिगत रूप से मामले को देखने और अदालत को अगली तारीख पर अपने हलफनामे के माध्यम से यह सूचित करने का निर्देश दिया कि याची के लिए क्या पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी। दोनों अधिकारियों को यह बताने का भी निर्देश दिया गया कि किन परिस्थितियों में याची को सर्जरी के लिए मना किया गया और इसके लिए कौन जिम्मेदार था ? कोर्ट ने कहा, यदि सर्जरी की राय दी गई थी तो इसके लिए अधिकारियों की इच्छा पर इंतजार नहीं किया जा सकता था। जेल में बंद याची के 16 अप्रैल, 2024 को किए गए आवेदन पर अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, देवरिया ने उचित चिकित्सा उपचार के लिए निर्देश दिया था। जेल अधीक्षक ने लोकसभा चुनाव की आचार संहिता का हवाला देते हुए उसका इलाज कराने से इनकार कर दिया।

### पेंशन सेवानिवृत्ति का विकल्प देने वाले सहायक प्रोफेसर को ग्रेच्युटी की मांग सही नहीं

नियंत्रक प्राधिकारी का ग्रेच्युटी भुगतान करने का आदेश रद्द, कालेज प्रबंध समिति की याचिका मंजूर

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि राज्य विश्वविद्यालय या सम्बद्ध कालेज के अध्यापकों या स्टाफ ने यदि 60 साल में बिना ग्रेच्युटी के पारिवारिक पेंशन विकल्प चुना है तो बाद में उसे ग्रेच्युटी का दावा करने का अधिकार नहीं है। इसी के साथ कोर्ट ने नियंत्रक प्राधिकारी ग्रेच्युटी एक्ट के रिटायर्ड अध्यापक को ग्रेच्युटी का भुगतान करने के आदेश को अवैध करार देते हुए रद्द कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति सी के राय ने प्रबंध समिति कुल भास्कर आश्रम पी जी कालेज प्रयागराज की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। मालूम हो कि विपक्षी सहायक प्रोफेसर डा श्याम लाल गुप्ता 30 जून 2002 को सेवानिवृत्त हुए और वह नियमित पेंशन पा रहे हैं। ग्रेच्युटी का भुगतान करने की अर्जी दी जिसे स्वीकार करते हुए नियंत्रक प्राधिकारी ने 22 जनवरी 15 को ग्रेच्युटी का 350,000 रूपये के भुगतान करने का आदेश दिया। जिसे कालेज प्रबंध समिति ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। कोर्ट ने कहा नियंत्रक प्राधिकारी के आदेश के खिलाफ अपील होनी चाहिए थी। किंतु 2015 मे आदेश पर रोक लगाते हुए जवाब मांगा गया और याचिका पर दोनों पक्षों की तरफ से जवाब व प्रति जवाब दाखिल हो चुका है। ऐसी स्थिति में प्रकरण वापस अपील के लिए भेजना उचित नहीं होगा।

## केंद्र ने बढ़ाया तीन फीसदी डीए

### 48 लाख कर्मियों व 67 लाख पेंशनरों को मिलेगा लाभ, महंगाई भत्ते की दर अब बढ़कर हुई 53 प्रतिशत

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार में लगभग एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते डीए एवं महंगाई राहत डीआर में तीन फीसदी वृद्धि की सौगात मिली है। बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने डीए की दरों में बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर मुहर लगाई है। पहली जुलाई से देय महंगाई भत्ते की दर अब 50 प्रतिशत से बढ़कर 53 प्रतिशत हो गई है।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट की बैठक के बाद हुई प्रेस ब्रीफिंग में यह जानकारी दी है। इससे पहले कॉन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज एंड वर्कर्स के महासचिव एसबी यादव ने 30 सितंबर को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर डीए की दरों में बिना कोई देरी किए वृद्धि करने की मांग की थी। पत्र में कहा गया कि सामान्य तौर पर महंगाई भत्ते एवं महंगाई राहत में बढ़ोतरी का भुगतान, अक्तूबर के पहले सप्ताह में हो जाता था। इस बार केंद्र सरकार ने दशहरे पर भी ऐसी कोई घोषणा नहीं की।

बता दें कि डीए/डीआर की दरों में बढ़ोतरी की घोषणा, सितंबर माह में कर दी जाती थी। कई बार अक्तूबर के प्रारंभ में भी डीए/डीआर का एलान हुआ है। तीन अक्टूबर को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई थी। उसमें रेल कर्मचारियों को 78 दिन का बोनस देने की घोषणा की गई। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया था कि रेल कर्मचारियों के लिए 2029 करोड़ रुपए के बोनस को मंजूरी मिल गई है।

इसके बाद केंद्रीय कर्मचारियों को यह आस बंध गई थी कि 9 अक्तूबर की केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में डीए की घोषणा कर दी जाएगी। कॉन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज एंड वर्कर्स के महासचिव एसबी यादव ने 30 सितंबर को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर डीए की दरों में बिना कोई देरी किए वृद्धि करने की मांग की थी। उन्होंने लिखा, अक्तूबर माह में केंद्र सरकार, भत्तों व बोनस देने की घोषणा करती है तो उनका भुगतान नवंबर में हो सकेगा। इन भत्तों को तय समय पर जारी न कर केंद्र सरकार, खुद लाभ कमा रही है। एसबी यादव के अनुसार, वित्त मंत्री को लिखे पत्र में कहा गया है कि महंगाई भत्ता डीए और महंगाई राहत डीआर एक जुलाई से देय हैं। आमतौर पर सितंबर के आखिरी सप्ताह में इसकी घोषणा कर दी जाती थी। इसके बाद अक्टूबर के पहले सप्ताह में कर्मचारियों को तीन महीने का बकाया भुगतान किया जाता था। इन भत्तों की घोषणा में हो रही देरी को लेकर केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों में गहरा असंतोष था।

### 53 प्रतिशत डीए से होगा इतना फायदा

1- किसी कर्मचारी का मूल वेतन 18 हजार रुपये है तो 53 प्रतिशत महंगाई भत्ते के हिसाब से उसके वेतन में हर माह लगभग 540 रुपये बढ़ जाएंगे।
2- एक लाख रुपये बेसिक सेलरी वाले कर्मियों के खाते में हर माह 3000 रुपये से अधिक की बढ़ोतरी होगी।
3- 70 हजार रुपये की बेसिक सेलरी वाले कर्मचारी को लगभग 2100 रुपये का फायदा होगा।
4- जिस कर्मी की बेसिक सेलरी 35 हजार रुपये है तो उसे प्रतिमाह 1050 रुपये ज्यादा मिलेंगे।
5- ऐसे कर्मी, जिन्हें 52 हजार रुपये बेसिक सेलरी मिलती है तो डीए बढ़ोतरी पर उन्हें हर माह 1560 रुपये का फायदा होगा।
6- कर्मचारी का मूल वेतन 25 हजार रुपये है तो उसे प्रतिमाह 750 रुपये का फायदा होगा।
7- 85,500 रुपये की बेसिक सेलरी पर लगभग 2565 रुपये का इजाफा होगा।
8- 45 हजार रुपये की बेसिक सेलरी वाले कर्मी के लगभग 1350 रुपये बढ़ेंगे।

### रबी सीजन के लिए फसलों की एमएसपी में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने रबी विपणन सीजन 2025-26 के लिए सभी अनिवार्य फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने एमएसपी में बढ़ोतरी को मंजूरी प्रदान की। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विन वैष्णव ने बताया कि सरकार ने उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए एमएसपी में वृद्धि की है। सबसे ज्यादा बढ़ोतरी रेपसीड और सरसों में 300 रुपये प्रति क्विंटल की गई है। फैसलों के अनुसार गेहूं पर एमएसपी में 150 रुपये की बढ़ोतरी की गई है और अब पिछले वर्ष के 2,275 रुपये से बढ़कर इस वर्ष 2,425 रुपये प्रति क्विंटल हो गई है। जौ पर एमएसपी में 130 रुपये की बढ़ोतरी की गई है और यह 1850 से बढ़कर 1980 रुपये प्रति क्विंटल हो गई है। चने पर एमएसपी में 210 रुपये की बढ़ोतरी की है और यह 5440 से बढ़कर 5650 रुपये प्रति क्विंटल हो गई है। मसूर की एमएसपी में 275 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। यह 6425 से बढ़कर 6700 रुपये हो गई है।

## केंद्र ने यूपी में 2,642 करोड़ की रेल परियोजना को दी मंजूरी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बुधवार को हुई बैठक में 2,642 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ वाराणसी-पंडित दीनदयाल उपाध्याय मल्टी-ट्रैकिंग रेल परियोजना के निर्माण को मंजूरी दे दी गयी। इस परियोजना में गंगा नदी पर एक नया रेल-सह-सड़क पुल भी शामिल है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मालवीय पुल 137 साल पुराना है। अब एक नया पुल बनाने का निर्णय लिया गया है जिसमें निचले डेक पर 4 रेलवे लाइनें और ऊपरी डेक पर 6-लेन राजमार्ग होगा। यातायात क्षमता के मामले में यह दुनिया के सबसे बड़े पुलों में गिना जाएगा। यह पुल वाराणसी में 2642 करोड रुपये की लागत से चार साल में बनकर तैयार होगा। सेतु को अगले डेढ़ सौ सालों को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है।प्रस्तावित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना परिचालन को आसान बनाएगी और भीड़भाड़ को कम करेगी, जिससे भारतीय रेलवे के सबसे व्यस्ततम खंडों पर आवश्यक बुनियादी ढांचागत विकास होगा। यह परियोजना उत्तर प्रदेश के वाराणसी और चंदौली जिलों से होकर गुजरती है। यह परियोजना प्रधानमंत्री मोदी के नए भारत के विजन के अनुरूप है, जो क्षेत्र में व्यापक विकास के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को आत्मनिर्भर बनाएगी। इससे उनके रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। परियोजना निर्माण के दौरान लगभग 10 लाख मानव-दिनों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार भी पैदा करेगी। यह परियोजना मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम है, जो एकीकृत योजना के माध्यम से संभव हुआ है और लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### आचार संहिता उल्लंघन मामले में पूर्व सांसद जयाप्रदा बरी

**रामपुर।** एमपी-एमएलए कोर्ट ने बुधवार को पूर्व सांसद और अभिनेत्री जयाप्रदा को 2019 के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में दोष मुक्त कर दिया है। पूर्व सांसद ने न्यायालय का अभार प्रकट किया है। वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता उल्लंघन के मामले में उनके खिलाफ स्वर थाना में एक मुकदमा दर्ज हुआ था। उन पर यह आरोप लगा था कि आचार संहिता लागू होने के बावजूद उन्होंने नूरपुर गांव में एक सड़क का उद्घाटन किया है। इसकी वीडियो भी सार्वजनिक हुई थी। इस मामले की सुनवाई स्थानीय एमपी-एमएलए कोर्ट में चली। कोर्ट ने बुधवार को साक्ष्य के अभाव में पूर्व सांसद जयप्रदा को बरी कर दिया है। सुनवाई के दौरान जयप्रदा कोर्ट में मौजूद थी। फैसले अपने पक्ष में आने के बाद उन्होंने कोर्ट को धन्यवाद दिया है।

### नाइजीरिया में ईंधन से भरे टैंकर में विस्फोट, 90 की मौत

**अबुजा-नाइजीरिया।** नाइजीरिया में ईंधन टैंकर में विस्फोट होने से कम से कम 90 लोगों की जान चली गई। यह वाकया मंगलवार रात उत्तर-पश्चिम नाइजीरिया के जिगावा राज्य में हुआ। जिगावा पुलिस के प्रवक्ता शिइसू एडम ने बुधवार को कहा कि यह दुर्घटना जिगावा राज्य के तौरा स्थानीय सरकारी क्षेत्र के माजिया टाउन में हुई। अधिकांश पीड़ित दुर्घटनास्थल को घेरने के बाद हुए विस्फोट में मारे गए। एडम ने कहा कि विस्फोट में 50 अन्य लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि रात करीब 11:30 बजे माजिया टाउन में खदीजा विश्वविद्यालय के पास टैंकर चालक ने नियंत्रण खो दिया और उसमें विस्फोट हो गया। इसके बाद उसमें आग लग गई। उन्होंने कहा कि नाइजीरिया में आमतौर पर नागरिक ईंधन टैंकर हादसे के वक्त दुर्घटनास्थल को घेर लेते हैं।

### सैनी आज लेंगे हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की शपथ

**चंडीगढ़।** हरियाणा भाजपा विधायक दल के नेता नायब सैनी ने बुधवार की दोपहर राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मुलाकात करके सरकार बनाने का दावा पेश किया। राज्यपाल ने नायब सैनी को हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण का निमंत्रण दे दिया है। गृहमंत्री अमित शाह तथा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की मौजूदगी में नायब सैनी को विधायक दल का नेता चुना गया। गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में नायब सैनी ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मुलाकात करके हरियाणा में सरकार बनाने का दावा पेश किया। सैनी ने भाजपा के 48 विधायकों तथा तीन निर्दलीय विधायकों के हस्ताक्षरों वाला समर्थन पत्र राज्यपाल को सौंपा। इसके बाद राज्यपाल ने नायब सैनी के दावे को स्वीकार करते हुए गुरुवार को उन्हें शपथ ग्रहण करने का निमंत्रण दिया।

### मुर्शिदाबाद में तृणमूल कांग्रेस नेता की गोली मारकर हत्या

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बहरामपुर में एक स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता की गोली मारकर हत्या के बाद तनाव फैल गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान प्रदीप दत्ता के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार दत्ता जब सुबह की सैर पर निकले थे, तभी अज्ञात हमलावरों ने उन पर गोलियां चलाई। हमलावरों ने दत्ता पर नजदीक से सात गोलियां चलाई। गोली चलने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग अपने घर से बाहर निकल।

### आसिफ ने आशीष बनकर हिंदू लड़की को फंसाया, केस दर्ज

**सहारनपुर।** जनपद के नकुड़ थाना क्षेत्र में बुधवार को लव जिहाद का मामला सामने आया है। युवती का आरोप है कि आसिफ नाम के युवक ने अपना नाम और धर्म छिपाकर आशीष बनकर पहले उसे प्रेमजाल में फंसाया। इसके बाद जबरन धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डाला। पुलिस तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। पीड़ित युवती ने आसिफ उर्फ आशीष नाम के युवक के खिलाफ तहरीर दी। उसने बताया कि नकुड़ कस्बे के मोहल्ला जोगियान का रहने वाला आसिफ से आठ माह पहले सम्पर्क हुआ था। इस दौरान आसिफ ने उसे धोखे से अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। इस दौरान उसने उसकी अपने साथ कई आपत्तिजनक वीडियो और फोटो खींच ली। जब युवती को उसके असली नाम का पता चला, तो उसने तुरंत उससे संबंध खत्म कर लिया।

## मखाने की खेती को बढ़ावा देने के लिए यूपी ने शुरु की नई योजना

समृद्धि न्यूज



18 जिलों के किसानों को मिलेगा 40 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर अनुदान

**लखनऊ ।** योगी सरकार ने मखाने की खेती को बढ़ावा देने के लिए एक नई योजना शुरू की है, जिसके तहत किसानों को प्रति हेक्टेयर 40 हजार का अनुदान दिया जायेगा। योजना का प्रदेश के 18 जिलों में शुरूआत की गई है।

उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने यह जानकारी दी है कि मखाना खेती की विभाग द्वारा अनुमन्य इकाई की लागत 80 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर है, जिसमें सरकार 50 प्रतिशत यानी 40 हजार का अनुदान देगी। किसानों को जिला उद्यान अधिकारी के पास पंजीकरण कराना होगा। चिन्हित जिले में 10 हेक्टेयर मखाना उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है, जिससे प्रदेश में कुल 180 हेक्टेयर में मखाने की खेती होगी। लखनऊ, सीतापुर, सुल्तानपुर, प्रयागराज, प्रतापगढ़, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, बस्ती, संतकबीर नगर, सिद्धार्थ नगर, बलिया, कुशीनगर, महाराजगंज, मिर्जापुर, बरेली, अयोध्या और गोरखपुर जिलों में इस योजना को लागू किया जा रहा है। इन जिलों में मखाने की खेती के लिए उपयुक्त जलवायु और संसाधन उपलब्ध हैं, जहां तालाबों और निचले क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति मखाना उत्पादन के लिए अनुकूल है।

### ज्ञानवापी के मूल वाद में हुई सुनवाई, 19 को प्रतिवादी रखेंगे पक्ष

**वाराणसी।** ज्ञानवापी के मूल 32 साल पुराने मामले में बुधवार को सिविल जज सीनियर डिविजन फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई हुई। ज्ञानवापी से जुड़े वर्ष 1991 के लार्ड विश्वेश्वर वाद में वादी पक्ष ने न्यायालय में अपना पक्ष रखा। इसमें वाद मित्र विजय शंकर रस्तोगी की ओर से जवाबी दलील दी गई। इससे पहले की तिथियों में हुई सुनवाई में वक्फ बोर्ड के अधिवक्ता तथा अंजुमन इंतजामिया कमेटी और वादमित्र की ओर से बहस की जा चुकी है। न्यायालय ने इस मामले में सुनवाई की अगली तिथी 19 अक्टूबर नीयत की है। इस दिन अंजुमन इंतजामिया कमेटी के अधिवक्ता पक्ष रखेंगे। इसके बाद अदालत जवाबी दलील के बाद पत्रावली आदेश के लिए सुरक्षित कर सकती है। वर्ष 1991 के लार्ड विश्वेश्वर वाद में वादी हिन्दू पक्ष ने ज्ञानवापी के सेंट्रल डोम के नीचे शिवलिंग होने का दावा किया था।

## उमर अब्दुल्ला ने ली केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के सीएम पद की शपथ

एजेंसी



**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने अनुच्छेद 370 के निरस्त होने और केंद्रशासित प्रदेश बनने के बाद जम्मू-कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री के रूप में बुधवार को शपथ ली। श्री अब्दुल्ला इससे पहले 2009 और 2014 की अवधि में जम्मू-कश्मीर राज्य के मुख्यमंत्री रहे।

उन्होंने 1998 से 2009 तक दो बार लोकसभा में श्रीनगर का प्रतिनिधित्व किया। वह सबसे कम उम्र के लोकसभा सदस्य थे और पांच जनवरी-2009 को कांग्रेस पार्टी के साथ गठबंधन सरकार बनाने के बाद जम्मू-कश्मीर राज्य के सबसे कम उम्र के मुख्यमंत्री बने। उन्होंने वर्ष 2014 से 2018 तक पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य में विपक्ष के नेता के रूप में कार्य किया।

उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार में 23 जुलाई-2001 से 23 दिसंबर-2002 तक केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री के रूप में भी सेवाएं दी। बाद में उन्होंने पार्टी के काम पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अक्टूबर-2002 में राजग सरकार से इस्तीफा दे दिया। अनुच्छेद 370 को निरस्त किये जाने और जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित किये जाने के बाद अन्य नेताओं के साथ श्री अब्दुल्ला को हिरासत में लिया गया।

### 27 अक्टूबर को होने वाली पीसीएस की परीक्षा स्थगित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग ने आगामी पीसीएस परीक्षा को स्थगित कर दिया है। यह परीक्षा 27 अक्टूबर को होनी थी। अब परीक्षा के लिए दिसंबर माह के मध्य में नई तारीखों पर ऐलान किया जाएगा। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि परीक्षा कैलेण्डर 03 जून 2024 के अनुसार 27 अक्टूबर, 2024 को आयोजित होने वाली सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा0) परीक्षा-2024 स्थगित की जाती है। अब यह परीक्षा आगामी दिसम्बर माह के मध्य तक आयोजित किया जाना सम्भावित है। शासनादेश के अनुपालन में जनपदों से मानक के अनुरूप परीक्षा केन्द्र प्राप्त होने पर परीक्षा के आयोजन की तिथि व कार्यकम के संबंध में अभ्यर्थियों को शीघ्र ही अवगत करा दिया जाएगा।

## युवा पीढ़ी को राष्ट्र की परंपराओं से जोड़ने में नृत्य की भूमिका अहम

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** संगीत नाटक अकादमी ने भारतीय नृत्य पर बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय महोत्सव आयोजित किया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महोत्सव के लिए एक विशेष संदेश साझा किया और भारतीय संस्कृति में नृत्य के महत्व रेखांकित करते हुए कहा यह युवा पीढ़ी को राष्ट्र की परंपराओं से जोड़ने में अहम भूमिका निभाता है।

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आज राजधानी में छह दिवसीय महोत्सव का उद्घाटन किया। यह मंत्रालय का भारतीय नृत्य पर पहला अंतरराष्ट्रीय महोत्सव है, जिसका उद्देश्य भारतीय नृत्य शैलियों की विविधता और समृद्धि का जश्न मनाया तथा उनका अन्वेषण करना है। उन्होंने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य कला में स्थायी करियर पर चर्चा को बढ़ावा देना और भारतीय नृत्य के लिए संस्थागत समर्थन को प्रोत्साहित करना है, जिससे सहयोग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का मंच बने। श्री मोदी ने संगीत नाटक अकादमी एवं संस्कृति मंत्रालय का आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह हमारे लिए एक ऐतिहासिक क्षण और एक यादगार अवसर है।

उपहार

### मुख्यमंत्री योगी ने विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस कन्वेंशन सेंटर के निर्माण को दी मंजूरी

## राजधानी को मिलेगा इंटरनेशनल एग्जीबिशन कम कन्वेंशन सेंटर

वृंदावन योजना में 32 एकड़ के विशाल परिसर में होगा एग्जीबिशन सेंटर, 10 हजार की होगी क्षमता

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की राजधानी में विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त इंटरनेशनल एग्जीबिशन कम कन्वेंशन सेंटर के निर्माण के लिए सैद्धांतिक सहमति दे दी है।

शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बुधवार को बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित इंटरनेशनल कन्वेंशन कम एग्जीबिशन सेंटर के स्वरूप, निर्माण प्रक्रिया, लागत आदि विषयों पर विमर्श किया और कहा कि राजधानी लखनऊ में राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक सर्वसुविधायुक्त, विश्वस्तरीय हाईटेक कन्वेंशन- सह-एग्जीबिशन सेंटर की आवश्यकता है। कन्वेंशन सेंटर का निर्माण आवास विकास और एलडीए के संयुक्त तत्वावधान में किया जाना चाहिए। राज्य सरकार भी इसमें वित्तीय सहयोग करेगी। निर्माण कार्य के लिए मुख्यमंत्री ने दो वर्ष की अवधि तय की है। उन्होंने कहा कि कन्वेंशन सेंटर को बहुउपयोगी बनाया जाना चाहिए। कन्वेंशन सेंटर ऐसा हो जहां बड़े सांस्कृतिक, राजनीतिक, राजकीय, धार्मिक समारोह गीत-संगीत के कंसर्ट पूरी भव्यता और गरिमा के साथ आयोजित हो सकें। एग्जीबिशन सेंटर सभी प्रकार के मेलों व प्रदर्शनियों की मेजबानी करने में सक्षम हो, यहां ओपन थियेटर भी हो, समीप ही होटल इंडस्ट्री के लिए भूमि आरक्षित रखी जाए।

### भारतीय संस्कृति का प्रतिबिंब होगी भवन की वास्तुकला

मुख्यमंत्री ने कहा कि भवन की वास्तुकला में भारतीय संस्कृति का प्रतिबिंब हो, साथ ही जल और ऊर्जा संरक्षण का उदाहरण प्रस्तुत करने वाला हो। उन्होंने कहा कि कन्वेंशन सेंटर में उत्तर प्रदेश के ओडीओपी उत्पाद, हमारे विशिष्ट खान-पान, लोककला, लोकसंगीत का सतत प्रदर्शन भी किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कन्वेंशन सेंटर में छोटे, बड़े और भारी वाहनों की बेहतर पार्किंग, फायर सेफ्टी, प्रसाधन और फ़ूड कोर्ट आदि की व्यवस्था रखने के भी निर्देश दिए। हाल ही में सम्पन्न यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजनों में लाखों की संख्या में लोगों का आगमन होता है। कन्वेंशन सेंटर के प्रस्तावित स्वरूप पर जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि वृंदावन योजना में जहां वर्ष 2020 में डिफेंस एक्सपो का आयोजन हुआ था, वहां 32 एकड़ की भूमि उपलब्ध है, जिस पर इसका निर्माण कराया जा सकता है। यहां चारों ओर से अच्छी कनेक्टिविटी है। लगभग 10 हजार लोगों की क्षमता वाले इस कन्वेंशन सेंटर में अलग-अलग ऑडिटोरियम होंगे। बैठक कक्ष, वीआईपी लाउंज की भी व्यवस्था है।

# पराली को जलाएं नहीं, करें इसका बेहतर उपयोग

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**




- सीडीओ बोले- कंपोस्ट खाद बनाएं, पैदावार के साथ उर्वरा शक्ति में होगा इजाफा
- सीडीओ ने किसानों को पराली न जलाने का दिलाया संकल्प
- किसानों के हितों को संरक्षित करने के लिए संकल्पित होकर काम कर रहा प्रशासन : सीडीओ

किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से बुधवार को सीडीओ अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में किसान दिवस का आयोजित हुआ। इस दौरान किसानों ने अधिकारियों के सामने समस्याएं रखीं। सीडीओ ने अफसरों को किसानों की समस्याओं का समय से व गुणवत्तापरक निस्तारण कराने का निर्देश देते हुए मौजूद किसानों को पराली ना जलाए जाने का संकल्प दिलाया।

सीडीओ ने कहा कि किसानों की समस्याओं का निदान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों के हितों को संरक्षित करने के लिए शासन-प्रशासन करते संकल्पित होकर काम कर रहा। इसके लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानपरक योजनाओं के जरिए उन्हें समृद्ध बनाने के लिए नित नए कदम उठा रही है। शासन पराली जलाने की घटनाओं को लेकर काफी गंभीर है। कई किसान भाई जानकारी के अभाव में फसल अवशेष जैसे धान की पराली, गन्ने की पत्ती आदि जला देते है, इससे फसल अवशेषों को जलाने से वातावरण पर दुष्प्रभाव पड़ने के साथ अन्य कई प्रकार की हानियां हो रही है। उन्होंने मौजूद किसानों की न केवल समस्याएं सुनी बल्कि निराकरण के संबंध में मौजूद अफसरों को निर्देश दिए।

अधिकारी अपने स्तर से किसानों की जिन समस्याओं का समाधान न कर सके, उसके बारे में अवगत कराएं ताकि उनका समाधान उचित फोरम पर कराया जा सके। किसान दिवस किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए एक बेहतर मंच प्रदान करता है। इस दिवस पर किसान अपनी समस्याओं को न केवल निस्तारण करा सकते हैं बल्कि विशेषज्ञों से अपनी सभी जिज्ञासाओं को भी शांत कर सकते हैं। उप निदेशक (कृषि) अरविंद मोहन मिश्र ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए किसानों को फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान के लिए जागरूक किया। किसानों की भूमि की उर्वराशक्ति और पराली जलाने से होने वाले नुकसान से बचा जा सके। पराली जलाने पर कार्यवाही का प्रावधान भी है। उपस्थित अधिकारियों द्वारा विभाग से सम्बंधित योजनाओं एवम तकनीकी जानकारी भी किसानों को दी गयी। जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि जिले के सभी राजकीय बीज भंडारों पर दलहनी फसलों जैसे : चना, मटर, मसूर, तिलहनी फसल राई/सरसों के अनुदानित बीज उपलब्ध हैं। जिले में यूरिया, फास्फेटिक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। किसानों को सलाह दी कि किसान भाई, तिलहनों की फसल में सिंगल सुपर फास्फेट या एनपीके 20:20:3:13 का प्रयोग करें। इससे सल्फर की पूर्ति होगी और उत्पादन भी बढ़ेगा। इसी प्रकार दलहनी फसलों में सिंगल सुपर फास्फेट या एनपीके 20:20:3:13 या एनपीके 12:32:16 का प्रयोग करे। बैठक में जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी, भूमि संरक्षण अधिकारी, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक डा. पीके बिसेन, उद्यान, गन्ना, रेशम, कृषि रक्षा, नलकूप लघु सिंचाई, सहकारिता से जुड़े जिम्मेदार अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहें।

### पराली को जलाने के बजाय इसका इस्तेमाल जमीन की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने में करें : सीडीओ

सीडीओ अभिषेक कुमार ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि फसल कटाई के बाद खेत में बचे अवशेष (पराली) को जलाने से न सिर्फ जमीन की उर्वरा शक्ति घटती है बल्कि वातावरण पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। अवशेष को जलाने के बजाय इसका इस्तेमाल जमीन की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने में किया जा सकता है। इसके दोहरे फायदे हैं, एक तो पर्यावरण की रक्षा होगी साथ ही उपज बढ़ने से किसान की आय में भी इजाफा होगा। सीडीओ ने किसानों से अपील की पराली-फसल अवशेषों को जलाए नहीं, बल्कि उसे इन सीटू यन्त्रों (मल्चर, रोटावेटर, रिवर्सेबल एम.वी. प्लाऊ) आदि से जुताई कर खेतों में मिलाकर कम्पोस्ट खाद बनाएं, इससे भूमि की उर्वरा शक्ति में वृद्धि होगी। फसल का उत्पादन भी बढ़ेगा। किसानों को सुझाव दिया कि खेती के साथ-साथ फसल अवशेष व पराली प्रबन्धन में वैज्ञानिक विधि व अत्याधुनिक कृषि यन्त्रों का प्रयोग कर अपनी आय में इज़ाफे के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में सहयोग कर पृथ्वी के वातावरण को जीवन योग्य बनाए रखने में मदद करें।

# दशहरा मेला के पहले दिन रामायण संगोष्ठी की शुरुआत डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलश पूजन करके की

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**




सांस्कृतिक आयोजन की शुरुआत दशहरा मेला में धूमधाम के साथ हुई पहला दिन हर बार की तरह इस बार भी आध्यात्मिक माहौल का रहा। जब रामायण संगोष्ठी की शुरुआत जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलश पूजन करके की। इसके बाद सतीश कुमार के संयोजन में स्थानीय विद्वानों ने श्री रामचरितमानस के साथ-साथ प्रभु श्री राम के आदर्शों पर भी रोशनी डाली।

रामलीला मंच पर रामायण संगोष्ठी के पहले दिन नवल किशोर शास्त्री ने श्री रामचरित मानस के पठन-पाठन पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि समाज में यदि सनातन समाज का विघटन रोकना है तो हमें श्रीराम चरितमानस का अनुसरण करना होगा। वर्तमान समय में समय मेंसनातन समाज इसलिए विघटित हो रहा है कि हम रामचरितमानस के आदर्शों से दूर हुए हैं। गोस्वामी तुलसीदास का यह ग्रन्थ हमारी संस्कृति के लिए वरदान है। पंडित प्रदीप महाराज ने प्रभु श्री राम के आदर्शों की बात की। राम वन गमन का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम ने जिस के लिए जन्म लिया था, वह निशिचर हीन करहुं महि ,यानी राक्षसों का संहार अवश्य था परंतु उसके माध्यम से जो उदाहरण जो आदर्श समाज में स्थापित किया है, ऐसा अनुपम उदाहरण सिर्फ सनातन समाज में दिखता है। शिवकुमार शास्त्री ने भजन भी प्रस्तुत किया इस दौरान तबले पर हिमांशु, कीबोर्ड पर आशीष और पैड पर ज्वाय ने भी संगत दी। केवट प्रसंग के अलावा रामचरितमानस में शबरी प्रसंग पर भी रोशनी डालते हुए कुलदीप तिवारी ने बताया कि नवधा भक्ति के माध्यम से भगवान कहते हैं की प्रथम भगति संतन कर संगा, दूसरि रत मम कथा प्रसंगा...अर्थात सबसे पहली भक्ति संतों का साथ है जब तक संतों का संग नहीं होगा, तब तक विवेक जागृत नहीं होगा और भगवान की भक्ति नहीं मिलेगी।

इस दौरान एसडीएम सदर अश्विनी कुमार, ईओ नगर पालिका संजय कुमार, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डा.इरा श्रीवास्तव, अवर अभियंता अमरदीप मौर्य, देवाशीष मुखर्जी, प्रहलाद सिंह समेत सैकड़ो की संख्या में पंडाल में लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### धौरहरा क्षेत्र में औषधि निरीक्षक का औचक निरीक्षण निरीक्षण में मिली खामियां लगाई फटकार

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** धौरहरा क्षेत्र में जिले की औषधि निरीक्षक ने औचक निरीक्षण करते हुए कई मेडिकल स्टोरों से सन्देह स्पद दवाओं के नमूने भरने के साथ साथ मेडिकल स्वामियों से खरीद,बिक्री के बिल आदि देखे गए। इस दौरान क्षेत्र के मेडिकल संचालकों में खलबली मची रही। बुधवार के दिन जिला औषधि निरीक्षक बबिता रानी ने धौरहरा क्षेत्र के पढुआ सहित अन्य स्थानों पर औचक निरीक्षण कर लिया।




निरीक्षण के दौरान पढुआ के सिद्दीकी मेडिकल स्टोर में दवाईयों का रखरखाव व साफ सफाई सही तरीके से पाई गई लेकिन दवाईयों की बिक्री बिल बुक नही पाई गई जहां से दो सन्देह स्पद दवाईयों के नमूने भी भरेंगे। इसके अलावा चौरसिया मेडिकल एजेंसी से चार सन्देह स्पद दवाईयों के नमूने भी लिए गए वहीं मनोज मेडिकल स्टोर पर भी दवाईयों के रख रखाव,खरीद बिक्री के बिल आदि देखे गए। औषधि निरीक्षक बबिता रानी ने बताया कि आज दो मेडिकल स्टोरों व एक मेडिकल एजेंसी से सन्देह स्पद दवाईयों नमूने भरे गए हैं उन्हें जांच के लिए भेजा जाएगा। निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोरों में जो जो खामियां मिली हैं उनकी निरीक्षण रिपोर्ट तैयार कर सहायक औषधि आयुक्त को सौंपी जाएगी ,जहां नियमानुसार मेडिकल मेडिकल स्वामियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। साथ ही सभी को सख्त हिदायत दी गई है कोई भी अवैध तरीके से नोरकोटिक्स दवाईयों की बिक्री और अवैध मेडिकल स्टोरों का संचालन नही करेगा नही तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान ज्यादातर मेडिकल संचालकों में खलबली मची रही।

### मानसिक रूप से विक्षिप्त अज्ञात व्यक्ति का शव संसारपुर कब्रिस्तान में मिला



**संसारपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** थाना मैलानी चौकी क्षेत्र संसारपुर मे मानसिक रूप से विक्षिप्त अज्ञात व्यक्ति शव मिला। देखने वालों की भीड़ लग गई। मौके पर पहुंची संसारपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। चौकी प्रभारी संसारपुर मोहित पुंडीर ने बताया सुबह संसारपुर कब्रिस्तान में मिला एक व्यक्ति जो मानसिक रूप से विक्षिप्त व बीमार था, मृत्यु के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई। सूचना पाकर चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर मय हमराह मौके पर गये तो मृतक का शव संसारपुर कब्रिस्तान में जमीन पर रखा हुआ था। शव की जामा तलाशी ली गई परंतु कोई भी प्रपत्र जिससे उसकी शिनाख्त हो सके प्राप्त नहीं हुआ। शव के संबंध में वर्तमान ग्राम प्रधान ग्राम सभा संसारपुर द्वारा पंचायतनामे हेतु तहरीर दी गई है जिस पर पंचायतनामा की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय पीएम हाउस भेज दिया गया।

### महिला को मारपीट कर घर से निकाला

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** अतिरिक्त दहेज न मिलने पर महिला के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कस्बे के फरसौलियाना मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि गत 13 मार्च 14 को पठनऊ मोहल्ला निवासी खालिद के साथ निकाह हुआ था। जिसमें पिता द्वारा अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। लेकिन ससुराल वालों ने 3 लाख रुपए की अतिरिक्त मांग करते हुए मारपीट की। पति खालिद सास हबीवन उर्फ हब्बोए देवर आरिफ और कासिम ने मायके से 3 लाख अतिरिक्त दहेज लाने की बात कही। महिला ने मायके में यह बात बताईए तो बहन की खातिर भाइयों ने कर्ज लेकर 2 लाख रुपए दिए। इस दौरान पति दुबई चले गए और देवर बुरी नजर रखने लगे। जब पति वापस घर आये शिकायत की तो वह अपने भाइयों का पक्ष लिया और मारपीट का घर से निकाल दिया। महिला ने कोतवाली में ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया है।

# तीन युवकों पर छेड़छाड़ व हत्या के प्रयास की धाराओं में मुकदमा दर्ज

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**



खेत की बंदरों से रखवाली कर रही अधेड़ महिला को गोली मारने के मामले में पुलिस ने उसके बेटे की तहरीर पर गांव के ही 3 युवकों के खिलाफ छेड़छाड़ व हत्या के प्रयास की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तालाश में ताबड़तोड़ दबिश दे रही है। हालांकि घटना के तीसरे दिन भी पुलिस के हाथ अभी तक खाली है।

मितौली थाना क्षेत्र के एक निवासिनी 45 वर्षीय महिला रोज की तरह सोमवार को भी गांव के उत्तर नहर किनारे खंदौआ तालाब के पास बंदरों से गन्ने की फसल की रखवाली करने गई थी। इसी दौरान अचानक गांव के ही तीन युवकों शमशाद, दीपेंद्र यादव व राजीव यादव ने उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे। इस पर महिला शोर मचाने लगीं थी। यह देखकर युवकों ने तमंचे से उसके सीने में गोली मारी दी और मौके से फरार हो गए। सूचना पर एएसपी नेपाल सिंह, सीओ मितौली शमशेर बहादुर सिंह, मितौली थाना प्रभारी निरीक्षक राजू राव, नीमगांव एसओ सुनीता कुशवाहा समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा था। गंभीर घायल महिला को एम्बुलेंस से इलाज के लिए भेजा गया था। उसका लखनऊ में इलाज चल रहा है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। एसओ राजू राव ने बताया कि घायल महिला के बेटे शिशुपाल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। आरोपी जल्द ही पुलिस गिरफ्त में होंगे। वहीं घटना के बाद से ही तीनों आरोपी फरार चल रहे हैं। उनके परिजन भी घर पर नहीं है। उनके घरों के बाहर पड़ी चारपाई व कुर्सियां टूटी पड़ी है। घटना के दूसरे दिन भी सीओ शमशेर बहादुर सिंह गांव पहुंचें। उन्होंने पीड़ित महिला के परिजनों से उसके इलाज के संबंध में जानकारी जुटाई। सीओ ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद व आरोपियों की गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया है।



### प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में वॉलीबॉल टूर्नामेंट में श्री गुरु नानक देव पब्लिक स्कूल बांसी रहा विजेता

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** इंडियन पेसिफिक स्पोर्ट्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में वॉलीबॉल टूर्नामेंट में विजेता होकर श्री गुरु नानक देव पब्लिक स्कूल के छात्रों ने वॉलीबॉल प्रतियोगिता में, विजेता का परचम लहराया । लखनऊ में हो रहे खेल प्रतियोगिताओं में श्री गुरु नानक देव पब्लिक स्कूल बांसी खीरी के छात्रों ने अपना विजय पताका लहराया। जीत के बाद मुख्य अतिथि के द्वारा टीम को ट्रॉफी, मेडल, तथा टीम के कोच धर्मेंद्र कुमार को मूवमेंटो आदि देकर सम्मानित किया गया। मेडल और ट्रॉफी जीत कर छात्र जब अपने विद्यालय वापस लौटे तो उनका स्वागत बड़े गर्म जोशी के साथ पूरे विद्यालय ने किया तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या ने छात्रों को फूल मालाए पहनाकर उनका मुंह मीठा किया तथा उन्हें इसी तरह भविष्य में होने वाली अनेक प्रतियोगिताओं में भी सफल होने के लिए प्रोत्साहित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र सिंह एवं प्रबंधन समिति ने विद्यार्थियों को उनकी विजय के लिए आशीर्वाद दिया। इस मौके पर छात्र - छात्राएं एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### भाजपा ने लिया कड़ा फैसला, सीएम से विधायक की मुलाकात के बाद हुई कार्रवाई

**जिलाध्यक्ष से लेकर प्रदेश अध्यक्ष का धन्यवाद करता हूं : योगेश वर्मा**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** लखीमपुर-सुर्खियों में चल रहे अर्बन बैंक विवाद में सातवें दिन वरिष्ठ अधिवक्ता / अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ लखीमपुर अवधेश सिंह, उनकी पत्नी पूर्व अध्यक्ष अर्बन बैंक पूर्व ब्लाक प्रमुख पुष्पा सिंह संग्राम सिंह नीरज सिंह व 40 अन्य पर विधायक लखीमपुर योगेश वर्मा की तहरीर पर बीती अर्धरात्रि के करीब कोतवाली लखीमपुर में एफआईआर दर्ज कर ली गयी। यह जानकारी इंस्पेक्टर अम्बर सिंह ने दी। मुकदमा में अनधिकृत जमावड़ा, चोट पहुचाने की नीयत से हमला, बल पूर्वक हटाने का प्रयास, हिंसा, आभूषण छीन कर भागना आदि 7 आपराधिक धाराएं है। इंस्पेक्टर कोतवाली लखीमपुर एचपी यादव विवेचक बनाए गये हैं। आपको बताते चले कि शासन को लखनऊ से निर्देश मिलने के बाद एफआईआर दर्ज हुई। विधायक योगेश वर्मा 37 विधायक लेकर लखनऊ में स्पीकर सतीश महाना से मिलने के बाद शाम को सीएम से मिले। सीएम ने संगठन से बात करके अवधेश सिंह, पुष्पा सिंह, अनिल यादव, ज्योति शुक्ला को बीजेपी से निकलवा दिया।

# ब्लॉक सभागार में दो दिवसीय पेंशन सुधार कैम्प का हुआ समापन



**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक बिजुआ सभागार में सोमवार को दो दिवसीय पेंशन सुधार कैंप लगाया गया। कैम्प में सहायक विकास कृषि अधिकारी अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के ईकेवाईसी व अन्य त्रुटि के छुटे हुए किसानों के लिए यह विशेष कैंप का आयोजन किया गया था जो किसान अबतक ईकेवाईसी नहीं करायें है। जिसके कारण इनके खाता में पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ की राशि नहीं भेजी जा सकी है या खाते में एनपीसीआई नहीं हुई है। उन किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए दो दिवसीय कैम्प लगा था जिसमें दो दिनों में किसान सम्मान निधि में105 आवेदन आए,वही समाज कल्याण विभाग प्रोबेशन कार्यालय से दिव्यांग पेंशन योजनाओं में किसी त्रुटि की वजह से पेंशन नहीं मिल पा रही वह चेक करके 66 दिव्यांगो की समस्याओं निस्तारण किया गया, और वृद्धा पेंशन योजना में 435 आवेदन आए। निराश्रित महिला योजना में 342 आवेदन प्राप्त हुए जिनका निस्तारण किया गया।

# इटकुटी में लगा पशु चिकित्सा मेला, 534 पशुओं का किया परीक्षण

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



- पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला आयोजित
- विधायक प्रतिनिधि व जिला पशुचिकित्साधिकारी ने फीता काट कर किया उद्घाटन
- पशु पालकों में नि:शुल्क वितरण हो रही दवाओं के लिए लगी रही भीड़

पशुपालकों द्वारा पाले जाने वाले पशुओं की देखरेख के मामलों को लेकर सरकार कड़े कदम उठा रही है सरकार ने कई अभियानों के साथ पशु प्रेमियों को गौपालन के लिए सहयोग राशि भी प्रदान कर रही है साथ ही पशुचिकित्सा के अधिकारियों को गांव गांव जाकर इन पशु पालकों को जागरूक करा रही है इसी कड़ी में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना आरोग्य शिविरों के जरिए पशुओं में होने वाली बीमारियों के दृष्टिगत बुधवार को ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र के गांव इटकुटी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय आरोग्य पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी की मौजूदगी में इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया गया।

पशु चिकित्साधिकारी बिजुआ द्वारा दिए गए एक प्रेस नोट के जरिए बताया गया कि ब्लॉक बिजुआ के अंतर्गत ग्राम पंचायत इटकुटी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया मेले का उद्घाटन मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जगदीश प्रसाद व विधायक प्रतिनिधि अजय गिरी व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि द्वारा सामूहिक रूप से कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन किया जिसमें कुल पांच सौ चौतीस पशुओं का इलाज किया गया जिसमें कृत्रिम गर्भाधान, कृमिनाशक, गर्भ परीक्षण, पशु स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सा एवं लघुशल्य चिकित्सा शामिल रहा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ जगदीश प्रसाद के द्वारा मेले में उद्बोधन किया गया एवं अन्य पशु चिकित्सा अधिकारियों डॉ प्रदीप कुमार,डॉक्टर जितेंद्र मणि, डॉक्टर अनिरुद्ध व डॉक्टर सुभाष एवं डॉ हेमंत कुमार को सख्त निर्देश के साथ यह सूचित भी किया कि पशु आरोग्य मिले के जरिए तथा पशुपालकों से गांव-गांव जाकर पशुओं में होने वाली बीमारियों का भली भांति परीक्षण करते हुए पशुपालकों के पशुओं का समुचित इलाज करें जिससे पशु प्रेमियों में पशुओं को पालने की उत्सुकता अधिक हो इस मेले में विधायक प्रतिनिधि अजय गिरी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कुलभूषण राज सहित कई पशु चिकित्सा अधिकारी व इटकुटी ग्राम प्रधान व फार्मासिस्ट सहित पैरावेट दिनेश कुमार कश्यप,दिलीप कुमार, कैलाश, सुनील वर्मा, विशाल, सत्य प्रकाश, रामदरस सहित तमाम पशु विभाग के कर्मचारी अधिकारी मौजूद है।

# आलू की अगेती फसल की बुवाई अक्टूबर माह है उचित समय : हर्जेश सिंह

**आलू बुवाई के लिए कुफरी पुखराज, कुफरी किस्म अच्छा**

**अक्टूबर के प्रथम सप्ताह से अक्टूबर तृतीय सप्ताह तक करें बुवाई**

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**



**आलू तापक्रम के प्रति स**चेतन प्रकृति वाला पौधा है। 20 डिग्री से 30 डिग्री सेंटीग्रेड दिन का तापमान आलू की वनस्पति वृद्धि और 15 से 20 सेंटीग्रेड आलू की कंदों की बढ़वार के लिए उपयुक्त होता है। अगेती फसल की बुवाई अक्टूबर के प्रथम सप्ताह से अक्टूबर तृतीय सप्ताह तक किसान भाइयों को कर देनी चाहिए। जिससे किसानों को अच्छा उत्पादन प्राप्त होगा।

राजकीय कृषि रक्षा इकाई मितौली के बी टी एम हर्जेश सिंह एवं ए डी ओ एजी नैमिष कुमार यादव ने एक किसान गोश्ठी में किसानों को आलू की अगेती फसल की बुआई के लिए सलाह देते हुए बताया कि कुफरी पुखराज, कुफरी ख्याति किस्म बहुत ही ज्यादा अच्छी मानी जाती है। और आलू की खेती रवी के मौसम में की जाती है । समान रूप से अच्छी खेती के लिए फसल अवध के दौरान दिन का ताप क्रम 25 से 30 डिग्री सेल्सियस तथा रात का तापमान 8 से 18 डिग्री सेल्सियस होना चाहिए। अमित बाजपेई ने यह भी बताया की फसल में कंद बनते समय लगभग 18 से 20 डिग्री सेल्सियस तापमान सर्वोत्तम होता है। कंद बनने के लिए पहले कुछ अधिक तापक्रम रहने पर फसल की वनस्पति वृद्धि होती है । लेकिन कंद बनने के समय अधिक कार्यक्रम होने पर रुक जाती है। लगभग 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक का तापक्रम होने पर आलू की फसल में कंद बनना बिल्कुल बंद हो जाता है। जिन किसान भाइयों को मुख्य फसल की बुवाई करनी है वह भी अपनी तैयारी मध्य अक्टूबर से आलू की बुवाई प्रारंभ कर देनी चाहिए । सिंह ने यह भी बताया कि आलू के मुख्य फसल हेतु कुफरी बादशाह,कुफरी बिहार, कुफरी आनंद, कुफरी सिंदूरी, कुफरी सतलज, कुफरी लालिमा, कुफरी अरुण एवं कुफरी पुखराज अच्छी प्रजातियां हैं। और इनका प्रति हेक्टेयर उत्पादन 350 से 450 कुंतल प्रति हेक्टेयर हो जाता है जो किसान भाई प्रसंस्करण योग्य प्रजातियों की बुआई करना चाहते हैं । उनके लिए चिप्सोना एक, चिप्सोना तीन, चिप्सोना चार और कुफरी सूर्या अच्छी किस्मे हैं। इनकी उपज 250 से 300 कुंतल प्रति हेक्टेयर होती है आलू उत्पादन हेतु प्रमुख रूप से खाद्य उर्वरक का अधिक महत्व होता है सामान्य तौर पर 100 से 120 किलोग्राम नत्रजन 80 से 100 किलोग्राम फास्फोरस तथा 60 से 80 किलोग्राम पोटाश की संस्कृत की जाती है मृदा विश्लेषण के आधार पर यह मात्रा घट बढ़ सकती है अगेती फसल की बुवाई हेतु अच्छी सड़ी हुई गोबर की खाद एवं उर्वरक का प्रयोग करना चाहिए जिससे उत्पादन अच्छा होगा उन्होंने यह भी बताया कि किसान भाइयों को यह ध्यान रखना चाहिए कि जब अगेती फसल की बुवाई कर रहे हो तो दीमक के बचाव से पूर्व में ही तैयारी कर लेना चाहिए इसके लिए व्यूवेरिया वैसियाना 2%WP नामक जैव कीटनाशक को 1 लीटर पानी में एक एमएल दवा का प्रयोग करते हुए आलू के कंदों को बुवाई से पहले उपचारित कर लें जिससे आलू में दीमक का प्रकोप नहीं होगा। तथा समय से बुवाई करने पर आलू की अगेती फसल में झुलसा का प्रयोग कम होता है। वही फहसल में फफूंदी के बचाव के लिऐ ट्राइकोडर्मा नामक जैव का प्रयोग करें।

# मिठास मेले में अजवापुर मिल को मिला लगातार चौथी बार प्रथम पुरस्कार

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश गन्ना शोध संस्थान परिसर शाहजहांपुर में बुधवार को एक दिवसीय शरदकालीन मिठास मेला एवं कृषक विचार संगोष्ठी का आयोजन हुआ। मेले का सुभारम्भ प्रमुख सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग वीना कुमारी व गन्ना आयुक्त पी एन सिंह ने किया। मेले में कई जिलों के गन्ना किसान पहुंचे। इस मिठास मेले में प्रमुख सचिव ने कहा कि उन्नत प्रजाति का गन्ना किसानों के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने बताया की मेला लगाने का उद्देश्य यह है कि गन्ने का उत्पादन बढ़ाया जाए। रोगमुक्त, उन्नत गन्ना मिलेगा तो चीनी मिलों को भी फायदा होगा और किसान भी लाभान्वित होंगे। संस्थान परिसर में हरदोई, सीतापुर, शाहजहांपुर, लखीमपुर सहित तमाम जिलों के चीनी मिलो द्वारा विभिन्न प्रदर्शनी स्टाल लगाए गये। प्रमुख सचिव व गन्ना आयुक्त महोदय ने मेले में लगी विभिन्न शोध प्रदर्शनी, चीनी मिल स्टॉल एवं कीटनाशक स्टॉल आदि का अवलोकन किया। प्रमुख सचिव वीना कुमारी, गन्ना आयुक्त पी एन सिंह, संस्थान निदेशक/अपर गन्ना आयुक्त वी के शुक्ल ने स्टाल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अजबापुर मिल को दिया जिसे समूह के अधिशाषी अधिकारी आर एल टामक व मुख्य संचालन अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी ने ग्रहण किया। विदित हो की अजबापुर मिल को लगातार चौथी बार प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। पुरस्कार प्राप्त होने पर प्रगतिशील किसान नबाब कलबे हसन, शेर सिंह राठौर, उपेन्द्र सिंह, मुकुल मिश्रा आदि ने खुशी व्यक्त की है।इस मौके पर उप गन्ना आयुक्त राजेश धर द्विवेदी, तमाम जिलों के जिला गन्ना अधिकारी व अजबापुर, लोनी व हरियावा चीनी मिलो के इकाई प्रमुख व गन्ना विभाग के प्रमुख उपस्थिति रहे।

# त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2024

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 08:25 | पटना जं | 20:00 | सप्ताह में तीन दिन | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 30.10.24 से 06.11.24 |
| 02251 | पटना जं | 07:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | गुरूवार, शनिवार, सोमवार | 31.10.24 से 07.11.24 |
| 02270 | लखनऊ (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 6 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 25.10.24 से 08.11.24 |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ | 06:30 | | मंगलवार को छोड़कर | 25.10.24 से 08.11.24 |
| 02248 | नई दिल्ली (तेजस त्यौहार विशेष) | 08:25 | पटना जं | 20:30 | सप्ताह में तीन दिन | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 29.10.24 से 05.11.24 |
| 02247 | पटना जं | 07:30 | नई दिल्ली | 19:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 30.10.24 से 06.11.24 |
| 04052 | नई दिल्ली | 14:20 | जयनगर | 15:40 | तिथि वार | शनि, मंगल, शुक्र, सोम | 26, 29.10.24, 01 एवं 04.11.24 |
| 04051 | जयनगर | 18:00 | नई दिल्ली | 18:50 | | रवि, बुध, शनि, मंगल | 27, 30.10.24, 02 एवं 05.11.24 |
| 04054 | नई दिल्ली | 14:20 | बरौनी जं | 11:00 | तिथि वार | रवि, बुध, शनि, मंगल | 27, 30.10.24, 02 एवं 05.11.24 |
| 04053 | बरौनी जं | 12:30 | नई दिल्ली | 09:10 | | सोम, गुरू, रवि, बुध | 28, 31.10.24, 03 एवं 06.11.24 |
| 02250 | दिल्ली जं | 23:55 | पटना जं | 16:40 | साप्ताहिक | गुरूवार | 24.10.24 & 31.10.24 |
| 02249 | पटना जं | 17:50 | दिल्ली जं | 11:00 | | शुक्रवार | 25.10.24 & 01.11.24 |
| 04075 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 17.11.24 तक |
| 04076 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | गुरूवार, सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04498 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:30 | बलिया | 13:30 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04497 | बलिया | 18:40 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:25 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 04022 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:40 | सीतामढ़ी | 15:45 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 04021 | सीतामढ़ी | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:05 | | गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04032 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:15 | सहरसा जं | 10:30 | सप्ताह में पांच दिन | सोम, मंगल, गुरू, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
| 04031 | सहरसा जं | 13:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:10 | | सोम, मंगल, बुध, शुक्र, रवि | 01.12.24 तक |
| 04624 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 23:45 | वाराणसी जं | 23:55 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04623 | वाराणसी जं | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04080 | दिल्ली जं | 19:30 | वाराणसी जं | 09:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, गुरूवार, शनिवार | 24.10.24 से 16.11.24 |
| 04079 | वाराणसी जं | 18:25 | दिल्ली जं | 08:50 | | मंगलवार, शुक्रवार, रविवार | 25.10.24 से 17.11.24 |
| 04530 | बठिण्डा जं | 20:50 | वाराणसी जं | 17:30 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04529 | वाराणसी जं | 20:40 | बठिण्डा जं | 17:00 | | मंगलवार, शनिवार | 26.10.24 से 16.11.24 |
| 04096 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 18.11.24 तक |
| 04095 | अयोध्या कैंट | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 22:30 | | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 19.11.24 तक |
| 04518 | चण्डीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | साप्ताहिक | गुरूवार | 24.10.24 से 14.11.24 |
| 04519 | गोरखपुर | 22:05 | चण्डीगढ़ | 14:10 | | शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04060 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:30 | जयनगर | 15:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04059 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:55 | | बुधवार, शनिवार | 26.10.24 से 16.11.24 |
| 04068 | दिल्ली जं | 19:30 | दरभंगा जं | 16:30 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04067 | दरभंगा जं | 18:00 | दिल्ली जं | 16:35 | | बुधवार, शनिवार | 26.10.24 से 16.11.24 |
| 04044 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | गोरखपुर | 14:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 26.10.24 से 26.11.24 |
| 04043 | गोरखपुर | 17:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:40 | | रविवार, बुधवार | 27.10.24 से 27.11.24 |
| 04217 | वाराणसी जं | 06:25 | लखनऊ जं | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 22.11.24 तक |
| 04218 | लखनऊ जं | 16:30 | वाराणसी जं | 21:50 | | | 22.11.24 तक |
| 04010 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 29.10.24 से 12.11.24 |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:05 | | गुरूवार | 31.10.24 से 14.11.24 |
| 04678 | फिरोजपुर कैंट जं | 13:25 | पटना जं | 17:00 | साप्ताहिक | बुधवार, | 13.11.24 तक |
| 04677 | पटना जं | 18:45 | फिरोजपुर कैंट जं | 22:40 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04211 | वाराणसी जं | 14:50 | चण्डीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 26.10.24 से 16.11.24 |
| 04212 | चण्डीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जं | 01:20 | | रविवार | 27.10.24 से 17.11.24 |
| 04553 | सहारनपुर | 04:40 | अम्बाला कैंट जं | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
| 04554 | अम्बाला कैंट जं | 20:20 | सहारनपुर | 22:30 | | | 30.11.24 तक |
| 04682 | जम्मू तवी | 23:20 | कोलकाता | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 14.11.24 तक |
| 04681 | कोलकाता | 23:45 | जम्मू तवी | 12:30 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04078 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:55 | पटना जं | 16:25 | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04077 | पटना जं | 17:50 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:00 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04646 | जम्मू तवी | 05:45 | बरौनी जं | 12:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04645 | बरौनी जं | 15:15 | जम्मू तवी | 22:30 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04038 | दिल्ली जं | 19:10 | आजमगढ़ | 11:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.10.24 से 17.11.24 |
| 04037 | आजमगढ़ | 13:30 | दिल्ली जं | 06:10 | | सोमवार | 28.10.24 से 18.11.24 |
| 04312 | हरिद्वार जं | 12:30 | हावड़ा जं | 17:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04311 | हावड़ा जं | 19:00 | हरिद्वार जं | 23:30 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04314 | हरिद्वार जं | 12:30 | मुज़फ्फरपुर जं | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04313 | मुज़फ्फरपुर जं | 09:00 | हरिद्वार जं | 05:30 | | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04058 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | मुज़फ्फरपुर जं | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, गुरूवार | 24.10.24 से 14.11.24 |
| 04057 | मुज़फ्फरपुर जं | 23:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | | मंगलवार, शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04062 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | बरौनी जं | 06:30 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04061 | बरौनी जं | 08:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:10 | | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 02246 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:55 | पटना जं | 16:40 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 02245 | पटना जं | 17:50 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 10:50 | | मंगलवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04526 | सरहिंद जं | 11:25 | सहरसा जं | 17:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04525 | सहरसा जं | 19:15 | अम्बाला कैंट जं | 22:20 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04006 | दिल्ली जं | 23:05 | जयनगर | 23:45 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 26.11.24 तक |
| 04005 | जयनगर | 01:30 | दिल्ली जं | 01:30 | | गुरूवार, रविवार | 28.11.24 तक |
| 04048 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:20 | कठिहार जं | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 26.11.24 तक |
| 04047 | कठिहार जं | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:50 | | बुधवार, शनिवार | 27.11.24 तक |
| 04070 | नई दिल्ली | 00:20 | राजगीर | 21:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 30.11.24 तक |
| 04069 | राजगीर | 22:50 | नई दिल्ली | 23:10 | | रविवार, बुधवार | 30.11.24 तक |
| 02262 | नई दिल्ली | 00:20 | दरभंगा | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 27.11.24 तक |
| 02261 | दरभंगा जं | 23:20 | नई दिल्ली | 20:15 | | बुधवार, रविवार | 27.11.24 तक |
| 04223 | टाटानगर जं | 11:00 | लखनऊ जं | 04:55 | तिथि वार | गुरूवार | 17.10.24 |
| 04226 | लखनऊ जं | 15:40 | टाटानगर जं | 09:10 | तिथि वार | रविवार | 20.10.24 |
| 04225 | टाटानगर जं | 11:00 | लखनऊ जं | 04:55 | | सोमवार | 21.10.24 |

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से होकर गुजरने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03575 | आसनसोल जं | 10:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 03576 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:15 | आसनसोल जं | 10:20 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:10 | साप्ताहिक | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 03436 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 03255 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 03256 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जं | 17:20 | | सोमवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02391 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 15.11.24 तक |
| 02392 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जं | 17:20 | | रविवार | 10.11.24 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 03258 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं | 13:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 06:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 05220 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:00 | मुजफ्फरपुर जं | 00:45 | | | 01.01.25 तक |
| 05109 | छपरा | 17:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05110 | आनंद विहार टर्मिनल | 12:55 | छपरा | 06:45 | | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05023 | गोरखपुर | 21:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:15 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 05024 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:15 | गोरखपुर | 04:45 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 05301 | मऊ जं | 04:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 20:30 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05302 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:25 | मऊ जं | 17:45 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05005 | गोरखपुर | 14:40 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05006 | अमृतसर जं | 12:45 | गोरखपुर | 08:50 | | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05049 | छपरा | 09:55 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05050 | अमृतसर जं | 12:45 | छपरा | 14:00 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 02525 | कामाख्या | 22:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 02526 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:20 | कामाख्या | 03:40 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05671 | गुवाहाटी | 15:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05672 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | गुवाहाटी | 14:15 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05734 | कटिहार जं | 11:40 | अमृतसर जं | 00:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05733 | अमृतसर जं | 04:25 | कटिहार जं | 15:00 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03413 | मालदा टाउन | 07:10 | नई दिल्ली | 07:30 | सप्ताह में दो दिन | गुरूवार, रविवार | 28.11.24 तक |
| 03414 | नई दिल्ली | 10:30 | मालदा टाउन | 07:55 | | शुक्रवार, सोमवार | 29.11.24 तक |
| 03483 | भागलपुर | 11:00 | नई दिल्ली | 07:10 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 30.11.24 तक |
| 03484 | नई दिल्ली | 10:30 | भागलपुर | 04:10 | | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05565 | सहरसा जं | 19:30 | सरहिंद जं | 00:05 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 से 26.12.24 |
| 05566 | सरहिंद जं | 02:00 | सहरसा जं | 09:45 | | शनिवार | 16.11.24 से 28.12.24 |
| 03107 | सियालदह | 00:10 | लखनऊ जं | 00:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03108 | लखनऊ जं | 01:40 | सियालदह | 23:50 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 09657 | दौराई (वाया बाराबंकी जं) | 15:00 | बढ़नी | 13:25 | साप्ताहिक | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 09658 | बढ़नी (वाया बाराबंकी जं) | 19:15 | दौराई (वाया बाराबंकी जं) | 19:20 | | रविवार | 17.11.24 तक |
| 03423 | भागलपुर | 13:55 | हरिद्वार जं | 17:55 | साप्ताहिक | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 03424 | हरिद्वार जं | 19:55 | भागलपुर | 21:20 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 05736 | कटिहार जं | 21:00 | अमृतसर जं | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05735 | अमृतसर जं | 13:25 | कटिहार जं | 23:45 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05047 | बनारस | 22:00 | गाजियाबाद | 11:45 | साप्ताहिक | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 05048 | गाजियाबाद | 12:35 | बनारस | 05:35 | | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 02397 | गया जं | 14:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:10 | सप्ताह में 6 दिन | शनिवार को छोड़कर | 15.11.24 तक |
| 02398 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:20 | गया जं | 00:30 | | रविवार को छोड़कर | 16.11.24 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं | 06:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 21.10.24 तक |
| 05284 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं | 04:50 | | | 22.10.24 तक |
| 02393 | पटना जं | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरूवार को छोड़कर | 30.10.24 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं | 07:00 | | शुक्रवार को छोड़कर | 31.10.24 तक |
| 04123 | प्रयागराज जं | 14:30 | हजरत निजामुद्दीन | 11:10 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 04124 | हजरत निजामुद्दीन | 15:50 | प्रयागराज जं | 09:00 | | सोमवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 22:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 23.11.24 तक |
| 05194 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 00:05 | छपरा | 08:00 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 02417 | प्रयागराज जं | 21:30 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02418 | दिल्ली जं | 09:30 | प्रयागराज जं | 19:45 | | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04145 | प्रयागराज जं | 21:30 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04146 | दिल्ली जं | 09:30 | प्रयागराज जं | 19:45 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02421 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 02422 | दिल्ली जं | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 03309 | धनबाद जं | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:25 | धनबाद जं | 14:00 | | बुधवार, रविवार | 01.12.24 तक |
| 09195 | वडोदरा जं (वाया वाराणसी जं) | 19:00 | मऊ जं | 20:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09196 | मऊ जं (वाया वाराणसी जं) | 23:15 | वडोदरा जं | 00:45 | | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09417 | अहमदाबाद जं (वाया वाराणसी जं) | 09:10 | दानापुर | 20:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09418 | दानापुर (वाया वाराणसी जं) | 23:50 | अहमदाबाद जं | 11:10 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09405 | साबरमती (वाया लखनऊ) | 18:10 | पटना जं | 02:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09406 | पटना जं (वाया लखनऊ) | 05:00 | साबरमती | 13:30 | | गुरूवार | 02.01.25 तक |
| 09525 | हापा (वाया वाराणसी जं) | 00:40 | नाहरलगुन | 16:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09526 | नाहरलगुन (वाया वाराणसी जं) | 10:00 | हापा | 00:30 | | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 22:50 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09184 | बनारस (वाया लखनऊ) | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 09189 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 10:30 | कटिहार जं | 07:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09190 | कटिहार जं (वाया लखनऊ) | 00:15 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09111 | वडोदरा जं (वाया लखनऊ) | 19:00 | गोरखपुर | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09041 | उधना जं (सूरत) | 11:15 | छपरा (वाया लखनऊ) | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09042 | छपरा (वाया लखनऊ) | 23:00 | उधना जं (सूरत) | 07:30 | | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 04815 | जोधपुर जं (वाया लखनऊ) | 17:30 | मऊ जं | 23:20 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04816 | मऊ जं (वाया लखनऊ) | 04:00 | जोधपुर जं | 08:55 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 04823 | जोधपुर जं (वाया लखनऊ) | 17:30 | मऊ जं | 23:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04824 | मऊ जं (वाया लखनऊ) | 04:00 | जोधपुर जं | 08:55 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 04137 | ग्वालियर जं (वाया लखनऊ) | 07:10 | बरौनी जं | 08:00 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 29.12.24 तक |
| 04138 | बरौनी जं (वाया लखनऊ) | 09:30 | ग्वालियर जं | 10:20 | | सोमवार, गुरूवार | 30.12.24 तक |
| 09145 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 10:30 | बरौनी जं | 04:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 09146 | बरौनी जं (वाया लखनऊ) | 01:00 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 09043 | बांद्रा टर्मिनस (वाया लखनऊ) | 00:05 | गोरखपुर | 09:30 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09044 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 13:00 | बांद्रा टर्मिनस | 22:30 | | सोमवार, बुधवार | 01.01.25 तक |
| 07651 | जालना (वाया वाराणसी जं) | 23:30 | छपरा | 05:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 07652 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 22:15 | जालना | 04:00 | | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 05069 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 13:15 | पनवेल | 22:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 05070 | पनवेल (वाया वाराणसी जं) | 23:20 | छपरा | 11:35 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05325 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:15 | लोकमान्यतिलक | 07:25 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05326 | लोकमान्यतिलक (वाया लखनऊ) | 10:25 | गोरखपुर | 18:00 | | गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 01123 | लोकमान्यतिलक (वाया लखनऊ) | 12:15 | गोरखपुर | 18:55 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 25.10.24 से 03.11.24 |
| 01124 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:15 | लोकमान्यतिलक | 07:25 | | शनिवार, सोमवार | 26.10.24 से 04.11.24 |
| 01431 | पुणे (वाया लखनऊ) | 16:15 | गोरखपुर | 20:40 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 25.10.24 से 01.11.24 |
| 01432 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 23:25 | पुणे | 06:25 | | शनिवार | 26.10.24 से 02.11.24 |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 22:30 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 10:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 22.10.24 से 11.11.24 |
| 01080 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 00:40 | | | 24.10.24 से 13.11.24 |
| 01415 | पुणे (वाया लखनऊ) | 06:50 | गोरखपुर | 16:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 22.10.24 से 11.11.24 |
| 01416 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 17:30 | पुणे | 03:15 | | | 23.10.24 से 12.11.24 |
| 01207 | नागपुर (वाया बाराबंकी) | 10:40 | समस्तीपुर जं | 23:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 30.10.24 से 13.11.24 |
| 01208 | समस्तीपुर जं (वाया बाराबंकी) | 07:00 | नागपुर | 21:30 | | गुरूवार | 31.10.24 से 14.11.24 |
| 05636 | गुवाहाटी (वाया लखनऊ) | 18:15 | श्रीगंगानगर | 03:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05637 | श्रीगंगानगर (वाया लखनऊ) | 13:20 | गुवाहाटी | 00:25 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05537 | दरभंगा जं (वाया शाहजहांपुर) | 13:15 | दौराई | 22:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 09.11.24 से 28.12.24 |
| 05538 | दौराई (वाया शाहजहांपुर) | 23:45 | दरभंगा जं | 06:50 | | रविवार | 10.11.24 से 29.12.24 |
| 04195 | आगरा कैंट (वाया लखनऊ) | 05:00 | फारबिसगंज जं | 15:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 22.11.24 तक |
| 04196 | फारबिसगंज जं (वाया लखनऊ) | 18:40 | आगरा कैंट | 07:10 | | शनिवार | 23.11.24 तक |
| 09061 | उधना जं (सूरत) | 22:00 | गाजीपुर शहर (वाया लखनऊ) | 06:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 06.11.24 तक |
| 09062 | गाजीपुर शहर (वाया लखनऊ) | 09:30 | उधना जं (सूरत) | 18:00 | | शुक्रवार | 08.11.24 तक |
| 04829 | जोधपुर जं (वाया दिल्ली) | 16:15 | गोरखपुर | 20:50 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04830 | गोरखपुर (वाया दिल्ली) | 23:25 | जोधपुर जं | 04:00 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 01025 | दादर (वाया वाराणसी जं) | 14:05 | बलिया | 01:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 30.12.24 तक |
| 01026 | बलिया (वाया वाराणसी जं) | 15:15 | दादर | 03:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 01.01.25 तक |
| 01027 | दादर (वाया वाराणसी जं) | 14:05 | गोरखपुर | 02:45 | सप्ताह में चार दिन | मंगल, गुरू, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 01028 | गोरखपुर (वाया वाराणसी जं) | 14:25 | दादर | 03:30 | | गुरू, शनि, सोम, मंगल | 02.01.25 तक |
| 09013 | उधना जं (सूरत) | 07:00 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 19:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09014 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 22:30 | उधना जं (सूरत) | 08:15 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 09027 | बांद्रा टर्मिनस (वाया वाराणसी जं) | 11:00 | मालदा टाउन | 16:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 09028 | मालदा टाउन (वाया वाराणसी जं) | 17:30 | बांद्रा टर्मिनस | 18:15 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09031 | बांद्रा टर्मिनस | 12:15 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:00 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 09032 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 04:00 | दहानू रोड | 12:25 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09421 | साबरमती (वाया लखनऊ) | 19:45 | सीतामढ़ी | 08:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09422 | सीतामढ़ी (वाया लखनऊ) | 16:00 | साबरमती | 06:00 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 09067 | उधना जं (सूरत) | 05:30 | बरौनी जं (वाया वाराणसी जं) | 22:15 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 09068 | बरौनी जं (वाया वाराणसी जं) | 23:45 | उधना जं (सूरत) | 14:30 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 09321 | डॉ अम्बेडकर नगर (वाया नई दिल्ली) | 10:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 16:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09322 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | डॉ अम्बेडकर नगर (वाया नई दिल्ली) | 23:50 | | मंगलवार, गुरूवार, रविवार | 01.12.24 तक |
| 07031 | सिकंदराबाद जं | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 07032 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | सिकंदराबाद जं | 06:30 | | मंगलवार | 12.11.24 तक |
| 09639 | मदार जं | 04:30 | रोहतक जं | 12:50 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 09640 | रोहतक जं | 13:20 | मदार जं | 22:35 | | | 31.12.24 तक |
| 08475 | पुरी | 04:50 | हजरत निजामुद्दीन | 19:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 08476 | हजरत निजामुद्दीन | 22:30 | पुरी | 06:55 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09425 | साबरमती | 19:00 | हरिद्वार जं | 19:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 09426 | हरिद्वार जं | 21:45 | साबरमती | 21:30 | | मंगलवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09557 | भावनगर टर्मिनल | 15:15 | दिल्ली कैंट | 13:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 09558 | दिल्ली कैंट | 15:25 | भावनगर टर्मिनल | 12:25 | | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09097 | बांद्रा टर्मिनस | 21:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09098 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:40 | बांद्रा टर्मिनस | 10:10 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09309 | इंदौर जं | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 04:30 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 29.12.24 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09523 | ओखा | 10:00 | दिल्ली कैंट | 09:40 | साप्ताहिक | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09524 | दिल्ली कैंट | 13:40 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 01.01.25 तक |
| 04821 | भगत की कोठी | 08:30 | हरिद्वार जं | 03:40 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04822 | हरिद्वार जं | 05:00 | भगत की कोठी | 23:55 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 19:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 25.10.24 से 01.11.24 |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:30 | पुणे | 22:30 | | शनिवार | 26.10.24 से 02.11.24 |
| 06071 | कोच्चुवेली | 14:15 | हजरत निजामुद्दीन | 20:40 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 06072 | हजरत निजामुद्दीन | 04:10 | कोच्चुवेली | 14:15 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 05447 | पीलीभीत जं | 12:10 | शाहजहांपुर | 14:25 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 05448 | शाहजहांपुर | 15:15 | पीलीभीत जं | 16:30 | | | 31.12.24 तक |
| 09603 | उदयपुर शहर | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 05:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 13.11.24 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर शहर | 13:55 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 05097 | टनकपुर (वाया दिल्ली जं) | 18:25 | दौराई | 13:40 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05098 | दौराई (वाया दिल्ली जं) | 16:05 | टनकपुर | 09:35 | | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

### प्रबंध समिति उपाध्यक्ष वर्षा सिंह ने केंद्रीय उच्च शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से की मुलाकात

# ग्रामीण अंचल के महाविद्यालयों के उन्नयन पर हुई चर्चा

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा की प्रबंध समिति की उपाध्यक्ष वर्षा सिंह ने हाल ही में केंद्रीय उच्च शिक्षा मंत्री और हरियाणा प्रदेश प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान से महत्वपूर्ण मुलाकात की। यह मुलाकात ग्रामीण अंचल के महाविद्यालयों की शिक्षा प्रणाली के उन्नयन और उनके समग्र विकास के मुद्दे पर केंद्रित थी।

मुख्य उद्देश्य रहा कि उन महाविद्यालयों की स्थिति पर चर्चा करना जो ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं और जिन्हें शहरी महाविद्यालयों की तुलना में पर्याप्त संसाधन और अवसर प्राप्त नहीं हो पाते। वर्षा सिंह ने मंत्री के सामने महाविद्यालयों की जरूरतों और चुनौतियों को स्पष्ट रूप से रखा और उनके विकास के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी प्रस्तुत किए।

ग्रामीण अंचल के महाविद्यालयों में बुनियादी ढांचे की कमी, तकनीकी संसाधनों की अनुपलब्धता, और शिक्षकों की गुणवत्ता जैसे मुद्दे इस मुलाकात के दौरान चर्चा के मुख्य बिंदु रहे। वर्षा सिंह ने इन महाविद्यालयों में डिजिटल लर्निंग के प्रसार और आधुनिक तकनीकी सुविधाओं की उपलब्धता पर जोर दिया, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र भी शहरी छात्रों के बराबर खड़े हो सकें और प्रतिस्पर्धा में पीछे न रहें।



केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने वर्षा सिंह के इस प्रयास की सराहना की और उन्हें आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार ग्रामीण अंचल के महाविद्यालयों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे महाविद्यालयों को सशक्त बनाने के लिए केंद्र द्वारा नई योजनाओं और नीतियों पर विचार किया जा रहा है, जिससे छात्रों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं और अवसर प्रदान किए जा सकें। इस बैठक से यह स्पष्ट होता है कि भविष्य में ग्रामीण अंचल के महाविद्यालयों के विकास के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। वर्षा सिंह जी का यह प्रयास निश्चित रूप से ग्रामीण छात्रों के लिए नई उम्मीदें लेकर आया है, जो शिक्षा के माध्यम से अपने जीवन को बेहतर बनाना चाहते हैं।

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा का यह महत्त्वपूर्ण कदम ग्रामीण शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव लाने की दिशा में एक बड़ी पहल है।

### आंगनबाड़ी सहायिका ने डीएम के जनता दर्शन में की शिकायत

# स्वयं सहायता समूह पर गंभीर आरोप, कार्रवाई की मांग

**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

▸ प्रकरण की जांच करके कार्रवाई करने के निर्देश

तहसील व विकासखण्ड कर्नलगंज के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र कन्जेमऊ प्रथम की सहायिका ने डीएम के जनता दर्शन में शिकायती पत्र देकर आरती देवी अध्यक्ष गुलाब स्वयं सहायता समूह के द्वारा खाद्यान्न/ड्राई राशन दिलाये जाने और प्रकरण की जांच करके उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

महाशक्ति देवी सहायिका आंगनबाड़ी केन्द्र कन्जेमऊ प्रथम ने जिलाधिकारी गोंडा के जनता दर्शन में दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि आंगनबाड़ी केन्द्र की कार्यकत्री स्वर्गीय सरस्वती देवी का स्वर्गवास हो जाने के कारण कार्यकत्री का प्रभार उसे सौंपा गया है। उसके केन्द्र से सम्बन्धित खाद्यान्न ड्राई राशन दाल, तेल, दलिया का उठान मई माह 2024 से आरती देवी अध्यक्ष गुलाब स्वयं सहायता समूह कन्जेमऊ के द्वारा किया जा रहा है। आरती देवी के द्वारा 22 महीने का राशन परियोजना कार्यालय से उठान करने के बाद कुछ अपने चहेते अपात्र लोगों को राशन दिलवाकर ड्राई राशन गबन करने का दबाव उसके ऊपर बनाया जाता है,जिससे अनावश्यक विवाद उत्पन्न होता है। कई बार आरती देवी से ड्राई राशन उठान करने के बाद शीघ्र उपलब्ध कराने को कहा गया लेकिन उन्होंने राशन देने से इन्कार कर दिया जिससे राशन वितरण करने में व्यवधान उत्पन्न होता है। इस महीने में भी सितम्बर माह में आरती देवी द्वारा मेरे केन्द्र से सम्बन्धित ड्राई राशन का उठान किया गया लेकिन आज तक उसको उपलब्ध नहीं कराया है। जिसके कारण आज तक सितम्बर माह में उठाये गये राशन का वितरण लाभर्थियों में नहीं हो पाया है। इसी के साथ यह भी कहा गया है कि उनके केन्द्र से सम्बन्धित ड्राई राशन उन्हें शीघ्र प्राप्त कराते हुए भविष्य में गुलाब स्वयं सहायता समूह के स्थान पर किसी अन्य समूह को नामित किया जाना अति आवश्यक है जिससे लाभार्थियों को राशन वितरण में अनावश्यक विलम्ब न हो। उन्होंने उपरोक्त संपूर्ण तथ्यों पर गहनता से विचार करते हुये उचित आदेश देने की मांग की है। मामले में प्रभारी अधिकारी ने सीडीपीओ कर्नलगंज को प्रकरण की जांच करके कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

# उम्मीद परियोजना के तहत अंतरा की विभागीय बैठक आयोजित

**मनकापुर/गोंडा, समृद्धि न्यूज॥**

परिवार नियोजन की सेवा की पहुंच एवं गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए स्वास्थ विभाग के मार्गदर्शन मे Mobious फाउंडेशन की वित्तीय सहायता से population Foundation of India द्वारा उम्मीद परियोजना का संचालन किया जा रहा है7 इसी क्रम में सभी विभाग के साथ खंड विकास सभागार मे सहायक विकास अधिकारी श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता मे ब्लॉक समन्वय समिति की बैठक की गई। इस बैठक मे प्रमुख रूप से स्वास्थ्य विभाग (नोडल विभाग), पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, आई सी डी एस और आजीविका मिशन की प्रतिभागी रही।




बैठक मे Population Foundation of India से स्मिता ने सभी का स्वागत करते हुए उम्मीद परियोजना के अंतर्गत संपन्न अब तक की जनपद बहराइच मे कि गई बाल विवाह के विरुद्ध अभियान और कार्यक्रम को साझा किया। जिसमें विद्यालय मे गतिविधियों, समुह बैठक, स्वस्थ्य मेला, हस्ताक्षर अभियान आदि ज़न जागरूकता कार्य किया जा रहा है।

बैठक मे सहायक विकास अधिकारी धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि सभी विभागों के साझा प्रयास द्वारा दी जा रही सेवाओं का लाभ समुदाय मे सही से पहुंचे इसके लिए इस बैठक की भूमिका महत्वपूर्ण है, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक ने स्वास्थ्य ईकाई पर परिवार नियोजन सेवाओं की उपलब्धता तथा कार्यक्रम के बारे मे विस्तार पूर्वक चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहायक विकास अधिकारी, अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सी डी पी ओ, आजीविका मिशन और स्वास्थ्य विभाग से ए आर ओ सौरभ पांडेय, बी सी पी ए चंचल आदि उपस्थित रहे।

# मंदिर की वेशकीमती भूमि पर हो रहा अवैध निर्माण, प्रशासन मौन

**कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज।**

तहसील व कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के अन्तर्गत गोंडा-लखनऊ हाईवे के किनारे मंदिर की वेशकीमती भूमि पर जबरन हो रहे अवैध निर्माण व कब्जे को तत्काल प्रभाव से रोके जाने की मांग उच्चाधिकारियों से की गई है। मामले में आरोप है कि सत्तारूढ़ दल के एक नेता व ब्लाक प्रमुख की सह पर दबंगों द्वारा उक्त भूमि पर अवैध निर्माण,कब्जा सोमवार से किया जा रहा है। इसकी शिकायत उपजिलाधिकारी, जिलाधिकारी सहित पुलिस अधिकारियों से की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। स्थानीय प्रशासन सब कुछ जानते हुए मौन साधे है और अवैध निर्माण लगातार जारी है।

घनश्याम दास चेला धर्मराज उर्फ धर्मदास सर्वराकार ठाकुर रामजानकी चतुर्भुजी मंदिर बालकराम पुरवा कस्बा करनैलगंज ने आयुक्त देवीपाटन मंडल व जिलाधिकारी गोंडा को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि गाटा संख्या-936स/ 0.0810 हे0, 937स/ 0.1090 हे0 स्थित ग्राम सकरौरा नगर, परगना ग्वारिच तहसील करनैलगंज मंदिर की सम्पत्ति है जो ठाकुर रामजानकी मंदिर चतुर्भुजी के नाम से राजस्व अभिलेखों में दर्ज है और गोण्डा-लखनऊ मुख्यमार्ग पर स्थित है,जो काफी कीमती आराजी है। उस पर बिना किसी स्वत्व व अधिकार के विपक्षी अहमद रजा सलमानी पुत्र मेंहदीहसन व उनके सहयोगी बृजेश मिश्रा पुत्र ओमप्रकाश जबरदस्ती निर्माण करते हुए अवैध रूप से कब्जा कर रहे हैं,जिससे आम जनमानस की भावनायें आहत हो रही



▸ सत्ता पक्ष के एक नेता पर अवैध कब्जेदारों को शह देकर कब्जा कराने का आरोप

हैं तथा समाज में धार्मिक विद्वेष फैल रहा है और कभी भी स्थिति भयावह हो सकती है। घनश्याम दास का कहना है कि उक्त विपक्षीगण सत्तारूढ़दल के नेता आशीष मिश्रा जो ब्लाक प्रमुख हैं की सह पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। जबकि उक्त गाटा संख्या की खतौनी में स्थगन आदेश दर्ज है। फिर भी विपक्षीगण जबरदस्ती निर्माण कर रहे हैं। उपजिलाधिकारी करनैलगंज से कई बार सम्पर्क करके अवैध निर्माण को रोकने के संबंध में कहा गया जो उक्त मंदिर के प्रशासक भी हैं,उन्होंने निष्क्रियता दिखाते हुए कोई कार्यवाही नहीं किया। उक्त मंदिर की सम्पत्ति में अवैध निर्माण रोकने के बावत स्थगन का वाद सामान्य वाद सं0- 256/2024 ठाकुर रामजानकी मंदिर चतुर्भुजी बनाम अहमद रजा सलमानी न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) गोण्डा के न्यायालय पर विचाराधीन है। जिसमें स्थगन पर सुनवाई हेतु दिनांक 21.10. 2024 नियत है। इसी दौरान विपक्षीगण जबरदस्ती अवैध रूप से निर्माण कर रहे हैं। जिसे तत्काल रोकवाया जाना आवश्यक है। अन्यथा धार्मिक विद्वेष व आक्रोश बढ़ सकता है,जिससे स्थिति भयावह हो सकती है। यही नहीं उक्त भूमि के कार्यवाहक प्रशासक उप जिलाधिकारी हैं,उसके बावजूद मंदिर की वेशकीमती भूमि सुरक्षित नहीं है और तेजी से अवैध कब्जा हो रहा है। उपरोक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए जन आक्रोश व धार्मिक विद्वेष को शान्त करने के लिए मंदिर की उपरोक्त बेशकीमती हाईवे किनारे की भूमि पर विपक्षीगणों द्वारा कराये जा रहे जबरन अवैध निर्माण व कब्जे को तत्काल प्रभाव से रोकने की मांग की गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्नलगंज से जानकारी करने के लिए संपर्क किया गया तो उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर था।

## खबरें एक नजर में

### अनियंत्रित होकर पलटी एसयूवी, पांच लोग गंभीर घायल



**परसपुर/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अन्तर्गत डेहरास- कटहाघाट मार्ग पर सुसुंडा गांव के शिव मंदिर के पास सोमवार की रात में एक एसयूवी के अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई,जिससे पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक कोतवाली देहात क्षेत्र के रेवतावां गांव निवासी द्वारिकानाथ उपाध्याय ने बताया कि वह अपने साथी नगर कोतवाली क्षेत्र के खैरा नई बस्ती निवासी आशीष मिश्र, विनोद मिश्र, हरिनरायनपुरवा खैरा खास निवासी मुकेश पाठक व रेलवे स्टेशन के पास रहने वाले विकास सिंह के साथ सोमवार रात आठ बजे डेहरास के लच्छन पुरवा निमंत्रण में जा रहे थे। डेहरास- कटहाघाट मार्ग पर सुसुंडा गांव के शिव मंदिर के पास सामने से आ रहे चार पहिया वाहन से बचने के चक्कर में एसयूवी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। जिससे एसयूवी में सवार सभी लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंचे डायल 112 की टीम के आरक्षी कयास गौड़ व आरक्षी चालक राजू यादव ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को एसयूवी से निकालकर मेडिकल कॉलेज भेजवाया,जहां सभी का इलाज हो रहा है।

### बाइकों की आमने-सामने टक्कर में पांच घायल, दो गंभीर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के लौकिहा मंदिर के पास खड़ी कार के चलते दो बाइक पर सवार लोग आपस में टकरा कर घायल हो गए। दो घायलों की हालत गंभीर है। एक घायल को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। खैरीघाट थाना क्षेत्र के लौकिहा मंदिर के पास एक कार खड़ी थी। कार के लोग नीचे उतर गए थे। अंधेरा होने के चलते शिवपुर बाजार से जा रहे बाइक सवार भिड़ गए। इसके बाद सामने से आ रहा दूसरा बाइक सवार भी भिड़ गया। जिसमें पांच लोग घायल हो गए। हादसे में गड़रियनपुरवा गांव निवासी सुदीप पुत्र जगजीवन प्रसाद और राजा उर्फ सैफुद्दीन पुत्र खलील गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को सीएचसी शिवपुर में भर्ती कराया गया। यहां सुदीप की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। चौकी इंचार्ज राकेश पांडेय ने बताया कि दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है।

### अज्ञात लोगों ने विद्यालय में की तोड़फोड़

**विशेश्वरगंज, बहराइच, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के श्रीनगर तिराहे पर स्थित एक विद्यालय में अज्ञात लोगों ने रात में तोड़फोड़ कर दी। सुबह जानकारी मिलने पर प्रबंधक ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के श्रीनगर तिराहे पर जय गुरुदेव विद्या मंदिर लघु माध्यमिक विद्यालय संचालित है। इस विद्यालय के प्रबंधक केसरी लाल पांडे हैं उन्होंने बुधवार को थाने में शरीर देकर कहा है कि विद्यालय बंद था देर रात को कुछ अज्ञात लोगों ने खुश कर विद्यालय में तोड़फोड़ की। जिसमें रात 1ः00 बजे के आसपास अज्ञात लोगों ने फर्नीचर को काफी नुकसान पहुंचाया है। हजारों का नुकसान हुआ है। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# दस और उपद्रवी गिरफ्तार, मुख्य आरोपी के नेपाल भागने की आशंका

▸ मुख्य आरोपी के भाई की नेपाल में है ससुराल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के महराजगंज बाजार में हुए बवाल में पुलिस ने मंगलवार रात को 10 और उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है। वहीं मुख्य आरोपी समेत कुछ अन्य सहयोगियों के नेपाल भागने की सूचना है। जिस पर जिले की पुलिस ने नेपाल से सम्पर्क साधा है।

हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार में रविवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान मूर्ति पर पथराव को लेकर जमकर बवाल हुआ था। महाराजंग निवासी अब्दुल हमीद के घर के सामने बवाल के साथ फायरिंग की गई थी। इस फायरिंग में राम गांव थाना क्षेत्र के रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी शुरू की है।

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि हरदी थाने की पुलिस ने मंगलवार रात को 10 और उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है। इनकी संख्या 60 से ऊपर पहुंच गई है। उधर उपद्रव में शामिल कई आरोपियों के घटनास्थल से फरार हो जाने की सूचना पुलिस को मिली है। जिसके घर से गोली चली थी, उसके बेटे की ससुराल नेपाल में है। ऐसे में मुख्य और अन्य आरोपियों के नेपाल में शरण ली है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि नेपाल पुलिस से भी इस मामले में संपर्क किया जा रहा है।



### उपद्रवियों की संपत्ति खंगालने की कवायद शुरू

जनपद के महसी तहसील के महराजगंज बाजार में मूर्ति विसर्जन के दौरान हुई हिंसा के बाद अब उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। राजस्व टीम ने चिन्हित उपद्रवियों की संपत्ति का ब्यौरा खंगालना शुरु कर दिया है। मुख्य आरोपित अब्दुल हमीद और अन्य आरोपितों की जांच हो रही है। सूत्रों की मानें तो, जांच के बाद हिंसा में शामिल आरोपितों पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जा सकती है।फिलहाल, जेल जाने के डर से अब्दुल हमीद फरार चल रहा है। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। हालांकि बहराइच हिंसा में पुलिस ने अब तक तीन एफआईआर दर्ज कर 50 से अधिक उपद्रवियों को गिरफ्तार करके उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है, लेकिन पूर्व में दर्ज प्राथमिकी में नामजद 5 आरोपितों में कोई भी गिरफ्तार नहीं हो सका है। उनकी तलाश में पुलिस टीमें जुटी है। दरअसल, हिंसा में मारे गए रामगोपाल मिश्र के भाई ने पहली प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके बाद विशेष समुदाये की तरफ से दूसरी प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जबकि तीसरी और एफआईआर पुलिस की ओर से दर्ज हुई है। संभावना है कि जांच के बाद पुलिस और जिला प्रशासन की तरफ से और भी प्राथमिकी दर्ज हो सकती हैं। हिंसा के बाद से ही इलाके में इंटरनेट सेवाएं पूरी तरह से ठप है। इसके अलावा पुलिस व जिला प्रशासन ने हिंसा प्रभावित लोगों की मदद के लिए एक कंट्रोल रुम भी बनाया है। खासकर ग्राम प्रधान, लेखपाल और सचिव की बनाए गए कंट्रोल रुम में ड्यूटी लगाई गई है, ताकि ग्रामीणों से बातचीत कर माहौल को संतुलित किया जा सके और हिंसा से संबंधित जानकारी भी हासिल की जा सके। **एसटीएफ चीफ अमिताभ यश की टीम अभी भी कर रही कैंप :-** गौरतलब है कि सीएम योगी के निर्देशानुसार, एडीजी लॉ एंड आर्डर और एसटीएफ चीफ अमिताभ यश अपनी टीम के साथ हिंसा प्रभावित क्षेत्र में कैंपिंग कर रहे हैं। उपद्रवियों को चिन्हित कर उनकी गिरफ्तारी के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। हिंसा से जुड़े वीडियोफुटेज, फोटोग्राफ की मदद से उपद्रवियों की पहचान की जा रही हैं। फिलहाल भारी पुलिस बल अभी भी हिंसा प्रभावित इलाके में गश्त लगा रही हैं।

### नेट बंद होने से विशेश्वरगंज में मचा त्राहिमाम

**विशेश्वरगंज।** दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दिन से बंद हुए नेट की वजह से विशेश्वरगंज क्षेत्र में मोबाइल उपभोक्ताओं की बेचैनी अपने शबाब पर है। यूपी आई पेमेंट पर निर्भर उपभोक्ताओं की हालत और भी खस्ता हो चुकी है । पेमेंट न कर पाने की वजह से और भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे स्टेशन की वाई फाई मात्र एक सहारा है,जहां पैसेंजर की अपेक्षा क्षेत्रीय मोबाइल उपभोक्ताओं की भीड़ लगी रहती है।खबरों के आदान प्रदान में भी काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

### दो दिन और बंद रहेगा इंटरनेट

जिले के महाराजगंज बाजार में रविवार को मूर्ति विसर्जन में बवाल के बाद सोमवार दोपहर से जिला प्रशासन ने शासन के निर्देश पर इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी थी। हालात में सुधार है, लेकिन स्थितियों को देखते हुए इंटरनेट सेवाएं बंद का निर्णय और दो दिन के लिए बढ़ा दिया गया है। ऐसे में अब लोगों को 18 अक्टूबर तक इंटरनेट सेवा से दूर रहना होगा।

### पीड़ितों को प्रशासन दे रहा लंच पैकेट और लइया

महराजगंज बाजार के दंगा पीड़ित समुदाय विशेष के लोगों को तहसील प्रशासन की ओर से लांच पैकेट और लइया दिया जा रहा है। जबकि अन्य का कोई पुरसाहाल नहीं है। तहसील प्रशासन की ओर से लांच पैकेट और लइया दिया जा रहा है। तहसीलदार की अगुवाई में लंच पैकेट बन रहे हैं। एसडीएम अखिलेश सिंह के द्वारा इनकी सूची तैयार की गई है। जबकि बहुसंख्यक समाज के लोगों को इसका कोई लाभ नहीं मिल रहा है। ऐसे में इन लोगों में नाराजगी भी है।

### क्षेत्र के मस्जिद व ईदगाह की सुरक्षा कर रहे ग्राम प्रधान दंगा से बचाने के लिए जिला प्रशासन ने सौंपा जिम्मा

जिले के महराजगंज बाजार में मूर्ति विसर्जन के दौरान हुए उपद्रव में दंगा करने वाले लोगों ने दो धार्मिक स्थलों को भी क्षति पहुंचाया था। इसको देखते हुए धार्मिक स्थलों की सुरक्षा का जिम्मा ग्राम प्रधानों को सौंप दिया गया है। हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार में रविवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान जमकर बवाल हुआ था। दंगाइयों ने कई वाहनों में तोड़फोड़ के बाद आग लगा दिया था। इतना ही समुदाय विशेष के लोगों ने गोली मारकर राम गोपाल मिश्रा की हत्या कर दी थी। इससे उग्र हुई भीड़ ने क्षेत्र के दो धार्मिक स्थलों में तोड़फोड़ की थी। इतना ही नहीं एक धार्मिक स्थल को आग के हवाले करने का प्रयास किया था। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने नया तरीका अपनाया है। जिलाधिकारी मोनिका रानी और क्षेत्र के भाजपा विधायक ने सबको सुरक्षा प्रदान करने के निर्देश दिए। जिस पर तहसील क्षेत्र के ग्राम प्रधानों को धार्मिक स्थल की सुरक्षा को निर्देशित किया गया है। जिसके तहत सम्बन्धित गांव के प्रधान द्वारा धार्मिक स्थलों की सुरक्षा की जा रही है।

### महसी सीओ के निलंबन को लिखा पत्र रामपुर से आए दूसरे सीओ

▸ ग्रामीणों ने सीओ पर लाठीचार्ज करवाने का लगाया था आरोप

बहराइच समृद्धि न्यूज़ हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज में हुए बवाल के मामले में थानाध्यक्ष और चौकी इंचार्ज के बाद अब सर्किल के सीओ को निलंबित करने के लिए शासन को पत्र लिखा गया है। उनके स्थान पर दूसरे सीओ रामपुर जिले से आ गए हैं। हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार में रविवार को प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान दो समुदाय में भिड़ंत हो गई थी। बहुसंख्यक समाज के विरोध पर लाठीचार्ज भी हुआ था। ग्रामीणों ने पुलिस क्षेत्राधिकारी रूपेंद्र गौड़ पर लाठीचार्ज करवाने का आरोप लगाया था। इसको लेकर पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की ओर से सीओ के निलंबन को लेकर शासन को पत्र लिखा गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि रामपुर जिले के रवि पोखर पुलिस क्षेत्राधिकारी के लिए आए हैं। उन्होंने जिले में ड्यूटी ज्वाइन कर ली है। शासन की ओर से सीओ को निलंबित कर दिया जाएगा। मालूम हो कि घटना में संलिप्तता के लिए थानाध्यक्ष आर एस वर्मा और चौकी इंचार्ज अशोक कुमार पहले ही निलंबित हो चुके हैं।

# सिविल बार के वार्षिक चुनाव में जहां कुछ पद के प्रत्याशी होंगे निर्विरोध वहीं अध्यक्ष-महामंत्री पद पर होगी लड़ाई

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

सिविल बार के वार्षिक चुनाव में दो दिवसीय नामांकन में अध्यक्ष महामंत्री सहित अन्य पदों के लिए पर्चे दाखिल किए गये।जिसमें वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्यों के सापेक्ष सिर्फ पांच पर्चे दाखिल हुए जो जांचोपरांत प्रमोद नंदन श्रीवास्तव, सुरेन्द्र शर्मा,जितेन्द्र तिवारी,अनिल कुमार पाण्डेय, सोमनाथ सिंह का निर्विरोध होना लगभग तय है। इसी प्रकार कनिष्ठ कार्यकारिणी पद पर सदस्यों का निर्विरोध चुना जाना लगभग तय है।

अध्यक्ष पद पर सुरेन्द्र कुमार मिश्र, महाराज कुमार श्रीवास्तव,सुरेश प्रसाद पाठक,राम लक्ष्मण तिवारी और विजय प्रकाश त्रिपाठी, महामंत्री पद पर मुजीब खान, उमाकांत श्रीवास्तव, मनोज मिश्र, अंजनी नंदन श्रीवास्तव, जितेन्द्र बहादुर सिंह, दया शंकर शुक्ल नामांकन दाखिल किये हैं जिन पर चुनाव होना है। इसी प्रकार कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के सापेक्ष अन्य पर्चे दाखिला न होने से शशिकांत शुक्ल का जाचोपरांत निर्विरोध होना लगभग तय है। प्रत्याशियों ने सिविल बार अध्यक्ष संगम लाल द्विवेदी और महामंत्री दिनेश नारायण पाण्डेय की कुशल देख- रेख में नामांकन पर्चा सिविल बार एसोसिएशन एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राम करन मिश्र, सदस्यगण इन्द्र भूषण श्रीवास्तव, माहताब नरायण, प्रभात श्रीवास्तव को सौंपा। नामांकन दाखिला के समय पूर्व अध्यक्ष उपेन्द्र कुमार मिश्र, राम फेर प्रजापति, संजय विश्वकर्मा, अनुराग सिंह, अभिषेक कुमार श्रीवास्तव, देवेन्द्र बहादुर सिंह, गिरधारी प्रजापति,ओंकार दूबे, राजेन्द्र सिंह खुराना, आदि सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे। सिविल बार एसोसिएशन के लिपिक दूधनाथ तिवारी ने बताया कि नामांकन पर्चे की जांच बुधवार को पर्चा वापसी ब्रहस्पतिवार को जबकि, मतदान आगामी 25 अक्टूबर को होगा परिणाम उसी दिन घोषित किया जाएगा।



# पिकअप-बाइक की टक्कर में दो की मौत

▸ हादसे के बाद मृतकों के परिवार में मचा कोहराम

**परसपुर/गोण्डा, समृद्धि।**

स्थानीय थाना क्षेत्र के भौरीगंज मार्ग पर बुधवार को एक पिकअप व बाइक में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई,वहीं तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल को इलाज के लिए मेडिकल कालेज भेजा गया है। पुलिस ने पिकअप व उसके चालक को हिरासत में लेकर और घटना की जांच शुरू कर दी है।

हादसे के बाद मृतकों के परिवार में कोहराम मचा है। मिली जानकारी के मुताबिक परसपुर थाना क्षेत्र के शिवगढ़ गांव के ठाकुर दीन पुरवा निवासी वीरेन्द्र यादव (22) रमेश यादव (28) व अमित यादव (26) बुधवार को एक बाईक से परसपुर बाजार की तरफ जा रहे थे। वह तपस्वी धाम मंदिर बद्दू पुरवा के



पास पहुंचे थे कि परसपुर की तरफ टेंट का सामान उठाने भौरीगंज बाजार जा रही एक पिकअप से उनकी आमने-सामने टक्कर हो गई। इस टक्कर में वीरेन्द्र व रमेश की मौत हो गई। जबकि अमित यादव गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल अमित को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसपुर ले जाया गया लेकिन उसकी हालत गंभीर देखते हुए डाक्टरों ने उसे राजकीय मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। हादसे के बाद मृतकों के परिवार में कोहराम मचा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पिकप व उसके चालक को हिरासत में लिया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा पंजीकृत किया जायेगा।

# फर्नीचर कारोबारी की दुकान में लगी आग, धूं-धूं कर जली बाइक

▸ चोरी के बाद आग लगाए जाने का आरोप लगाते हुए दी तहरीर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

शहर के हीरा सिंह बाजार में समुदाय विशेष से जुड़े एक युवक की फर्नीचर की दुकान में आग लग गई। जिसमें बाइक भी जल गई। पड़ोस में स्थित मोबाइल की दुकान में चोरी हुई है। दुकान मालिक ने चोरी के बाद आग लगाए जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।दरगाह थाना क्षेत्र के छावनी चौराहा निवासी मोहम्मद शरीफ की फर्नीचर और मोबाइल की दुकान कोतवाली नगर के हीरा सिंह मार्केट में स्थित है। दोनों दुकान आसपास संचालित है। मोहम्मद शरीफ ने बताया कि मंगलवार रात को वह दुकान बंद कर



चले गए। देर रात को किसी ने मोबाइल की दुकान में पीछे से घुसकर चोरी की। इसके बाद फर्नीचर की दुकान में आग लगा दी। दुकान में खड़ी बाइक में भी आग लगा दी। इसकी जानकारी सुबह 4.30 बजे पड़ोस के लोगों ने दी। इस पर वह सभी मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। दमकल कर्मियों ने आग बुझाया। लाखों का नुकसान हुआ है। दुकान मालिक ने आग लगाने और चोरी करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। कोतवाली नगर की पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की है।इस मामले में कोतवाल दिनेश कुमार पांडेय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर के मिलने के बाद केस दर्ज किया जायेगा। वहीं दुकान में आग लगने से एक बार माहौल फिर गर्म हो गया है। उधर सीएफओ कुमार विशाल गौड़ का कहना है कि आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंच कर आग बुझा दिया है। कारण अभी पता नहीं चल सका है।

# डेढ़ महीने के मंथन के बाद चली तबादला एक्सप्रेस

- कुछ को मिली नई तैनाती कुछ भेजे गए इधर से उधर
- पब्लिक ने कहा पारदर्शिता के साथ कप्तान ने किए ट्रांसफर

सुशील सिंह

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** एसपी रायबरेली की बडी कार्यवाही। जिले के कई थानों के थानेदार के कार्यक्षेत्र में बदलाव। मिल एरिया थाना प्रभारी संजय सिंह बने लालगंज कोतवाली प्रभारी। लालगंज कोतवाली प्रभारी रहे संजय कुमार बने ऊँचाहार कोतवाली प्रभारी।




एसआईटी जाँच के घेरे में चल रहे खीरों थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र भदौरिया महराजगंज कोतवाली भेजे गए। इंस्पेक्टर बालेंदु गौतम महराजगंज कोतवाली से खीरों थाना भेजे गए। इंस्पेक्टर अनिल सिंह ऊँचाहार से डीह भेजे गए। इंस्पेक्टर जगदीश यादव मॉनिटरिंग सेल से महराजगंज कोतवाली भेजे गए। इंस्पेक्टर ब्रजेश सिंह गुरुबख्शगंज थाना प्रभारी बने। फर्जी लूटकांड खुलासा करने वाले गदागंज थाना प्रभारी राकेश चन्द्र मॉनिटरिंग सेल भेजे गए। इंस्पेक्टर पंकज त्यागी गदागंज थाना प्रभारी बने। इंस्पेक्टर संतोष सिंह अपराध शाखा से हरचंदपुर थाना प्रभारी बने। हरचंदपुर प्रभारी उपनिरीक्षक बबिता पटेल भदोखर थाना प्रभारी बनी। महिला थाना प्रभारी पुष्पा देवी शहर कोतवाली भेजी गई। उपनिरीक्षक किरण भास्कर महिला थाना प्रभारी बनी। आईजीआरएस प्रभारी इंस्पेक्टर जावेद अख्तर डायल 112 के प्रभारी बने।

### जिले में नहीं होने दी जाएगी अवैध गतिविधियां : एसपी



अवैध सूदखोरी, जुआ, और अवैध हथियारों के व्यापार को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने की बात कही है। उन्होंने बताया कि बिना लाइसेंस के सूदखोरी करने वालों पर जल्द ही कड़ी कार्रवाई शुरू की जाएगी। जिले में ऐसे कई लोग हैं जो 5 प्रतिशत से 20 प्रतिशत तक का भारी ब्याज वसूल रहे हैं और पैसा न मिलने पर लोगों की जमीन तक लिखवा लेते हैं। ऐसे सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने बिना लाइसेंस सूदखोरी करने वालों के खिलाफ शिकंजा कसने का निर्णय लिया है।

### न्याय प्रिय और ईमानदार छवि है पुलिस अधीक्षक की

डेढ़ महीना बीतने के बाद पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह ने तबादला एक्सप्रेस चलाया रायबरेली जिले में यह आम लोगों की धारणा है कि जिले को ईमानदार कप्तान मिला है पहली बार बिना किसी भेदभाव के और ना ही किसी सोर्स सिफारिश से लोगों के तबादले किए गए हैं सूत्रों की माने जिले के कछ सफेद पोश नेता भी यह मानते हैं की पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह एक ईमानदार अधिकारी और यह बात जब सत्ता पक्ष के नेताओं के द्वारा कहा जाए तो उसपर संशय से नहीं किया जा सकता है।

### गाड़ी में लगाया है विधायक पास तो करवाइए पहले उसकी जांच

स्टंटबाजी करने वाले युवाओं पर सख्ती बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही चार पहिया वाहनों में काली फिल्म लगाकर चलने वालों और फर्जी विधायक पास का इस्तेमाल करने वालों पर भी पुलिस की कड़ी नजर होगी। एसपी ने कहा कि जो भी इस तरह की गतिविधियों में लिप्त पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

## प्रभात साहू ने किया नवागंतुक कोतवाल का सम्मान व पूर्व कोतवाल की विदाई

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने नवागंतुक कोतवाल जगदीश यादव का किया सम्मान और पूर्व कोतवाल बालेंदु गौतम की विदाई पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह द्वारा थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए महराजगंज कोतवाल को खीरो का प्रभारी बनाया गया है तो वहीं मीडिया सेल में काम करने वाले जगदीश यादव को महराजगंज कोतवाली की कमान मान दी गई है ।

आज जगदीश यादव के द्वारा कोतवाली का चार्ज लिया गया और काम शुरू किया गया वहीं पूर्व कोतवाल बालेंदु गौतम को भाजपा नेता प्रभात साहू द्वारा भगवान की प्रतिमा भेंट कर सम्मान किया गया और विदाई की गई तो वहीं कोतवाली का चार्ज संभालने वाले जगदीश यादव को भी भगवान की प्रतिमा भेंट कर महराजगंज की धरती पर पधारने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा उनका सम्मान किया ।

## खबरें एक नजर में

### ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में ज्ञापन



**रेहराबाजार/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** पीएचसी रेहराबाजार में एएनएम की हाजिरी आन लाइन लगाने के आदेश से नाराज़ एएनएम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को संबोधित मांग पत्र प्रभारी चिकित्सा अधिकारी रेहराबाजार के मौजूद न होने पर भी सी पी एम अरूण चौधरी को सौंपा ए एन एम नीलम, रूबी मौर्या ,सरोज मिश्रा, गायत्री, शिवानी, साधना यादव, पूनम तिवारी, निशा, संध्या दूबे , पूर्णिमा सहाय, किशनदीप आदि ने बताया कि इन लाइन हाजिरी के विरोध में बुधवार को आने लाइन फीडिंग नहीं किया जायेगा उन्होंने मांग पत्र में बताया कि यदि समस्या का निराकरण नहीं किया गया तो न टीकाकरण किया जायेगा और न ही इन लाइन फीडिंग की जायेगी और सारा कार्य ठप कर दिया जायेगा। यदि समस्या का निस्तारण नहीं किया गया तो हम सब आंदोलन /धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।।

### अव्यवस्थाओं के बीच आयुर्वेदिक चिकित्सालय संचालित



**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड रेहरा बाजार ब्लाक मुख्यालय स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय अव्यवस्थाओं व सुविधाओं के अभाव में संचालित हो रहा है। किराये के जर्जर मकान में संचालित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के आस पास गंदगी की भरमार है। इतना ही ने उक्त चिकित्सालय में विद्युत कनेक्शन तक नहीं है।दो कमरों के चिकित्सालय में मरीजों के बैठने व अस्पताल की दवायें आदि रखने तक की पर्याप्त जगह नहीं है। एक डाक्टर व एक वार्ड ब्वाय के सहारे संचालित होता है।संतोष कुमार, अमित कुमार सिंह, नीलम, अर्जुन, रोहित, मोहम्मद कैफ, अब्दुल कुददूस आदि ग्रामीणों ने राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय रेहरा बाजार के लिए विभागीय भवन निर्माण करवाने की मांग की है।

### नगर पंचायत कार्यालय में शोक सभा आयोजित



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे भाजपा मंडल उपाध्यक्ष डलमऊ एवं रामलीला कमेटी के पदाधिकारी रहे शिवाकांत मिश्रा की आकस्मिक मृत्यु हो जाने के चलते बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय डलमऊ में अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौड़ की अध्यक्षता में एक शोक सभा का आयोजन किया गया जहां पर शिवाकांत मिश्रा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिवार को दुख सहन करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौड़ ने बताया कि शिवाकांत मिश्रा भाजपा के कर्मठ और ईमानदार सिपाही थे वह पिछले कई वर्षों से रामलीला कमेटी डलमऊ में पूर्ण रूप से सक्रिय थे और वह रामलीला में भगवान राम सहित अन्य चरित्रों का अभिनय करते थे श्री मिश्रा के आकस्मिक निधन से हम सभी को अपार दुख हुआ है यह हम सभी के लिए अपूर्णनीय क्षति है इस मौके पर शुभम गौड़ गिरजा शंकर त्रिपाठी लिपिक सोहरावली फिरोज खान मनोज पांडे महेंद्र पटेल दिनेश त्रिपाठी मुन्नू मिश्रा सतीश जायसवाल विनोद निषाद आनंद त्रिवेदी दीपू जायसवाल मनमोहन यादव ऋतिक जायसवाल राहुल यादव एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

### जहरीले जंतु के काटने से किशोरी की मौत

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** मां एवं बहन के साथ बिस्तर पर सोई हुई एक किशोरी को जहरीले जंतु ने काट लिया किशोरी की चीख सुनकर परिजन दौड़े तो देखा वहां पर सांपों का जोड़ा दिखाई पड़ा जिस पर जनों ने एक टंकी में कैद कर लिया और किशोरी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंचाया गया जहां पर हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे एम्स मुंशीगंज के लिए रेफर कर दिया लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के कल्याणपुर बेती निवासी रिंकू की 10 वर्षीय बेटी आराध्या सोमवार रात को अपनी मां एवं बहन के साथ कमरे में सो रही थी मंगलवार सुबह लगभग 4:00 बजे जहरीले जंतु ने उसे डस लिया उसकी चीख सुनकर परिजन दौड़े और इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंचाया लेकिन हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उसे एम्स मुंशीगंज के लिए रेफर कर दिया गया मंगलवार देर रात को इलाज के दौरान किशोरी की मौत हो गई है परिजनों ने मौके पर मिले दो सांपों को एक टंकी में कैद कर लिया बुधवार तक दोनों सर्प टंकी में कैद रहे वहीं पर आराध्या की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया पारिवारिक जनों का रो–रो कर बुरा हाल है कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है।

### पटाखों के अवैध भण्डारण के खिलाफ जिला प्रशासन ने शुरु किया अभियान

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** सुरक्षित दीवाली के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। इसे लेकर पटाखों के अवैध भण्डारण के खिलाफ जिला प्रशासन ने अभियान शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ के नेतृत्व में ज़िले भर में टीमों का गठन कर दिया गया है। चीफ फायर ऑफिसर के निर्देशन में ज़िले भर की तहसीलों के एसडीएम और सीओ अपनी अपनी तहसीलों में छापेमारी कर अब तक बिना लाइसेंस के पटाखा बेच रहे कई छोटे दुकानदारों का सामान ज़ब्त कर चुके हैं। वहीं अग्निशमन अधिकारी और कर्मचारी पटाखा के लाइसेंसी दूकानदारों को आग से बचाव और उससे निपटने के उपायों को लेकर प्रशिक्षित भी कर रहे हैं। एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ ने आम लोगों से अपील की है कि वो अपनी व परिवार की सुरक्षा के लिए अवैध रूप से पटाखों की खरीद बिक्री न करें। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि जल्द ही दीवाली पर पटाखा बिक्री के लिए सुरक्षित स्थान चिन्हित कर अस्थाई लाइसेंस वितरित किये जायेंगे।

## अब हर गली मोहल्ले पहुंचेंगे फायर फाइटर




- आग लगने पर सकरी गलियों तक पहुंचेगी फायर बुलेट

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली शहर की संकरी और भीड़भाड़ वाली गलियों में अग्निशमन विभाग की बड़ी गाड़ियां ना पहुंच पाने के कारण समय रहते आग पर काबू पानी में दिक्कत हुआ करती थी। लेकिन अब अग्निशमन विभाग के पास दो पहिया व छोटी गाड़ियां मिल गई हैं जिससे अब संकरी व भीड़भाड़ वाली गलियों में भी फायरकर्मी समय रहते आसानी से पहुंच पाएंगे। और आग फैलने से पहले ही कंट्रोल में किया जा सकेगा। रायबरेली अग्निशमन विभाग में दोपहिया व एक छोटी चार पहिया व्हीकल आए हैं जिससे विभाग को भविष्य में अनेक लाभ होने वाले हैं।

इन गाड़ियों के बारे में जानकारी देते हुए जिला मुख्य अग्निशमन अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि अग्निशमन विभाग मुख्यालय की तरफ से जिले में तीन दो पहिया व एक छोटी वे भेजी गई है। दोपहिया वाहन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि इसमें पीछे की तरफ दो 25-25 लीटर की कैपेसिटी वाली पानी की टंकी लगी है। साथ ही आगे एक आग बुझाने वाला फोग सिलेंडर भी लगा है। साथ ही इस वाहन में एक मोटर पंप लगी है जो कि घरों में उपलब्ध समरसेबल के पानी को प्रयोग में लाकर आग पर काबू पा सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि एक छोटी वेन भी विभाग की तरफ से आई है। जिसमें 800 लीटर पानी की क्षमता वाला पानी टैंक है साथ ही इसमें 50 लीटर वाला फागिंग टैंक भी लगा है। दोपहिया व चार पहिया छोटी वेन के आ जाने से भीड़भाड़ वाले इलाके में लगी शुरुआती आग की हमारी गाड़ी समय रहते मौके पर पहुंच जाएगी और आग पर काबू पाया जा सकेगा।

### आगामी त्योहारों को लेकर अलर्ट हैं हम : सुनील सिंह

आगामी दीपावली के त्यौहार को मद्देनजर रखते हुए जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक अभियान चल रहा है। जितने भी आतिशबाजी बनाने का काम करने वाले लोग हैं पुलिस टीम, प्रशासन, फायर सर्विस की टीम अनवरत उनको अग्निशमन यंत्रों व उपाय के बारे में जानकारी दे रहे हैं। बच्चों, महिलाओं व दिव्यांग लोगों द्वारा जो अग्निशमन संबंधी सावधानी व संपूर्ण पालन हेतु विशेष अभियान दिवाली तक चलाया जा रहा है। हमारा उद्देश्य की अग्नि रहित दीपावली इस बार मनाई जा सके। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 6 फायर स्टेशन है। जिसमें 9 बड़ी फायर टेंडर हैं और तीन छोटी गाड़ियां हैं।

## हमेशा याद किए जाएंगे पूर्व विधायक गजाधर सिंह

- सहज सरल और सौम्य व्यक्तित्व के थे धनी

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

सहज सरल और सौम्य व्यक्तित्व के धनी राणा बेनी माधव बक्श सिंह स्मारक समिति के संरक्षक व पूर्व विधायक गजाधर सिंह का आकस्मिक निधन 13 अक्टूबर 2024 को हो गया था।इस दुखद खबर ने रायबरेली जनपद के प्रत्येक वर्ग के जनमानस की आंखों को नम कर दिया।

राणा बेनी माधव बक्श सिंह स्मारक समिति रायबरेली के तत्वाधान में एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जिसमें जनपद रायबरेली के सभी वर्गों ने शिरकत कर उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी। भावपूर्ण श्रद्धांजलि श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समिति के अध्यक्ष व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष



राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जीवन में युद्ध है संघर्ष है युद्ध नहीं है जिनके जीवन में हुए बड़े अभागी होंगे रन से भागी होंगे। पूर्व राज्य मंत्री वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि स्वर्गीय गजाधर सिंह जुझारु जमीनी नेता रहे हैं उन्होंने गजाधर सिंह से संबंधित कई व्याख्यान भी सुनाएं। वही पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद इलियास ने कहा कि संघर्ष में गजाधर सिंह का कोई सानी नहीं था वह हमेशा संघर्ष को अपना हथियार मानते थे। सदर विधायक अदिति सिंह ने कहा कि पिताजी के न रहने पर वे अभिभावक की तरह हमेशा साथ खड़े रहे। डायट प्राचार्य जय प्रताप सिंह ने कहा कि 1979 से उनसे मेरा जुड़ाव रहा मेरा अधिकारी बनना उनकी कृपा प्रसाद व उनकी प्रेरणा है। समिति के संरक्षक राजा राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि वह हमेशा अध्यक्ष जी के रूप में संबोधित करते थे। राजनीति को पैसा कमाने का जरिया नहीं बनाया पूर्ण रूप से सामाजिक व्यक्ति थे। आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि गजाधर सिंह जनमानस के नेता थे अपने कर्तव्य का निर्वहन बड़ी सरलता से करते थे। भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने कहा कि रायबरेली जनपद के गौरव रहे सिंह कहा करते थे कि हार जीत जीवन संघर्ष का हिस्सा है डरो मत अपना कार्य करते रहो। हरिहर सिंह ने कहा कि वह हमेशा बाबू साहब कैसे हो टाइगर पुकारते थे उनका जीवन संघर्ष प्रेरणादायक है। वहीं भाजपा के पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा निडरता से अपनी बात रखने वाले गजाधर सिंह हमेशा युवाओं का मनोबल बढ़ाते रहते थे। सरेनी के ही पूर्व विधायक अशोक सिंह ने कहा अपनों की समस्याओं के लिए उनके जैसा संघर्ष करने वाला दूसरा नहीं देखा। समिति के सदस्य राजवंत सिंह ने कहा कि हमने तो बचपन से ही उनके संघर्षों से प्रेरणा ली है। विजय रस्तोगी ने कहा कि मेरे लिए प्रेरणा स्रोत थे गजाधर सिंह से अदृश्य छाया की तरह उनका आशीर्वाद मिलता रहा है। वहीं भाजपा नेता व समिति के उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह ने कहा कि सामाजिक व राजनीतिक दायित्व का निर्वाह करने में स्वर्गीय सिंह आगे रहे और वह संघर्ष के पर्याय थे।

### दो पर दर्ज हुआ नाबालिग लड़की को भागा ले जाने का मुकदमा

**महराजगंज/रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से नाबालिक लड़की को बहला–फुसला कर भाग ले जाने का मामला प्रकाश में आया है, पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर दो नामजद आरोपियों के विरुद्ध के दर्ज कर लिया है। लड़की की तलाश शुरू कर दी है। आपको बता दें कि, पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को दी गई तहसील में कहा है कि, वह घर से बाहर काम से गई हुई थी, उनकी नाबालिक बेटी घर पर अकेली थी, तभी मिल एरिया थाना क्षेत्र के सन्दी नागिन गांव के रहने वाले राहुल पुत्र अज्ञात और ओमप्रकाश पुत्र अज्ञात आए और उसकी नाबालिक पुत्री को घर में अकेला पाकर बहला–फुसला कर कहीं भाग ले गए। पुलिस ने मिली तहरीर के आधार पर दो नामजद आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। मामले की छानबीन शुरू कर दी है। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि, महिला द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर दो के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस टीम गठित कर लड़की और की तलाश शुरू कर दी गई है।

## सहकर्मी की मौत से नाराज सफाई कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

संचारी रोग नियंत्रण के अंतर्गत लगी सफाई कर्मियों की टीम में एक सफाई कर्मी की हालत अचानक बिगड़ गई साथी उसे अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन उसकी मौत हो गई।

सफाई कर्मी की मौत की खबर परिजनों को मिली तो घर में माता मच गया वही सफाई कर्मियों ने उच्च अधिकारियों पर हालत बिगड़ने पर छुट्टी न देने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया डलमऊ विकासखंड के 14 मील निवासी जीवन कुमार सफाई कर्मी के पद पर तैनात थे मंगलवार को संचारी रोग नियंत्रण के अंतर्गत सफाई कर्मियों की टीम खड़कपुर कुर्मीयाना में काम कर रही थी जिसमें जीवन कुमार भी थे कार्य करते समय अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई सफाई कर्मियों का आरोप है कि जीवन कुमार ने फोन पर एडियो पंचायत से छुट्टी मांगी थी लेकिन उसे छुट्टी नहीं मिली कुछ देर

### सफाई कर्मचारी संघ ने लगाया प्रताड़ना का आरोप

सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष दुर्गेश कुमार दीपेंद्र कुमार अशोक कुमार सीमा वर्मा राकेश कुमार शिवकांत सहित समस्त सफाई कर्मियों ने एडियो पंचायत कैलाश नाथ पटेल एवं खंड विकास अधिकारी सत्यदेव यादव पर कर्मचारियों के साथ प्रताड़ना का आरोप लगाया है ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश कुमार ने बताया कि सफाई कर्मियों के साथ आए दिन उच्च अधिकारी मनमानी करते हैं आवश्यक कार्य विषम परिस्थितियों में छुट्टी नहीं दी जाती है जिसका नतीजा यह है कि जीवन कुमार की मौत हो गई सभी सफाई कर्मियों ने जांच कर कार्रवाई की मांग की है।



बाद उसकी हालत ज्यादा बिगड़ गई साथी सफाई कर्मी उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन उसकी तब तक मौत हो गई बुधवार को सफाई कर्मी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश कुमार की अगुवाई में विकासखंड के समस्त सफाई कर्मियों ने प्रदर्शन करते हुए एडियो पंचायत व खंड विकास अधिकारी पर कर्मचारियों को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया, है। सफाई कर्मियों का कहना है कि आवश्यक कार्य पड़ जाने पर उच्च अधिकारियों के द्वारा छुट्टी नहीं दी जाती है मंगलवार को जीवन कुमार की हालत बिगड़ी और उसे छुट्टी नहीं मिली जिस वजह से उसका समय से इलाज नहीं हो सका और उसकी मौत हो गई सफाई कर्मियों ने उच्च अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की है।

> मृतक सफाई कर्मी जीवन कुमार के द्वारा किसी प्रकार की कोई छुट्टी नहीं मांगी गई थी मंगलवार को अचानक उसके सीने में दर्द हुआ इलाज के लिए वह मोटरसाइकिल से अस्पताल गया जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।
> **सत्यदेव यादव, खंड विकास अधिकारी**

## बैंक की बकाया राशि न देने पर बककयेदार की भूमि कुर्क

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

तहसीलदार उतरौला की अध्यक्षता में गठित टीम ने ग्राम सभा नेवादा में कुर्की की कार्यवाही दिनांक को किया है।

ग्राम सभा नेवादा के कफील अहमद पुत्र अब्दुल अहमद ने प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा सादुल्लानगर से दिनांक 22/10/2011 को केसीसी हेतु दो लाख रुपए का ऋण लिया था।ऋण राशि जमा नहीं करने के कारण 31/03/2024 की तिथि तक इनका बकाया 405507 रुपए हो था। ऋण राशि की वसूली हेतु बैंक द्वारा संपूर्ण प्रयास करने के बाद भी इन्होंने ने अपने बकाया धनराशि को जमा नहीं किया। बैंक व तहसील के अधिकारियों को गुमराह करते रहे जिसके कारण दिनांक 15/10/2024 को इनकी बैंक के पक्ष में बंधक संपूर्ण भूमि को कुर्क कर लिया गया है। कुर्क की गई भूमि ग्राम सभा नेवादा में गाटा संख्या 35 रकबा 1.6190 हे0 है।



कुर्की टीम की अध्यक्षता तहसीलदार उतरौला सत्यपाल प्रजापति ने संबंधित बैंक शाखा प्रबंधकों के साथ जिनमें प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा सादुल्लानगर के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक देव व्रत गुप्ता,शाखा मददौ घाट के शाखा प्रबंधक मिन्हाज उल आब्दीन खान, इंडियन बैंक शाखा सादुल्लानगर के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक विनोद कुमार शामिल थे। तथा तहसील के तीन संग्रह अमीन अमरेश वर्मा,प्रमोद श्रीवास्तव,रविन्द्र कुमार त्रिपाठी, दो लेखपाल देवी बख्श सिंह,सुनील कुमार के साथ साथ थाना सादुल्लानगर के पुलिस अधिकारी भी शामिल थे ।

इंडियन बैंक शाखा सादुल्लानगर के बकाएदार गंगाराम पुत्र नगेसर इस समय 935461 के बकाएदार की भूमि को भी कुर्क कर लिया गया है। कुर्क किए गए भूमि का गाटा संख्या 823,868 भूमि 0.4460 हे0 है।

सादुल्लानगर क्षेत्र में बैंक एवं तहसील की संयुक्त टीम द्वारा कुर्की एवं नीलामी की कार्यवाही को विगत कुछ माह से प्रभावी ढंग से किया जा रहा है।और आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी ऐसा तहसील के अधिकारी व बैंक के अधिकारियों के संयुक्त बयान हैं।

### प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे सम्मानित, रामलीला महोत्सव का समापन सफलता पूर्वक संपन्न

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** श्री नवरात्रि दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस और रामलीला महोत्सव के समस्त कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे को श्री रामलीला कमेटी द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए, जो उनके समर्पण और नेतृत्व की सराहना के प्रतीक थे। इस दौरान गांधी नगर चौकी इंचार्ज मनीष कुमार सिंह, अमित कुमार गुप्ता, संतोष कुमार कसौधन, फणींद्र कुमार गुप्ता, और रवि कुमार गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने प्रभारी निरीक्षक के कुशल प्रबंधन और सामुदायिक सेवा की सराहना की। इस वर्ष का नवरात्रि और रामलीला महोत्सव क्षेत्र के निवासियों के लिए विशेष रूप से यादगार साबित हुआ। प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे और उनकी टीम के प्रयासों से सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हुए। सामुदायिक सहभागिता और पुलिस की सतर्कता ने इस उत्सव को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रामलीला कमेटी के सदस्यों ने भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने न केवल आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने में मदद की बल्कि प्रभारी निरीक्षक और उनकी टीम के कार्यों की सराहना भी की। इस सम्मान समारोह ने स्थानीय प्रशासन और समुदाय के बीच बेहतर तालमेल और विश्वास को और मजबूत किया।

## जनपद में खाद एवं उर्वरक की नहीं है कोई कमी : जिलाधिकारी




- सभी कृषकों को उपलब्ध कराई जाएगी खाद
- कालाबाजारी करने वालों की विरुद्ध होगी कड़ी कार्रवाई

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

कृषि एवं कृषि संबंधित योजनाओं की जानकारी कृषक भाईयो को प्रदान किए जाने एवं कृषक भाईयो की समस्या एवं शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में विकास भवन में किसान दिवस संपन्न हुआ।

इस दौरान किसान दिवस में सभी विकास खंडों से आए कृषक बंधुओ से डीएम द्वारा कृषि एवं कृषि संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर गहन वार्ता की गई एवं उनके सुझाव एवं शिकायते सुनी गई। उन्होंने कृषक बंधुओ द्वारा दिए गए बेहतर सुझावों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को क्रियान्वयन एवं शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया। इस दौरान कृषकों को सुपर यूरिया उर्वरक का प्रयोग किए जाने को जागरूक किया। डीएम ने कहा की जनपद में रबी फसलों की बुवाई हेतु समस्त प्रकार के खाद एवं उर्वरक की कोई भी कमी नहीं है , सभी कृषक भाईयो को मांग के अनुसार उर्वरक उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि उर्वरक की निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर विक्री करने, घटतौली अथवा कालाबाजारी पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी एवं संबंधित अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय की जायेगी। इस दौरान डीएम ने किसान दिवस में अनुपस्थित अधिशासी अभियंता नलकूप को स्पष्टीकरण दिए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग के साथ-साथ कृषि संबंधी विभागों के अधिकारी विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए कृषक भाईयो को योजनाओं का लाभ प्रदान करना सुनिश्चित करें। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, जिला विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी ग्राम्य विकास विभाग, उपनिदेशक कृषि, लीड बैंक मैनेजर, डीडीएम नाबार्ड, जिला कृषि अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## धूमधाम से किया गया भगवान राम का राज्याभिषेक

**सादुल्लानगर/ बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के अचलपुर चौधरी में रामलीला कमेटी के तत्वावधान में चल रहे भव्य रामलीला आयोजन ने श्रद्धालुओं के दिलों में भक्ति और आस्था की नई लहर पैदा कर दी है। इस धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन भाग लेकर अपनी आस्था प्रकट कर रहे हैं।

मंदिर प्रांगण में बने राजगद्दी स्थल पर भगवान रामचंद्र का अयोध्या



आगमन हुआ, जहां भगवान रामचंद्र का विधिपूर्वक पुरोहित विनोद कृष्ण शांस्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ राज्याभिषेक किया गया।पूर्व ब्लॉक प्रमुख, महंत वीरेंद्र दास महाराज व समाजसेवी संतराम मिश्रा ने तिलक लगाकर स्वयं भगवान श्रीराम का राजतिलक कर राज्याभिषेक संपन्न किया और इस भव्य लीला का प्रारंभ किया। राज्याभिषेक के पश्चात, भगवान श्री रामचंद्र जी की आरती और पूजन भी पूरे श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। इस आयोजन में, रामलीला कमेटी द्वारा समाजसेवियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रामलीला मंचन कर रहे सभी कलाकारों और कमेटी के सदस्यों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनका उत्साह और समर्पण और भी बढ़ गया। मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख मंहन्थ वीरेन्द्र दास ने प्रभु श्री राम के आदर्शों के महत्व के बारे मे बताया और कहा कि अपने दुष्ट रूपी रूपी रावण को जब मारों तभी असली विजय दशमी का तत्व है तभी मानव के अन्दर सच्ची मानवता है। इस अवसर पर कार्यवाहक अध्यक्ष राम सागर शर्मा, ग्राम प्रधान संजय शर्मा, बजरंगी गुप्ता, दिलीप पाडेय, भाईराम मिश्र, हरीराम मिश्र, अरविद उपाध्याय, विशाल तिवारी,अरविन्द्र मिश्र,रमेश जायसवाल, संतोष चौहान, मोहन चौहान, मौनी शरण श्रीवास्तव, चन्द्रभान मिश्र, राहुल, दिलीप वर्मा, राजू, महेश कुमार, अन्नू ओझा व रमाकांत पाडेय, शुभम मिश्र, गौरी शंकर, पूरन कश्यप, विशाल पाडेय व विनय श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे.।

## भारत-कनाडा दुर्भाग्यपूर्ण विवाद

गत एक वर्ष से अधिक समय से भारत तथा कनाडा के बीच जारी कड़वे विवाद का जो चरम हाल ही में देखने में आया है, वह दोनों देशों के दीर्घकालीन संबंधों के हित में कदापि नहीं कहा जा सकता है। निश्चय ही यह दोनों देशों के रिश्तों में अब तक की सबसे बड़ी गिरावट है। अपने घरेलू राजनीतिक हितों को साधने के लिये जस्टिन ट्रूडो के हालिया तल्ख आरोपों के चलते ही भारत आलोचना-निंदा जैसे कदमों से कहीं और आगे निकल गया है। भारत की यह प्रतिक्रिया स्वाभाविक ही थी जब जून 2023 में कट्टरपंथी सिख नेता हरदीप सिंह निज्जर, जिसे भारत ने आतंकवादी घोषित किया था, की हत्या में शीर्ष भारतीय राजनयिकों की संलिप्तता के आरोप कनाडा सरकार द्वारा लगाये गए। नई दिल्ली ने खुले तौर पर इस कटुता को पैदा करने में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रडो की नकारात्मक भूमिका का आरोप लगाया है। जिसके मूल में उनका घरेलू राजनीतिक एजेंडा है। भारत सरकार ने उन पर आरोप लगाया है कि अपनी अल्पमत सरकार को बचाने के लिये तैयार घरेलू एजेंडे के तहत ही जस्टिन ट्रूडो भारत के प्रति शत्रुतापूर्ण रवैया अपना रहे हैं। निश्चित रूप से इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम की परिणति के चलते राजनयिकों के निष्कासन ने दोनों देशों के संबंधों को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। यह निर्विवाद सत्य है कि पिछले एक साल से जारी इस विवाद को सुलझाने में कनाडा की तरफसे संयम दिखाने के प्रयास ना के बराबर ही हुए हैं। जिसकी जवाबदेही जस्टिन ट्रूडो को ही स्वीकारनी होगी। दरअसल, कनाडा में अल्पमत सरकार चला रहे जस्टिन ट्रूडो लगभग नौ वर्ष के कार्यकाल के दौरान अपने घर में लगातार अलोकप्रिय होते जा रहे हैं। यहां तक कि उनके अपने राजनीतिक दल लिबरल पार्टी में उनका मुखर विरोध हो रहा है। इसके चलते पार्टी के भीतर पद छोड़ने को लेकर लगातार दबाव बढ़ रहा है। जो उनकी अपरिपक्व राजनीति का ही पर्याय कहा जा सकता है। दरअसल, अपनी सत्ता को डांवाडोल होते देख, कनाडा के लोगों का ध्यान हटाने के लिये ट्रूडो इस तरह के अप्रिय विवादों को हवा दे रहे हैं। आरोप लगाया जा रहा है कि सत्ता पर कब्जा बनाये रखने के लिये ट्रूडो सिख चरमपंथी तत्वों का तुष्टीकरण करने हेतु इस तरह के आरोपों को हवा दे रहे हैं। निश्चय ही भारत पर इस तरह के आरोप, राजनीतिक आकांक्षाओं के चलते लगाने से भारत के साथ कनाडा के संबंधों को जो नुकसान होगा, उसकी भरपाई करना अगले कुछ वर्षों में संभव नहीं हो सकेगा। निस्संदेह इस घटनाक्रम ने राजनयिक संकट को और गहरा किया है। इसमें दो राय नहीं कि भारत कनाडा सरकार द्वारा लगातार अलगाववादियों को समर्थन देने पर चिंता व्यक्त करता रहा है। लेकिन अपनी सरकार बचाने में जुटे जस्टिन ट्रूडो ने भारत की मांग को कभी भी गंभीरता से नहीं लिया है। जो मामला अब लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। यह अजीब बात है कि कनाडा सरकार सिख अलगाववादियों को निशाना बनाने के लिये आपराधिक नेटवर्क चलाने का आरोप लगा रही है। हालांकि, भारत विगत में ओटावा से भारतीय मूल के गैंगस्टरों पर लगाम लगाने के लिये कहता रहा है। बहरहाल, आक्रामक राजनीति का यह रवैया भारत-कनाडा के संबंधों को लगातार खतरे में डाल रहा है। निर्विवाद रूप से यह चिंताजनक स्थिति किसी भी देश के हित में नहीं है। निश्चित रूप से बंद दरवाजों के पीछे कूटनीतिक संबंधों की गुंजाइश कायम रहनी चाहिए।

# भारत-अमेरिकी रक्षा डील और चीन-पाकिस्तान की सांसें सील

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**



**पाकिस्तान-चीन या अन्य किसी सीमा पर ड्रोन को बहुत अधिक ऊंचाई पर उड़ाया जाएगा तो वह भारत की सीमा में रहते हुए भी यह जान लेगा कि उनकी सीमाओं के अंदर क?या चल रहा है। साथ ही ये ड्रोन हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस की कैटेगरी में आते हैं यानी कि यह 40 घंटे से अधिक समय तक किसी भी प्रकार के मौसम से प्रभावित हुए बिना उड़ान भर सकते हैं। ड्रोन की रेंज 1850 किलोमीटर तक है । एक तरीके से भारत के हाथ में ये ड्रोन आने के बाद इस्लामाबाद से लेकर पाकिस्तान से ज्यादातर शहर नई दिल्ली की जद में होंगे। यही स्थिति भारत की दूसरी सीमाओं से सटे देशों की है। यह सवाल महत्वपूर्ण है कि आखिर भारत सरकार ने अमेरिका से इसी ड्रोन को खरीदने में अपनी सबसे ज्यादा रुचि क्यों दिखाई? जब इस प्रश्न का जवाब खोजने का प्रयत्न किया गया, तब अमेरिकी स्टेट डिपार्टमेंट की वेबसाइट के अध्ययन से ध्यान में आया कि ये सर्च और रेस्क्यू से लेकर लॉ एनफोर्समेंट, बॉर्डर एनफोर्समेंट, काउंटर अटैक जैसे मिशन के लिए बेहद कारगर साबित होते रहे हैं और हर बार अपने को सिद्ध करते रहे हैं। अमेरिका ने जहां भी इनका प्रयोग किया, इसके जरिए वह जमीन से लेकर हवा तक अपने दुश्मनों को समाप्त करने के बहुत हद तक सफल रहा।**

भारत की चारों दिशाओं से सीमाओं को सुरक्षित करने की दृष्टि से एक अच्छी खबर आई है। अमेरिका के साथ 31 एमक्यू -9क्ड्रोन (प्रीडेटर ड्रोन) खरीदने की डील साइन कर ली गई है। वस्तुतः एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन को लेकर भारत-अमेरिका का यह अनुबंध इसलिए खास है क?योंकि इसके जरिए टारगेट को दूर से ही खत्म किया जा सकता है । इस ड्रोन को बनाने वाली कंपनी जनरल एटॉमिक्स, इसके मल्टीटैलेंटेड होने का दावा करती है। उसका कहना है कि जासूसी, सर्विलांस, इन्फॉर्मेशन कलेक्शन के अलावा एयर सपोर्ट बंद करने, राहत-बचाव अभियान और हमला करने के लिए इसका इस्तेमाल हो सकता है। ड्रोन 2177 किलोग्राम का पेलोड अपने साथ ले जा सकते हैं। इनमें लेजर गाइडेड मिसाइल, एंटी टैंक मिसाइल और एंटी शिप मिसाइलें लगी हैं। ये मानवरहित ड्रोन रिमोट से संचालित किए जाते हैं। एक साथ जमीन से लेकर आसमान और समंदर से लॉन्च किए जा सकते हैं।

यह एक बार उड़ान भरने के बाद 1900 किलोमीटर क्षेत्र की निगरानी कर सकता है। हालांकि भारत के पास पहले से ही चार ताकतवर ड्रोन मौजूद हैं, किंतु इनसे भारतीय बेड़े में शामिल होने से सेना की ताकत हवा में बहुत बढ़ जाएगी। अभी भारत के पास जो ड्रोन हैं, उनमें स्वार्म ड्रोन की यह खासियत है कि वह छोटे-छोटे ड्रोन्स में एक साथ मिलकर हमले को अंजाम देते हैं। इसी तरह से दूसरा हरोप ड्रोन एक इजराइली ड्रोन है। अभी भारतीय सेना के पास यह 150 से ज्यादा हैं। तीसरा, हेरॉन ड्रोन और चौथा सर्चर भी इजराइली ड्रोन हैं, जिसमें कि भारतीय सेना में हेरॉन ड्रोन की तैनाती लद्दाख क्षेत्र की नगरानी करने के लिए की गई है। वहीं, सर्चर ड्रोन को भारतीय सेना लंबी दूरी की सर्विलांस के लिए इस्तेमाल कर रही है। अब इस नए ड्रोन एमक्यू-9बी के सेना में शामिल होने के बाद भारत की सीमाओं की चौकसी करना और अधिक आसान होगा। इसकी सबसे बड़ी खासियतों में बिना आवाज किए काम करने की है। यह जमीन से 250 मीटर की ऊंचाई पर उड़ सकता है। इसके बाद भी टारगेट को इसकी भनक नहीं लगती। यह 442 किलोमीटर की दूरी पर सिर्फ एक घंटे में पहुंच जाता है।

पाकिस्तान-चीन या अन्य किसी सीमा पर ड्रोन को बहुत अधिक ऊंचाई पर उड़ाया जाएगा तो वह भारत की सीमा में रहते हुए भी यह जान लेगा कि उनकी सीमाओं के अंदर क?या चल रहा है। साथ ही ये ड्रोन हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस की कैटेगरी में आते हैं यानी कि यह 40 घंटे से अधिक समय तक किसी भी प्रकार के मौसम से प्रभावित हुए बिना उड़ान भर सकते हैं। ड्रोन की रेंज 1850 किलोमीटर तक है । एक तरीके से भारत के हाथ में ये ड्रोन आने के बाद इस्लामाबाद से लेकर पाकिस्तान से ज्यादातर शहर नई दिल्ली की जद में होंगे। यही स्थिति भारत की दूसरी सीमाओं से सटे देशों की है। यह सवाल महत्वपूर्ण है कि आखिर भारत सरकार ने अमेरिका से इसी ड्रोन को खरीदने में अपनी सबसे ज्यादा रुचि क्यों दिखाई? जब इस प्रश्न का जवाब खोजने का प्रयत्न किया गया, तब अमेरिकी स्टेट डिपार्टमेंट की वेबसाइट के अध्ययन से ध्यान में आया कि ये सर्च और रेस्क्यू से लेकर लॉ एनफोर्समेंट, बॉर्डर एनफोर्समेंट, काउंटर अटैक जैसे मिशन के लिए बेहद कारगर साबित होते रहे हैं और हर बार अपने को सिद्ध करते रहे हैं। अमेरिका ने जहां भी इनका प्रयोग किया, इसके जरिए वह जमीन से लेकर हवा तक अपने दुश्मनों को समाप?त करने के बहुत हद तक सफल रहा। साल 2022 में अमेरिका ने अलकायदा के खूंखार आतंकवादी अयमान-अल-जवाहिरी को काबुल में इन्हीं ड्रोन्स के जरिए ही मार गिराया। वह बालकनी में टहलने के लिए निकला तभी उस पर रीपर ड्रोन से दो हेलफायर मिसाइलें दागी गईं। इस तरह से अमेरिका ने 9/11 हमले का बदला ले लिया । इतना ही नहीं अमेरिका ने इस ड्रोन की ताकत को देखते हुए ही इन्हें सोमालिया, यमन और लीबिया में इस्तेमाल किया और अभी भी निगरानी के तौर पर इनका इस्तेमाल पुरी दुनिया में अमेरिका द्वारा किया जा रहा है। वह अमेरिका का रीपर ड्रोन ही था, जिससे अलकायदा के ओसामा बिन लादेन की निगरानी की और उसे नेवी सील्स द्वारा 2011 में पाकिस्तान के ऐबटाबाद में मार गिराने में सफलता हासिल हुई ।

इस ड्रोन की मारक क्षमता और ताकत को देखते हुए ही मोदी सरकार पिछले एक साल से अमेरिका के पीछे पड़ी थी कि इन?हें भारत को मुहैया कराया जाए । इसके लिए क्वाड समिट से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात भी की थी। इस मुलाकात में भारत की अमेरिका से एमक्यू 9बी प्रिडेटर ड्रोन्स की डील पक?की हुई। इसमें भी एक अच?छी बात अनुबंध के समय यह रही है कि सुरक्षा कारणों को देखते हुए मोदी सरकार ने सभी निर्णय अपने समर्थन के करवाए मसलन, डील के अनुसार जनरल एटॉमिक्स कंपनी ड्रोन के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल के लिए भारत में केंद्र खोलेगी। । समझौते के तहत भारतीय नौसेना को 15 ड्रोन दिए जाएंगे, जबकि भारतीय वायुसेना और थलसेना को आठ-आठ ड्रोन दिए जाएंगे। इनको भारत की चारों दिशाओं में तैनात किया जाएगा।

अब रक्षा विशेषज्ञ कह रहे हैं कि इन मानव रहित विमानों का इस्तेमाल एयरबोर्न अर्ली वार्निंग, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, एंटी-सरफेस वॉरफेयर और एंटी-सबमरीन वॉरफेयर में किया जा सकता है। निश?चित ही इससे भारत को बहुत ताकत मिलेगी। ये अनुबंध दोनों देशों के रक्षा साझेदारी को बढ़ावा देगा, जिसमें सैन्य इंटरऑपरेबिलिटी, इंटेलिजेंस-शेयरिंग, स्पेस और साइबर सहयोग शामिल हैं।

इसके साथ ही दोनों देशों की सेना खुफिया जानकारी साझा करेगी। इससे सभी क्षेत्रों में भारत की सशस्त्र सेनाओं की खुफिया, निगरानी और टोही क्षमताओं में वृद्धि होगी। भारत एलएसी से लगे एरिया में चीन को भनक लगे बिना उसकी निगरानी करने में और अधिक सक्षम होगा । वहीं, उसे साउथ चाइना सी में चीन की घुसपैठ को रोकने के इस ड्रोन की मदद से बहुत मदद होगी। सीमाओं की चौकसी को और अधिक मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए अंत में यही कहना होगा, धन्यवाद भारत सरकार!, धन्यवाद मोदी सरकार!

## विचार

# देश के रेलवे नेटवर्क में क्यों होते है सिग्नल फेल

**प्रियंका सौरभ**



**2024 मैसूर-दरभंगा टक्कर सिग्नलिंग विफलता के कारण हुई। ट्रेन को गलत ट्रैक पर ले जाया गया। 2017 कलिंग उत्कल एक्सप्रेस के पटरी से उतरने की घटना का कारण ट्रैक की खराब स्थिति को बताया गया था। अत्यधिक काम करने वाले कर्मचारी, विशेष रूप से लोकोमोटिव पायलट, अक्सर तनावपूर्ण परिस्थितियों में काम करते हैं, जिससे त्रुटियां होती हैं। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की 2021 की रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया कि प्रशिक्षित कर्मचारियों की कमी सीधे सुरक्षा को प्रभावित करती है।**

देश का रेलवे बुनियादी ढांचा विशालतम होने के साथ बेहद पुराना है। इसके पुराने होने की वजह से भी विभिन्न कमियों के कारण दुर्घटनाओं का खतरा मंडराता रहता है। हाल ही में सिग्नल की विफलता के कारण मैसूर-दरभंगा एक्सप्रेस चेन्नई के पास एक स्थिर मालगाड़ी से टकरा गई, जिससे मजबूत सुरक्षा उपायों की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश पड़ा। दुनिया के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क में से एक होने के बावजूद, इस तरह की घटनाएं आधुनिकीकरण की आवश्यकता को रेखांकित करती हैं।

दरअसल, भारतीय रेलवे के एक लाख किलोमीटर से अधिक फैले देशव्यापी ट्रैक नेटवर्क के जरिये प्रतिदिन करीब ढाई करोड़ यात्री अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचते हैं। साल 2019-20 की एक सरकारी रेलवे सुरक्षा रिपोर्ट में पाया गया है कि 70 फीसदी रेलवे दुर्घटनाओं के लिए उनका पटरी से उतरना जिम्मेदार रहा। इसके बाद ट्रेन में आग लगने और टक्कर लगने के मामले आते हैं, जो कुल दुर्घटनाओं में क्रमशः 14 और आठ फीसदी के लिए जिम्मेदार हैं। इस रिपोर्ट में साल 2019-20 के दौरान 33 यात्री ट्रेनों और सात मालगाड़ियों के पटरी से उतरने की घटनाएं गिनाई गईं। इनमें से 17 दुर्घटनाएं में ट्रैक में खराबी के कारण हुईं। नौ हादसे ट्रेनों, इंजन, कोच, वैगन में खराबी के कारण हुए। ट्रेनों का पटरी से उतरना रेलवे के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है।

एक ट्रेन कई कारणों से पटरी से उतर सकती है। ट्रैक का रखरखाव खराब हो सकता है, कोच खराब हो सकते हैं और गाड़ी चलाने में गलती हो सकती है। ट्रेन हादसों को रोकने के लिए ट्रेन की पटरियों का मरम्मत कार्य होते रहना बहुत जरूरी है। धातु से बनी रेलवे पटरियां गर्मी के महीनों में फैलती हैं और सर्दियों में तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण सिकुड़ती है। ऐसे में इनके नियमित रख-रखाव की जरूरत होती है। जरा-सी लापरवाही बड़े हादसे की वजह बन सकती है। ढीले ट्रैक को कसना, स्लीपर बदलना और अन्य चीजों के अलावा, चिकनाई और समायोजन स्विच। इस तरह का ट्रैक निरीक्षण पैदल, ट्रॉली, लोकोमोटिव और अन्य वाहनों द्वारा किया जाता है। कई वर्ग अभी भी मैन्युअल सिग्नलिंग पर भरोसा करते हैं, जिससे मानवीय त्रुटि का खतरा बढ़ जाता है, जो दुर्घटनाओं का एक महत्वपूर्ण कारक है। 2024 मैसूर-दरभंगा टक्कर सिग्नलिंग विफलता के कारण हुई। ट्रेन को गलत ट्रैक पर ले जाया गया। 2017 कलिंग उत्कल एक्सप्रेस के पटरी से उतरने की घटना का कारण ट्रैक की खराब स्थिति को बताया गया था। अत्यधिक काम करने वाले कर्मचारी, विशेष रूप से लोकोमोटिव पायलट, अक्सर तनावपूर्ण परिस्थितियों में काम करते हैं, जिससे त्रुटियां होती हैं। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की 2021 की रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया कि प्रशिक्षित कर्मचारियों की कमी सीधे सुरक्षा को प्रभावित करती है। कई भारतीय रेलगाड़ियां पुराने कोचों का उपयोग करती हैं, जिनमें क्रैशवर्थी डिजाइन जैसी आधुनिक सुरक्षा सुविधाओं का अभाव होता है। 2023 की ओडिशा दुर्घटना में पुराने आईसीएफ कोच शामिल थे, जो आधुनिक एलएचबी कोचों की तुलना में कम प्रभाव-प्रतिरोधी थे। मजबूत आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र की कमी भी दुर्घटना होने पर क्षति को बढ़ा देती है। 2023 की बालासोर दुर्घटना में मलबा हटाने में छह घंटे से अधिक का समय लगा, जिससे बचाव कार्यों में देरी हुई।

इन कमियों को दूर करने में कवच प्रणाली की भूमिका बहुत ही अहम है, कवच प्रणाली लाल सिग्नल पार करने पर ट्रेनों को स्वचालित रूप से रोक देती है, जिससे खतरनाक टकराव को रोका जा सकता है। रेल मंत्रालय ने दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-हावड़ा मार्गों पर कवच लागू किया है। इसके बाद रेल हादसों में कमी आई। कवच यह पता लगाता है कि दो ट्रेनें एक ही ट्रैक पर हैं और टक्कर को रोकने के लिए स्वचालित रूप से ब्रेक लगता है। दक्षिण-मध्य रेलवे नेटवर्क पर कवच सुनिश्चित करता है कि ट्रेनें गति सीमा से अधिक न चलें। कवच लोकोमोटिव पायलटों पर कार्यभार कम करता है, मानवीय त्रुटियों को कम करता है। परीक्षणों से पता चला है कि कवच-संरक्षित ट्रेनों का उपयोग करने वाले पायलटों के बीच थकान सम्बंधी त्रुटियों में 50 फीसद की कमी आई है। कवच का एकीकरण कई बुनियादी ढांचे की चुनौतियों का समाधान करते हुए अधिक डिजिटलीकृत और स्वचालित रेलवे प्रणाली की ओर बदलाव का संकेत देता है। राष्ट्रीय रेल योजना 2030 में कवच को 34,000 किलोमीटर के उच्च-घनत्व वाले मार्गों पर विस्तारित करने की परिकल्पना है। 2024 के रेल बजट में 1, 112.57 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसी में से प्रमुख रेलवे गलियारों में कवच स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) प्रणाली का विस्तार होना है। कवच के कार्यान्वयन के बाद बेंगलुरु-चेन्नई मार्ग पर आपातकालीन प्रतिक्रिया समय कम हो गया है।

## कांग्रेस को महाराष्ट्र में अधिक सावधान रहना होगा

**कल्याणी शंकर**

कांग्रेस पार्टी को अपने इंडिया गठबंधन सहयोगियों की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि उसने हाल ही में हरियाणा विधानसभा चुनाव को ठीक से नहीं लड़ा, जिससे भाजपा को दस साल की सत्ता विरोधी लहर के बावजूद तीसरी बार जीत हासिल करने का मौका मिल गया। अधिकांश एग्जिट पोल ने कांग्रेस की स्पष्ट जीत की भविष्यवाणी की थी, लेकिन भाजपा ने 90 में से 48 सीटें हासिल कीं, एक ऐसी जीत जिसने खुद भाजपा को भी चौंका दिया।

यदि कांग्रेस हरियाणा में जीत जाती तो कांग्रेस के पुनरुत्थान की कहानी को बढ़ावा मिलता। हालांकि, कांग्रेस ने हाल ही में आंतरिक संघर्षों के कारण यह पांचवां विधानसभा चुनाव गंवा दिया। इसके पहले वह पंजाब, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में हार चुकी थी। अब यह अनिश्चित है कि इंडिया गठबंधन में उसकी साझेदार राजनीतिक पार्टियां भाजपा के खिलाफ लड़ाई में उसके साथ एकजुट होंगे या नहीं। हरियाणा चुनाव में कांग्रेस के लिए आप के साथ गठबंधन जीत के लिए फायदेमंद होता है या नहीं, इस पर बहस हो रही है। दूसरे, हार का असर महाराष्ट्र और झारखंड में होने वाले आगामी चुनावों पर पड़ेगा। हरियाणा के नतीजों का तत्काल असर दिल्ली, महाराष्ट्र और झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनावों में सीटों के बंटवारे पर पड़ने की संभावना है। तीसरे, यह अनिश्चित है कि कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन होगा या नहीं। आप पहले ही कह चुकी है कि वह अकेले चुनाव लड़ेगी। अपनी अनुकूलता और समझौते की वजह से 2024 के लोकसभा चुनावों में इंडिया ब्लॉक ने अच्छा प्रदर्शन किया। गठबंधन का मुख्य उद्देश्य भाजपा से आमने-सामने की लड़ाई करना था और भाजपा विरोधी वोटों को विभाजित नहीं करना था। गठबंधन ने चिड़चिड़े मुद्दों को पीछे छोड़ दिया और इसके कारण चुनावों में अच्छा प्रदर्शन करने में कामयाब रहा। उन्होंने भाजपा को हराने के एकमात्र उद्देश्य से काम किया और कुछ हद तक इसमें सफल भी रहे। भाजपा का बहुमत कम हो गया और जेडी(यू) और टीडीपी की मदद से सरकार बनानी पड़ी।

हरियाणा की हार ने गठबंधन के भीतर की स्थिति को बदल दिया है, जिसके बाद इंडिया ब्लॉक की अन्य राजनीतिक पार्टियों को कांग्रेस पर बढ़त मिल गयी है। साझेदार शायद थोड़ी अधिक संयमित और समझ-बूझ से निर्णय करते हुए अब कांग्रेस के साथ काम करेंगे। अभी तक किसी राजनीतिक पार्टी ने यह नहीं कहा है कि इंडिया ब्लॉक खत्म हो गया है। इसके विपरीत, हार के एक दिन बाद समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव के बयान से संकेत मिलता है कि कांग्रेस के साथ सपा का गठबंधन जारी रहेगा। अखिलेश ने कहा, श्मैं कहना चाहता हूं कि इंडिया ब्लॉक बना रहेगा। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस-सपा का गठबंधन बरकरार रहेगा। आम आदमी पार्टी ने कहा है कि वह दिल्ली विधानसभा चुनाव में अकेले चुनाव लड़ेगी, जबकि उसने तीन महीने पहले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन किया था। कांग्रेस तथा आप को कोई सीट नहीं मिली थी। अन्य सहयोगियों ने कांग्रेस की अति आत्मविश्वास और सीट बंटवारे के प्रति उसके कठोर रवैये की आलोचना की। लोकसभा चुनाव में अपनी संख्या दोगुनी करने वाली कांग्रेस हरियाणा में मिली करारी हार के बाद कमजोर पड़ गयी है।

अधिकांश एग्जिट पोल ने हरियाणा में कांग्रेस की आश्चर्यजनक जीत का संकेत दिया क्योंकि भाजपा को 10 साल की सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ा और असंतुष्ट लोगों के एक वर्ग से निपटना पड़ा। हालांकि, भाजपा ने सबको चौंका दिया और हरियाणा में अपनी सबसे प्रभावशाली जीत दर्ज की। इस ग्रामीण राज्य में किसी भी पार्टी को कभी भी तीसरे कार्यकाल के लिए जीत हासिल नहीं हुई थी। महाराष्ट्र में कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के बीच सीटों के बंटवारे पर चर्चा चल रही है। कांग्रेस को सीट बंटवारे के फॉर्मूले और चुनाव से पहले ही ठाकरे को सीएम के चेहरे के रूप में पेश करने की शिवसेना की मांग पर अधिक संवेदनशील होने की जरूरत है।



## राशिफल

**मेषः-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**बृषभः-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। नये दायित्वों की पूर्ति होगी।

**मिथुन :-** भावनाओं पर नियंतण्ररख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

**कर्कः-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव। परिजनों से

**सिंह :-** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

**कन्याः-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।

**तुलाः-** कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।

**वृश्चिकः-** पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा।

**धनुः-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

**मकरः-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

**कुंभः-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्नक विचार ला सकती हैं।

**मीनः-** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। अच्छी योजनाओ द्वारा महत्वपूर्ण कायरें को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

# आध्यात्म जगत के राजहंस हैं आचार्य विद्यासागर महाराज

**प्रो. श्याम सुंदर भाटिया**



बाईस बरस की उम्र में संन्यास लेकर दुनिया को सत्य-अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले आचार्यश्री विद्यासागर महाराज की एक झलक पाने लाखों लोग मीलों पैदल दौड़ते रहे हैं। आचार्य श्रेष्ठ के प्रवचनों में धार्मिक व्याख्यान कम और ऐसे सूत्र ज्यादा होते, जो किसी भी व्यक्ति के जीवन को सफल बना सकते हैं। कर्नाटक में जन्मे वह अकेले ऐसे संत हैं, जिनके जीवंत रहते उन पर अब तक 60 से अधिक पीएचडी हो चुकी हैं। हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, बंगला, कन्नड़, मराठी, प्राकृत, अपभ्रंश सरीखी भाषाओं के जानकार विद्यासागरजी का बचपन भी आम बच्चों की तरह बीता। गिल्ली-डंडा, शतरंज आदि खेलना, चित्रकारी स्वीमिंग आदि का इन्हें भी बहुत शौक रहा, लेकिन जैसे-जैसे बड़े हुए आचार्य श्रेष्ठ का आध्यात्म की ओर रुझान बढ़ता गया। आचार्य श्रेष्ठ का बाल्यकाल का नाम विद्याधर था।

कर्नाटक के बेलगांव के ग्राम सदलगा में शरद पूर्णिमा (10 अक्टूबर, 1946) श्रेष्ठी श्री मल्लप्पा अष्टगे और श्रीमती अष्टगे के घर जन्मे आचार्य ने कन्नड़ के माध्यम से हाई स्कूल तक शिक्षा ग्रहण की। इसके बाद वह वैराग्य की दिशा में आगे बढ़े और 30 जून, 1968 को मुनि दीक्षा ली। आचार्य का पद उन्हें 22 नवंबर, 1972 को मिला। आचार्य श्रेष्ठ की ज्ञान गंगा के सम्मुख करोड़ों-करोड़ लोग नतमस्तक रहे हैं। इनमें तमाम हस्तियां भी शामिल हैं। 1999 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, 2016 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, 2018 में अमेरिकी राजदूत केनेथ जस्टर, फ्रांसीसी राजनयिक अलेक्जेंड्रे जिग्लर, तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति सुरेश जैन उनका आशीर्वाद प्राप्त कर चुके हैं।

शरद पूर्णिमा पर उन पर तमाम आयोजन होते हैं। आचार्यश्री ने 28 जुलाई, 2016 को तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आमंत्रण पर मध्य प्रदेश विधानसभा में प्रवचन किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आचार्यश्री को राज्य अतिथि का दर्जा दे रखा था। 20वीं और 21वीं शताब्दी के साहित्य जगत में एक नए उदीयमान नक्षत्र के रूप में जाने-पहचाने जाने वाले शब्दों के शिल्पकार, अपराजेय साधक, तपस्या की कसौटी, आदर्श योगी, ध्यान ध्याता-ध्येय के पर्याय, कुशल काव्य शिल्पी, प्रवचन प्रभाकर, अनुपम मेधावी, नवनवोन्मेषी प्रतिभा के धनी, सिद्धांतागम के पारगामी, वाग्मी, ज्ञानसागर के विद्याहंस, प्रभु महावीर के प्रतिबिंब, महाकवि, दिगम्बराचार्य श्री विद्यासागरजी की आध्यात्मिक छवि के कालजयी दर्शन आनंद से भर देते थे।

सम्प्रदाय मुक्त भक्त हो या दर्शक, पाठक हो या विचारक, अबाल-वृद्ध, नर-नारी उनके बहुमुखी चुम्बकीय व्यक्तित्व-कृतित्व को आदर्श मानकर उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारकर अपने आपको धन्य मानते रहे हैं। आपने राष्ट्रभाषा हिन्दी में प्रेरणादायक युगप्रवर्तक महाकाव्य 'मूकमाटी' का सर्जन कर साहित्य जगत में चमत्कार कर दिया। इसे साहित्यकार 'फ्यूचर पोयट्री' एवं श्रेष्ठ दिग्दर्शक के रूप में मानते हैं। विद्वानों का मानना है कि भवानी प्रसाद मिश्र को सपाट बयानी, सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय का शब्द विन्यास, महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की छान्दसिक छटा, छायावादी युग के प्रमुख स्तंभ सुमित्रानंदन पन्त का प्रकृति व्यवहार, ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता महादेवी वर्मा की मसृण गीतात्मकता, बाबा नागार्जुन का लोक स्पन्दन, केदारनाथ अग्रवाल की बतकही वृत्ति, मुक्तिबोध की फैंटेसी संरचना और धूमिल की तुक संगति आधुनिक काव्य में एक साथ देखनी हो तो वह 'मूकमाटी' में देखी जा सकती है।

आचार्य श्रेष्ठ का मातृभाषा प्रेम, देशभक्ति, हिंदी के प्रति अगाध आस्था जगजाहिर रहा है। वह हमेशा गर्व से कहते थे- हिंदी में लिखो, हिंदी बोलो, इंडिया नहीं, भारत बोलो, शिक्षा के साथ संस्कार पाओ, हथकरघा के वस्त्र अपनाओ, स्वदेशी पहनो, स्वावलंबन लाओ, भारतीय संस्कृति बचाओ। वह युवाओं को अपने आशीर्वचन में अकसर कहते थे, उन्हें अंग्रेजी मिटानी नहीं है बल्कि अंग्रेजी को हटाना है, क्योंकि इसके पीछे बहुत से कारण हैं। विश्व के कई देशों में अपनी मातृभाषा में ही शिक्षा दी जाती है। वे देश विकास की बुलंदियों पर हैं। फिर हमारा देश हिंदी को अपनाने में पीछे क्यों है? सर्वोच्च और उच्च न्यायालयों में करोड़ों वाद लंबित है। इसके मूल में भी कहीं न कहीं भाषा ही है। अपनी भाषा राष्ट्रभाषा से ही देश का विकास, जन-जन से जुड़ाव और ज्ञान का प्रकाश फैलाना संभव है। व्यापार की भाषा, बोलचाल की भाषा, प्रशासनिक भाषा, राष्ट्र भाषा या प्रादेशिक भाषा होनी चाहिए। आचार्यश्री मानते थे कुछ लोगों को लगता है अंग्रेजी का विरोध होने से हम बाकि देशों की भाषा से कट जाएंगे। अंग्रेजी के बिना तो कुछ भी नहीं है, यह केवल भ्रम है। आचार्य श्रेष्ठ युवाओं को नामचीन पत्रकार डॉ. वेद प्रताप वैदिक की पुस्तक- अंग्रेजी हटाओ क्यों और कैसे? को पढ़ने की सलाह दी थी, चूंकि उन्होंने भी इस पुस्तक का अध्ययन किया था। यह ही नहीं, डॉ. वैदिक रामटेक हो या नागपुर, वह समय-समय पर जैन संत शिरोमणि के दर्शनार्थ आते-जाते रहते थे। आचार्य श्रेष्ठ मानते रहे हैं, वर्तमान शिक्षा नीति अपनी प्रासंगिकता खो चुकी है। शिक्षा धन से जुड़ गई है। आज की शिक्षा के साथ-साथ अनुभव नहीं है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# ठगी करने वाले तीन शातिर गिरफ्तार

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

सितम्बर माह में थाना अजनर क्षेत्र अन्तर्गत एक किसान को रिश्तेदार बताकर गुमराह कर उसके रुपयों की ठगी किये जाने के सम्बन्ध में थाना अजनर में मु.अ.सं. 205/24 पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक महोबा पलाश बंसल द्वारा इस घटना का संज्ञान लिया गया जिसके क्रम में इस ठगी की घटना में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अजनर प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित की गई उप निरीक्षक हरीशंकर यादव मय हमराह एवं कोबरा पुलिस टीम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बीते रोज मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र के नहर कोठी पुलिया के पास से किसान को रिश्तेदार बताकर गुमराह कर उसके साथ ठगी की घटना कारित



- कब्जे से घटना में ठगी गई शतप्रतिशत सम्पत्ति सहित घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा व मोटरसाइकिल की बरामदगी

करन वाले आपराधिक प्रवृत्ति के 03 नफर शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 01 तमंचा 12 बोर व 03 जिन्दा कारतूस 12 बोर व 01 तमंचा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज, ठगी गयी शतप्रतिशत सम्पत्ति 05 हजार रु. नगद तथा ठगी की घटना मे प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल HF100 बरामद की गयी है।

उक्त घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी व उनके कब्जे से हुई बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 303(2)/317(2),3(5) BNS की बढोत्तरी की गई है साथ ही अवैध शस्त्र बरामदगी के आधार पर थाना अजनर में क्रमशः मु0अ0सं0 232/24, 233/24, 234/24 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के प्रपत्र मौजूद न होने पर धारा 207 M.V Act के तहत सीज की कार्यवाही की गई है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेशी के उपरान्त जेल भेजा गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में अरुण कुमार पुत्र कल्लू कंजड उम्र 22 वर्ष निवासी मुहल्ला प्रेमनगर नत्थु पुरा बजरिया थाना कोतवाली महोबा व धीरेन्द्र उर्फ गब्बर पुत्र कैलाश कंजड उम्र 19 वर्ष निवासी सिकंदरपुरा राठ हमीरपुर हाल पता सावना का मुहल्ला 4 नम्बर चुंगी थाना उरई जिला जालौन व ग्राम उमरिया थाना जरिया हमीरपुर एवम करन पुत्र केश करन कंजड उम्र 19 वर्ष निवासी सिकंदर पुरा नई बस्ती थाना राठ हमीरपुर हाल पता ग्राम उमरिया थाना जरिया हमीरपुर।

### मोबाइल टावरों से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस व चार्जिंग मॉड्यूल की चोरी करने वाले गिरफ्तार



पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा जनपद में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व चोरी की घटनाओं में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई नागेन्द्र कुमार नागर द्वारा गठित की गई थाना कबरई की पुलिस टीम ने मोबाइल टावर से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसों एवं चार्जिंग मॉड्यूल की चोरी करने वाले 02 वांछित अभियुक्त प्रेम प्रकाश पटेल पुत्र काशीप्रसाद पटेल व रामदास पटेल पुत्र विजय शंकर पटेल निवासीगण जमोहरा थाना लालगंज जिला मिर्जापुर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से थाना कबरई में मु0अ0स0 304/24 धारा 303(2) BNS से सम्बन्धित इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को बेचने से अर्जित सम्पत्ति 40 हजार रुपये/– व 10 हजार रूपये/– नगद तथा थाना कुलपहाड़ में पंजीकृत मु0अ0स0 301/24 धारा 303(2) BNS से सम्बन्धित 03 अदद चार्जिंग माड्यूल की बरामदगी कर घटना का सफल अनावरण किया गया है व मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) BNS की बढ़ोत्तरी की गई है। इसके अतिरिक्त गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 02 तमंचा व 02 जिंदा कारतूस 315 बोर नाजायज के आधार पर थाना कबरई में क्रमशः मु.अ.सं. 305/24 व 306/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# अपर एसपी ने विधायक व एडीएम की उपस्थिति में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम का किया समापन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाए जाने तथा लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरुकता प्रदान किये जाने के उद्देश्य से शासन द्वारा दिनांक 02 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। आज सड़क सुरक्षा पखवाडा के समापन के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में पहुंचकर सदर विधायक राकेश गोस्वामी की गरिमामयी उपस्थिति में वहां मौजूद अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश, क्षेत्राधिकारी नगर/यातायात दीपक दुबे, एआरटीओ दयाशंकर, यातायात प्रभारी सुनील कुमार सिंह की मौजूदगी में विद्यालय के छात्र/शिक्षकगण एवं स्थानीय लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक ने सड़क




सुरक्षा पखवाड़े के समापन पर यातायात नियमों के पालन का महत्व को बताते हुए यातायात संकेतों और नियमों के महत्व के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बिना हेलमेट मोटरसाइकिल चलाने वालों को हेलमेट धारण किये जाने तथा बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन चलाने वालों को शीटबेन्ट धारण किए जाने की सलाह दी। सड़क पर दुर्घटनाओं की संख्या को कम करने के लिए यातायात सुरक्षा सम्बन्धी सभी नियमों का पालन करना अति आवश्यक है।

इस अवसर पर अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे, जिन्होंने सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने में योगदान दिया। पखवाड़े के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को सड़क पर सुरक्षित रहने की जानकारी दी गई। तथा सभी से अपील की कि वे हमेशा यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि सभी मिलकर एक सुरक्षित सड़क परिवहन सुनिश्चित कर सकें।

## खबरें एक नजर में

### अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन पर जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अवैध शस्त्र के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन से सम्बन्धित अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गौड के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष गणेश कुमार द्वारा गठित की गई उप निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह मय हमराह राजकुमार सिंह व मो0कामिल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त देवेन्द्र कुमार राजपूत पुत्र दुलीचन्द्र राजपूत उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम गौरहारी थाना चरखारी जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 देशी तमन्चा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुए गुढ़ा सबुआ मोड़ के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना चरखारी में मु0अ0सं0 248/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### टैम्पो की टक्कर से किशोरी घायल, जिला अस्पताल में भर्ती

**मौदहा–हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** घर की सफाई कर रही किशोरी को गोबर उठाते समय टैम्पो चालक के जोरदार टक्कर से घायल हो गई परिजनों ने आनंन.फानन कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार सिसोलर थाना क्षेत्र भमई गांव निवासी खुशबू पुत्री बाबूलाल घर की साक सफाई करते समय रास्ते में पड़े गोबर को उठा रही तभी अनियंत्रित गति आ रहे टेंपो चालक ने जोरदार टक्कर मार दिया किशोरी गंभीर अवस्था में सड़क में गिर चिल्लाने लगी परिजनों ने पुलिस को फोन किया पुलिस की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। किशोरी के दादा रामपाल ने बताया टेंपो चालक ने जानबूझकर घटना को अंजाम दिया है ।

### टप्पेबाजों ने कार से पार किया नगदी भरा बैग

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** महोबा से लखनऊ जाते समय ट्रैक्टर कंपनी का मैनेजर कस्बे के बस स्टाप के समीप टप्पेबाजी का शिकार हो गया। टप्पेबाज मैनेजर की कार में रखा बैग लेकर फरार हो गए। बैग में 50 हजार नगदए लैपटॉपए कागजात आदि थे। मैनेजर ने पुलिस को तहरीर देकर घटना से अवगत कराया है। बरेली जनपद के थाना भुवा ग्राम रसूलापुर का निवासी मुनीश कुमार स्कार्ट ट्रैक्टर कंपनी में सर्विस मैनेजर पद पर कार्यरत है। बुधवार को यह कार द्वारा महोबा से वापस लौटकर लखनऊ जा रहा था। कस्बे के बस स्टॉप के समीप बाइक सवार दो युवकों ने कार को रुकवाकर कहा कि आपकी गाड़ी का आयल बह रहा है। मैनेजर गाड़ी खड़ी करके आयल देखने के लिए उतरकर पीछे की ओर चला गया। इसी बीच कार में रखा बैग लेकर टप्पेबाज फरार हो गए। मैनेजर के अनुसार बैग में 50 हजार नगद तथा एक लैपटॉप एवं अन्य जरूरी कागजात थे। मैनेजर ने घटना की तहरीर पुलिस को सौंपी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज आदि खंगाल कर टप्पेबाजों को तलाश रही है।

### वृद्ध की ट्रेन से कटकर मौत

**सुमेरपु, समृद्धि न्यूज।** कस्बे से पैदल गांव वापस जा रहे वृद्ध की रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन से कटकर मौत हो गई। कम सुनाई देने से वृद्ध ट्रेन की चपेट में आ गया थाए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना सुमेरपुर क्षेत्र के पचखुरा बुजुर्ग निवासी सुंदरलाल सोनकर (75) कस्बे के देवगांव रोड पर रह रहे अपने पुत्र रामप्रकाश के यहां आया था। मंगलवार की शाम करीब चार बजे यह गांव जाने के लिए घर से निकला था और पैदल ही गांव की ओर चल पड़ा। सुमेरपुर व यमुना साउथ बैंक स्टेशन के मध्य वह पटरी पार करते समय ट्रेन की आवाज नहीं सुन सका तो उसकी ट्रेन से कटकर मौत हो गई। परिजन उसके गांव न पहुंचने पर परिजन इसकी तलाश करते रहे। बुधवार को सुबह जब उसका पुत्र रामप्रकाश उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने गया तो पुलिस ने एक वृद्ध की ट्रेन से कटकर मौत होने की जानकारी दी और शव की फोटो दिखाई। तब पुत्र ने इसे अपने पिता सुंदरलाल सोनकर के रूप में पहचान की। उसने बताया कि पिता को कम सुनाई देता था। शायद इसी के चलते दुघर्टना के शिकार हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक अपने पीछे दो पुत्रों व तीन बेटियों को रोता बिलखता छोड़ गया है।

# विकास की आस में सत्यवादी बन केश संवार वीण बजा रहे कारखास

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

- थानों में तैनात साहबों के ज्यादातर सजातीय कारखासों का चल रहा राज
- पीड़ित पक्षों को न्याय के लिए लगाने पड़ रहे उच्चाधिकारियों के चक्कर
- हरि का नाम जपने वाले खास के बाद श्रीनगर में नए कार ने संभाला कारखासी का काम
- कार्रवाई न होने से कारखासों के हौसले बुलन्द

जनपद में पुलिस का निजाम बदलने के बाद थानों में चली आ रही कारखासी की व्यवस्था बंद होने के कयास लगाए जा रहे थे लेकिन पुलिसिया निजाम बदलने के तकरीबन एक माह बीतने के बाद भी कारखासों के खिलाफ कोई कार्रवाई न होने से आम जनमानस में कारखासों के काम को लेकर चर्चा का बाजार गर्म है। सूत्र बताते हैं कि जनपद के थानों में लम्बे समय से तैनात पुलिसकर्मियों को थानाध्यक्ष कारखासी के पद का कार्यभार देकर अवैध कामों को संचालित करवाने से मिलने वाली मोटी रकम को वसूलने की जिम्मेदारी भरे इस काम को अंजाम देते नजर आते हैं।

सूत्रों की मानें तो जनपद में संचालित प्रतिबंधित गांजा और तंबाकू मिश्रित गुटखा सहित अवैध व्यापार, अवैध शराब, जुआ, सट्टा, अवैध तमंचा सहित अन्य अवैध कामों में इन कारखासों की संलिप्ता किसी छुपी नहीं है। सूत्र बताते हैं कि जनपद में संचालित अवैध कामों में कारखासों का विशेष संरक्षण प्राप्त होता है, और कारखासों को इसके एवज में प्रतिमाह माहवारी के तौर पर मोटी रकम उपलब्ध कराई जाती है,जो कारखासों के माध्यम से साहबों तक पहुंचती है। सूत्र यहां तक बताते हैं कि जनपद के ज्यादातर थानों में लंबे समय से तैनात इन कारखासों की संलिप्तता के चलते क्षेत्र में हो रहे अपराध भले ही पुलिस महकमें की किरकिरी कराते हों लेकिन इन कारखासों के सहारे थानों में तैनात साहबों को मोटी रकम दिलाने के लिए अच्छा अवसर प्रदान करते हैं।

# कस्बे में छह दिन तक छह घंटे तक आपूर्ति रहेगी बाधित

**मौदहा, हमीरपुर।** विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी ने जानकारी दी है की नगर सहित क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति 6 दिन लगातार 6 घंटे बाधित रहेगी। गुरुवार से लेकर कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में 6 घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उपखंड अधिकारी विमलेंद्र श्रीवास्तव ने बताया की सुमेरपुर से मौदहा उपखंड मौदहा प्रथम व द्वितीय की लाइन में तार बदलने व अनुरक्षण कार्य किया जा रहा है जिसके चलते सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक मौदहा कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इन दिनों में सुबह व शाम में की जाने वाली रोस्टिंग नही की जाएगी। विद्युत उपखंड अधिकारी व अवर अभियंता राजू प्रसाद ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

# 27वीं प्रयागराज जोन की अन्तर्जनपदीय प्रतियोगिता का हुआ समापन



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक पलास बंसल द्वारा प्रयागराज जोन की 27वीं अंतर्जनपदीय महिला व पुरुष बैडमिण्टन एवं टेबिल टेनिस प्रतियोगिता 2024 का सकुशल समापन जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम जनपद महोबा में किया गया । विजेता टीम और खिलाड़ियों (अधिकारी/कर्मचारी) का उत्साहवर्धन कर पुरस्कृत किया गया व उनके उज्वल भविष्य की कामना कर सभी प्रतिभागियों को 03 दिवस के रेवार्ड लीव (अवकाश) की घोषणा की है।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर/यातायात दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार, प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार, पीआरओ अरविन्द सिंह गौर सहित प्रयागराज जोन के समस्त जनपदों एवं पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज से प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी मय टीम प्रबन्धक के साथ मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि जनपद महोबा के तत्वाधान में जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम, महोबा में आयोजित हो रही प्रयागराज जोन की 27वीं अन्तर्जनपदीय महिला व पुरुष बैडमिण्टन प्रतियोगिता में प्रयागराज जोन के अन्तर्गत आने वाले जनपदों क्रमशः महोबा, चित्रकूट, हमीरपुर, कौशाम्बी, फतेहपुर, प्रतापगढ़ व कमिश्नरेट प्रयागराज सहित कुल 07 टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया था। विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के विजेता जनपद/टीम में बैडमिंटन टीम चैम्पियनशिप महिला प्रतियोगिता कमिश्नरेट प्रयागराज विजेता, जनपद चित्रकूट उपविजेता, बैडमिंटन टीम चैम्पियनशिप पुरुष प्रतियोगिता, कमिश्नरेट प्रयागराज विजेता, जनपद कौशाम्बी उपविजेता, टेबल टेनिस टीम चैम्पियनशिप महिला प्रतियोगिता, कमिश्नरेट प्रयागराज विजेता, जनपद महोबा उपविजेता, टेबल टेनिस टीम चैम्पियनशिप पुरुष प्रतियोगिता, कमिश्नरेट प्रयागराज विजेता, जनपद कौशाम्बी उपविजेता, बैडमिन्टन सिंगल व्यक्तिगत महिला कमिश्नरेट प्रयागराज विजेता, जनपद फतेहपुर उपविजेता, बैडमिन्टन सिंगल व्यक्तिगत पुरुष-कमिश्नरेट प्रयागराज विजेता, कमिश्नरेट प्रयागराज उपविजेता, बैडमिन्टर डबल पुरुष कमिश्नरेट प्रयागराज विजेता, कमिश्नरेट प्रयागराज उपविजेता, टेबल टेनिस व्यक्तिगत महिला- जनपद कौशाम्बी विजेता, कमिश्नरेट प्रयागराज उपविजेता, टेबल टेनिस व्यक्तिगत पुरुष- कमिश्नरेट प्रयागराज विजेता, जनपद कौशाम्बी उपविजेता।

# सुफल मनोरथ होई तुम्हारे, राम लखनु सुनि भए सुखारे

- पुष्प वाटिका में राम लक्ष्मण को मिला गुरु का आशीर्वाद
- गौरी पूजन में सीता को मिला आशीर्वाद

**श्रीनगर (महोबा), समृद्धि न्यूज।**



नव युवक रामलीला मण्डल श्रीनगर द्वारा तृतीय दिवस की लीला में पुष्प वाटिका का मंचन किया गया।

पुष्प वाटिका में पहली बार जनक नंदिनी सीता और दशरथ नंदन राम का प्रथम बार मिलन हुआ और इनकी मनोकामना हेतु मुनि विश्वामित्र जी ने राम लक्ष्मण को आशीर्वाद दिया कि ÷सुफल मनोरथ होई तुम्हारे, राम लखनु सुनि भए सुखारे÷ ,और वहीं सीता जी को मां गौरी ने सीता जी की मन की भावना समझ के आशीर्वाद दिया सुनु सिय सत्य असीस हमारी। पूजिहि मन कामना तुम्हारी।

इसके पूर्व श्री राम चरण रज से अहिल्या उद्धार की लीला का सुन्दर मंचन हुआ इसके बाद प्रयाग राज संगम में पण्डो पुरोहितों का हास्य अभिनय फिर जनक जी के आमंत्रण में मिथिला पुरी प्रस्थान लखन लाल जी का नाम लेकर देखने की इच्छा पर राम और लक्ष्मण ने नगर भ्रमण किया और बाजार भी देखा टोली के साथ संवाद जनक बाजार में सफाई कर्मियों का हास्य अभिनय बहुत ही आनंद मय रहा बजाज काछी माली हलवाई सर्राफ दलाल का अभिनय बहुत ही अच्छा हुआ फिर गौरी माता का सीता जी द्वारा पूजन और श्री राम सीता का मिलन की लीला बड़ी मनोहारी हुई श्री राम का अभिनय समर्थ तिवारी लखन लाल मन्नय तिवारी दलाल भगवत कुशवाहा पंडा रतीश रावत अरविन्द तिवारी हरिश्चंद्र शर्मा आशीष मिश्रा धर्मेंद्र तिवारी सुबोध गंगेले गौरी जी अनुष्का शुक्ला सीता अंशुल मिश्रा रहे मुनि विश्वामित्र अनूप त्रिवेदी और जनक भूपेन्द्र रिछारिया का अभिनय बहुत सराहा गया माली और भंगी का अभिनय प्यारे लाल और प्रकाश ने किया ब्यास गद्दी पर रतीश चन्द्र रावत और लीला का संचालनअनिल शुक्ला ने किया ।

# नशेबाजी व जुये के दौरान हुए विवाद में तीनों मित्रों ने मिलकर की थी प्रदीप की हत्या

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

जरिया क्षेत्र में एक सप्ताह पहले नलकूप के हौज से बरामद युवक की लाश का पुलिस ने बुधवार को खुलासा कर दिया है। नशेबाजी व जुआ खेलने को लेकर हुये विवाद में तीनो मित्रों ने प्रदीप की लाठियों से पीट पीट कर हत्या की गयी थी। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के मुताबिक आठ अक्टूबर को जरिया क्षेत्र के पवई गाव निवासी प्रदीप(45) की लाश पवई के प्रायवेट नलकूप के पास पुलिस ने बरामद की थी।

प्रदीप गाव में ही किराना की दुकान रखे था नशे का आदी था अक्सर वह मित्रों के साथ शराब पीता और जुआ खेलता था। शराब के नशे से परेशान होकर प्रदीप की पत्नी अपने ससुर के साथ दूसरे मकान में रहने लगी थी प्रदीप घर में अकेले रहता था.सात अक्टूबर को प्रदीप ने दुकान में बैठकर जमकर शराब पी और मोवाइल में तोड दिया। प्रदीप ने अपने मित्र सुशील राजपूत के पास गया और कहा उसका मोवाइल ठीक करा दे तभी सुशील ने गांव के ही मित्र



- पुलिस ने किया गिरफ्तार

अप्पू व हरिश्चंद्र को भी साथ में ले लिया। चारो ने जमकर गांव के बाहर शराब पीने के बाद जुआ खेला मे जिसमे सुशील पंद्रह सौ रुपये भी हारगया। इसके बाद चारो मित्र एक दूसरे को गाली गलौज करते रहे। पुलिस के अनुसार प्रदीप ने सुशील को जमकर गालिया दी जिससे नाराज होकर सुशील ने वही पर डंडे को उठाकर प्रदीप के सर पर दे मारा जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी। इसके बाद तीनो ने लाश को उठाकर भूपसिंह के नलकूप के हौदी पर रख आये सुवह जब ग्रामीणों ने प्रदीप की लाश देखी तो पुलिस को सूचना दी पुलिस ने जांच पड़ताल कर तीनो को जेल भेज दिया है। पुलिस ने दावा किया है कि तीनों अभियुक्तों का अपराधिक इतिहास भी है।

# गैस सिलेंडर से झुलसे दो लोगों की उपचार दौरान मौत, चार की हालत अभी भी नाजुक

- 10 अक्टूबर को कन्या भोज के लिए खीर बनाते समय हुआ था हादसा

**सुमेरपुर (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

कस्बा सुमेरपुर में दस अक्तूबर को कन्या भोज के लिए खीर बनाते समय गैस सिलेंडर लीकेज होने से लगी आग में झुलसे गृहस्वामी समेत दो लोगों की उपचार दौरान लखनऊ में मौत हो गई। एक ने मंगलवार शाम तो दूसरे ने बुधवार को दम तोड़ दिया। चार अन्य झुलसे लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस के अनुसार कस्बा सुमेरपुर के इमिलिया बाड़ा निवासी राजाराम प्रजापति के दरवाजे पर देवी पूजा पंडाल सजाकर देवी प्रतिमा की पूजा अर्चना की जा रही थी। 10 अक्तूबर को अष्टमी पर राजाराम के घर के आंगन में कन्या भोज के लिए खीर बनाई गई थी रहीए तभी गैस सिलेंडर की पिनलॉक टूटने से चारों तरफ फैली गैस में आग लग गई थी। इससे राजाराम की पत्नी तेजिया समेत कुल 11 लोग झुलस गए। सभी को पीएचसी से जिला अस्पताल ले जाया गया थाए जिला अस्पताल से राजाराम समेत छह लोगों को कानपुर और उसके दूसरे दिन लखनऊ केजीएमयू रेफर किया गया था। मंगलवार की शाम केजीएमयू में 70 वर्षीय राजाराम की इलाज के दौरान मौत हो गई और बुधवार की सुबह 24 वर्षीय सुनील ने भी है लखनऊ में दम तोड़ दिया। इसके अलावा संदीप कुमारए दुर्गेश कुमारए अमित कुमार और तिजिया की हालत गंभीर बनी हुई है। इस घटना को लेकर सिलेंडर का उपयोग करने वालो में दहशत है।

### गैस सिलेंडर बीमा होने की जानकारी नहीं है किसी को

गैस सिलेंडर जलाने के बाद आय दिन होने वाली दुर्घटनाओं को लेकर उपभोक्ता बेहद चिंतित है। हालाकि गैस सिलेंडर कामार्शियल है या घरेलू कहा पर किस तरह का प्रयोग किया जाता है। इसको लेकर बीमा कवर किया जाता है। भारत गैस एंजेसी के संचालत मनीष कुमार का कहना है कि इस समय घर घर जाकर कंपनी के वर्कर किचेन की फोटो लेकर बीमा का काम कर रहे है छह माह से यह अभियान संचालित है,प्रयास करना चाहिये कि सभी लोगो को बीमा करा लेना चाहिये। यहा बताना आवश्यक है कि कंपनी ने हर जिले मे कई कई सेल्स मैनेजर नियुक्त कर रखे है जिनका काम प्रशिक्षण देना होता है। मगर ये सेल्स मैनेजरों ने अभी तक एक भी प्रशिक्षण नही दिया है न ही यह बात किसी को पता है कि इसके लिये शासन ने इस प्रकार की व्यवस्था भी की है। इसका कोई प्रचार प्रसार भी नही किया जाता है। जिससे लोग हर रोज घटना का शिकार हो रहे है।

# फर्जी डिग्री से संचालित हो रहे क्लीनिक व मेडिकल स्टोर को डिप्टी सीएमओ ने किया सीज

- शासन से की गई थी फर्जी शिकायत, डिप्टी सीएमओ ने मौके पर जाकर की जांच पड़ताल

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

मुस्करा ब्लाक के गहरौली गांव में फर्जी डिग्री लगाकर संचालित कर रहे क्लीनिक मेडिकल स्टोर में डिप्टी सीएमओ ने छापा मारकर सीज कर झोला छाप डाक्टर से तीन दिन के अनूदर जवाब तलब किया है। फर्जी डाक्टर व क्लीनिक की शिकायत सीधे शासन से की गयी थी।

डिप्टी सीएमओ व नोडल अधिकारी डा संजय कुमार ने बताया कि ग्राम गहरौली के प्रदीप कुमार ने शासन से शिकायत की थी कि गांव मे जयप्रकाश दिवेदी के पास कोई



डिग्री नहीहै मगर वह अस्पताल खोलकर मरीजों की इलाज करते है जिससे मरीजों की मृत्यु हो जाती है,इस मामले में कई मर्तवा शिकायत की जा चुकी है मगर सीएमओ इस मामले में सारा मामला रफा दफा कर देते है,शासन ने मामले को संज्ञान में लेते हुये जांच के आदेश दिये थे,इस पर बुधवार को वह स्वयं गांव जाकर जांच पडताल की थी जिसमे डाक्टर जय प्रकाश दिवेदी के पास कोई डाक्टरी की डिग्री नही थी, मेडिकल स्टोर खोलने का कोई लाइसेंस नही था एक कमरे में दवाएं अस्त व्यस्त पायी गयी है। डिप्टी सीएमओ ने तीन दिन के अंदर संबंधित डाक्टर को पत्र लिखकर सभी अभिलेख प्रस्तुत करने को कहाहै।उन्होने इस मामले की जानकारी संबंधित थाना प्रभारी को दी है। श्री दिवेदी से कहा है कि फर्जी ढंग से संचालित क्लीनिक के यदि अभिलेख प्रस्तुत नही किये तो समस्त जिम्मेदारी आपकी होगी। डिप्टी सीएमओ ने बताया कि क्षेत्र में फिर से जांच पडताल कर झोला छाप डाक्टरों पर हरहाल में अंकुश लगायी जायेगा। किसी के सेहत के साथ खिलवाड़ नही होने दिया जायेगा।

# राज्य महिला आयोग की सदस्या ने कारागार में महिला बंदियों से मिलकर फीडबैक लिया

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती पूनम दिवेदी ने जिले में महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम लगाये जाने पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के लिये एक बैठक आयोजित की,सदस्या ने जिला कारागार जाकर महिला बंदियों की हाल चाल लिये।बैठक में आयोग की सदस्या ने कहा कि महिला उत्पीड़न

- बैठक कर कहा- गरीब महिलाओं को जोड़ा जाए आयुष्मान भारत योजना से

से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता के साथ निस्तारित किया जाए इसमें किसी भी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसी जरूरतमंद, पात्र महिलाएं जिन्हें सरकार द्वारा उनके कल्याण एवं



उत्थान हेतु संचालित की जा रही योजनाओं के कार्यक्रमों के बारे में जानकारी नहीं है उनको विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के बारे में आच्छादित करने हेतु तथा उनको योजनाओं के बारे में जानकारी दिए जाने हेतु प्रभावी प्रयास किए जाएं ।

प्रत्येक पात्र परिवार को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा जाए ताकि वे निशुल्क चिकित्सा का लाभ ले सके। उन्होने उपस्थित महिलाओं बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक थाना में महिला हेल्प डेस्क एवं आगन्तुक कक्ष की स्थापना कर वहाँ महिला आरक्षीगण की डयूटी लगायी गयी है। जहां पर कोई भी महिला बालिका अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है।जनसुनवाई के पश्चात सदस्य ने जिला कारागार का निरीक्षण कर वहां पर स्थित महिला बैरिक महिला बंदी गृह को देखा तथा वहां दी जा रही सुविधाओं के बारे में महिला कैदियों से फीडबैक लिया तथा संबंधित को जरूरी निर्देश दिए।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सूचनाकर्ता रामकेवल पुत्र श्री राम किशुन निवासी ग्राम पंचायत सरायगोपी परगना सुबेहा तहसील हैदरगढ़, जिला बाराबंकी के ड्राइविंग लाइसेंस नं0 UP3219950016802 में पिता का नाम रामकिशुन की जगह त्रुटिवश राम राम कृष्णा अंकित हो गया है। जबकि सही व शुद्ध नाम रामकिशुन है। अतः मुझे राम केवल पुत्र राम किशुन के नाम से ही जाना व पहचाना जाए और मेरे ड्राइविंग लाइसेंस पर अंकित पिता का नाम रामकिशुन पढ़ा जाए।

**सूचनाकर्ता**
**राम केवल पुत्र राम किशुन**
**निवासी ग्राम सराय गोपी, परगना**
**सुबेहा तहसील हैदरगढ़, बाराबंकी।**

# राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने की जनसुनवाई

**बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव की अध्यक्षता में स्वर्ण जयन्ती सभागार विकास भवन बाराबंकी में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक एवं महिला जनसुनवाई की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी नवाबगंज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, क्षेत्राधिकारी नगर, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एवं महिला थानाध्यक्ष उपस्थित रहें।

उपाध्यक्ष द्वारा महिला जनसुनवाई के अर्न्तगत 22 घरेलू हिंसा एवं अन्य समस्याओं से पीड़ित महिलाओं की जनसुनवाई आयोजित की गई। उक्त जनसुवाई में आयी हुई पीडित महिलाओं की समस्याओं का समाधान करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये है।

उपाध्यक्ष द्वारा जिला कारागार में महिला बैरक, गौशाला, पाकशाला का निरीक्षण किया गया है। महिला बैरक में निरूद्ध महिला बंदियों की केस हिस्ट्री का विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। ताकि सिद्ध दोष महिलाओं को मुक्त कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र ढकौली में आयोजित अन्नप्रासन एवं गोदभराई का कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। उक्त कार्यक्रम में बच्चों एवं महिलाओं को फल, मिष्ठान एवं अन्य सामग्री की टोकरी देकर सम्मानित किया गया।

जिला महिला चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव के अर्न्तगत 30 नवजात बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों को बेबी किट, फल, मिष्ठान एवं अन्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला चिकित्सालय को चिकित्सालय में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गये। उपाध्यक्ष द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह / विशेषगृह (किशोरी), बाराबंकी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किशोरियों से वार्ता की गई एवं प्रभारी अधीक्षिका को संस्था में आवासित किशोरियों की केस हिस्ट्री का विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

# वालीबॉल प्रतियोगिता में नौ महाविद्यालय की टीमों ने लिया हिस्सा

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** सीता देवी महाविद्यालय पारिजात धाम बरोलिया में अन्तर्महाविद्यालयीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से सम्बध्द नौ महाविद्यालय की महिला वालीबाल टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच देव इंद्रावती पीजी कॉलेज अंबेडकर नगर व साकेत पीजी कॉलेज अयोध्या के मध्य खेला गया। जिसमें देव इंद्रावती पीजी कॉलेज ने साकेत महाविद्यालय को हराकर चैंपियन बनी। पूरे प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन कर फाइनल तक पहुंची साकेत पीजी कॉलेज की टीम उपविजेता पर ही संतोष करना पड़ा। वही प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर सीता देवी पीजी कॉलेज की टीम रही जिसे सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ क्रीड़ा परिषद सचिव डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के डॉक्टर आशीष प्रताप सिंह ने किया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व परिषद अध्यक्ष अमूल्य सिंह व डॉक्टर नागेंद्र प्रताप सिंह, अवध राम सिंह मौजूद रहे। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कार्यक्रम में मौजूद खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ आशीष प्रताप सिंह ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा तमाम प्रयास किया जा रहे हैं। खिलाड़ियों को आने-जाने के लिए सुविधाओं में बढ़ोतरी के साथ ही कार्यक्रम का आयोजन करने वाले महाविद्यालय के खर्चे को भी दोगुना किया गया। प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक डॉक्टर अनुराग पाण्डेय व रवींद्र शुक्ला प्रतियोगिता के निर्णायक दिनेश सिंह, रमाकांत पाण्डेय, राम सवारथ वर्मा, अरविंद यादव रहे। इस अवसर पर सीता देवी महाविद्यालय के निदेशक अभिषेक शुक्ला, शिल्पा श्रीवास्तव पंकज शुक्ला सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षकों ने विजेता टीम को शुभकामनाएं दी।

# मृतक दर्शाकर रोकी पेंशन गुजारा का सहारा भी छीना

▸ जीवित हूँ, साबित करने के लिए उच्चाधिकारियों के दरवाजे खटखटाकर हार रही बेवा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



महिला कल्याण विभाग बाराबंकी के कर्मचारियों का गजब कारनामा सामने आया है। विभागीय कर्मचारियों ने सत्यापन में जीवित बेवा महिला को मृत्यु दर्शाकर उसकी बेवा पेंशन रोक दी गई महिला अपने आप को जीवित साबित करने के लिए इधर उधर भटक कर परेशान हो रही है।

पीड़ित महिला ने ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव से जीवित होने का सत्यापन करवाकर प्रोविजनल अधिकारी को सत्यापित कापी देकर पेंशन शुरू कराए जाने की मांग की है। मामला विकास खण्ड त्रिवेदीगंज क्षेत्र के मोहम्मदपुर का है जहाँ पर उक्त गांव निवासनी विंधेश्वरीपुत्र पत्नी स्व शिवबरन सिंह ने बताया कि मुझे बेवा पेंशन मिलती थी जिससे गुजारा होता था। लेकिन कर्मचारियों द्वारा पेंशन सत्यापन में मुझे मृतक दर्शाकर पेंशन रोक दी गई है अपने आप को जीवित साबित करने के लिए बेवा महिला दरबदर भटक कर परेशान हो रही है। पीड़ित बेवा ने ग्राम प्रधान व सचिव से जीवित होने का सत्यापन करवाकर प्रोविजनल अधिकारी सत्यापित कापी उपलब्ध करवा कर पेंशन शुरू कराए जाने की मांग की है।



## व्यापारी एकता समिति ने किया भंडारे का आयोजन

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** शारदीय नवरात्र के तहत नगर पंचायत कार्यालय के सामने सब्जी मंडी वार्ड में सजे पूजा पंडाल में बुधवार को संयुक्त व्यापारी एकता समिति द्वारा कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में मां भक्तों ने पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। पूर्व सभासद विपिन साहू, निर्मल पांडे, जतिन वैश्य, अमित वैश्य विक्की एवं अन्य व्यापारियों के सहयोग से आयोजित कन्या भोज एवं भंडारे में नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी, भाजपा नेता लाला लक्ष्मी नारायण साहू, पत्रकार कृष्ण कुमार द्विवेदी, समाजसेवी दीपू तिवारी सहित बड़ी संख्या में बालिकाओं एवं श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

# पुलिस ने सुरक्षा के प्रति छात्रों को किया जागरूक

▸ लखनऊ के कलाकारों ने नुक्कड़ सभा कर छात्रों एवं छात्रों को अपनी सुरक्षा के उपाय को दर्शाया गया

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



लोनी कटरा थाना क्षेत्र के श्री बैजनाथ किसान इंटर कॉलेज मंगलपुर में 112 हेल्पलाइन के सौजन्य से विद्यालय की छात्र-छात्राओं को अपनी सुरक्षा व्यवस्था के लिए जागरूक किया गया। लखनऊ के कलाकारों नुक्कड़ सभा का आयोजन कर छात्रों एवं छात्रों को अपनी सुरक्षा के उपाय को दर्शाया गया।

नुक्कड़ सभा के कलाकारों में खुशी शर्मा,राकेश कुमार,अभय सिंह,मोहित कश्यप एवं फरहान शेख ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों में जागरूकता का संदेश दिया। इस मौके पर लोनी कटरा थाना के उप निरीक्षक आदित्य कुमार का0 नीरज, पीर अली, महिला पुलिसकर्मी रीता मौर्य, ममता, शिवानी आदि ने बच्चों को किसी प्रकार की दिक्कत के संबंध में पूरी सहायता के लिए 112 नंबर के अलावा स्थानीय पुलिस के नंबर पर भी किसी भी समय काल की जा सकती है पुलिस फोन करते ही आपके पास पहुंच जाएगी अब आप लोगों को किसी से डरने की कोई जरूरत नहीं है।

निसंकोच होकर विद्यालय आए और शरारती तक रास्ते में या कहीं भी परेशान करें तो तुरंत कॉल करें। पुलिस सुरक्षा कर्मी आपकी सुरक्षा में 24 घंटे उपलब्ध रहते हैं।

## मजदूर कांग्रेस के पदाधिकारियों ने सड़क बनाने की उठाई मांग

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ईश्वर कुमार पासी ने जौनपुर ब्रांच नहर की जर्जर पड़ी पक्की नहर पटरी बनवाने के लिए जिलाधिकारी बाराबंकी से मांग की है। पासी ने डी एम को पत्र लिखकर अवगत कराया कि जौनपुर ब्रांच की पक्की वाली पटरी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है यह ब्रांच लखनऊ, बाराबंकी,रायबरेली एवं अमेठी के आगे तक जाती है। इस जौनपुर ब्रांच नहर की पक्की पटरी को 5 वर्ष पूर्व बनाया गया था लेकिन अब यह मार्ग बुरी तरह जर्जर हो गया है। इस नहर पटरी से लाखों किसानों और क्षेत्र की जनता का आवागमन रहता है, इस मार्ग पर पोखरा चीनी मिल, शिवगढ़, महाराजगंज, हैदरगढ़ और तहसील तिलोई अमेठी को जोड़ता है। यह जौनपुर ब्रांच अधिशासी अभियंता शारदा सहायक खण्ड 28 हैदरगढ़ बाराबंकी के अंतर्गत आता है। श्री पासी ने जिलाधिकारी से जौनपुर ब्रांच की पक्की वाली पटरी सड़क को पोखरा मिल के आगे से तिलोई के आगे तक जनहित में बनवाने की मांग की

## भतीजे को कार से कुचलकर मारने का लगाया आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।** बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर बीती छह अक्टूबर की सुबह रविंद्र उर्फकलू का शव रक्त रंजित अवस्था में सड़क किनारे बाजरे के खेत में पड़ा मिला था। इस मामले में मृतक के चाचा ने युवक को जान से मारने की नियत से कार से कुचलने और उसकी मृत्यु हो जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के छिरिया सलेमपुर से होकर बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर किमी संख्या 206 के पास बीती छह अक्टूबर की सुबह शेरपुरा निवासी रविंद्र उर्फकलू पुत्र निरभाल सिंह का शव सड़क किनारे बाजरे के खेत मे पड़ा मिला था। पास में ही उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ी थी। युवक का सिर धड़ से अलग था और एक हाथ भी कटा हुआ था। इस मामले में मृतक के चाचा वीरेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि बीती पांच अक्टूबर की शाम करीब छह बजे उनका भतीजा रविंद्र उर्फकलू बाइक से ग्राम सहाव में बहिन के यहां जाने की बात कहकर निकला था। देर रात तक जब वह वापस नहीं लौटा तो उसे मोबाइल पर फोन किया। लेकिन वह स्विच ऑफमिला। बहिन के यहां पता लगाने का प्रयास किया तो पता चला कि वह वहां भी नहीं पहुंचा है। रात में उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। सुबह उसके शव के बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पास मिलने की सूचना मिली। घटनास्थन से करीब 30 फीट की दूरी पर बाइक पड़ी थी। चाचा ने बताया कि उन्होंने घटना के बारे में जानकारी की तो पता चला कि गांव के कुछ लोगों ने औरेखी से पेट्रोल डलवाकर जब गोहन की ओर जा रहे थे। एक्सप्रेस वे के नीचे पुल के पास सुखपाल सिंह व सोमपाल सिंह निवासीगण ग्राम चाकी थाना गोहन दो अज्ञात व्यक्ति उनके भतीजे के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा व हाथापाई कर रहे थे। वहीं पास में एक कार भी खड़ी थी। जब उन्होंने बीच बचाव कराना चाहा तो उन लोगों ने उन्हें डांट डपटकर भगा दिया।

## खबरें एक नजर में

### छात्रा को बाइक सवार ने मारी टक्कर, घायल

**जैदपुर, बाराबंकी।** साईकिल से विद्यालय जा रही छात्रा को तेज रफ्तार में आ रहे मोटरसाइकिल चालक ने मारी टक्कर। घायल छात्रा को इलाज के लिये समुदायिक स्वास्थ केंद्र भेजा गया। जबकि चालक सहित मोटरसाइकिल पर सवार एक यूवक को भी गंभीर चोटें आयी है। जानकारी के अनुसार बुधवार को सुबह बालिका इंटर कालेज के लिये घर से निकली कक्षा 8 पढ़ने वाली छात्रा प्रियांशी पुत्री बृजेश गुलहरिया को जैदपुर थाने के निकट कैनरा बैंक के सामने अपने मामा के घर जा रहे मोटरसाइकिल डीलक्स यूपी 41 ए एन 9229 के चालक विमलेश पुत्र पृथ्वीराज गुलहरिया थाना जैदपुर ने टक्कर मार दी। जिससे छात्रा घायल होगयी। वहीं मोटरसाइकिल पर बैठे शुभम को भी काफी चोटिल हो गया। जिन्हें मौजूद लोगों के सहयोग से उपचार हेतु समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

### बाजार में अतिक्रमण से राहगीरों का आवागमन हुआ दुश्वार

**जैदपुर, बाराबंकी।** बाजार सहित विभिन्न रोड़ पर अतिक्रमण होने के चलते आये दिन हादसे होते हैं। फिर आलाधिकारियों की नजर जैदपुर में पड़ने से आज फिर रोड़ पर पीकप खड़ी होने के कारण मोटरसाइकिल सवार का संतुलन बिगड़ा और एक स्कूल की छात्रा सहित एक यूवक भी घायल हो गया। बताते चले जिलाधिकारी के आदेशानुसार जिले के अन्य जगहों पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने का कार्य किया गया। मगर जैदपुर नगर पंचायत में अतिक्रमण को लेकर खानापूरी भी नहीं की गयी जिससे पानी टंकी बाजार थाना चौराहा वसीनगर सहित अन्य जगहों पर आज भी अतिक्रमण के चलते लोगों का रास्ते से निकलना दूभर है।वहीं साप्ताहिक बाजार में भी अतिक्रमण को लेकर तमाम समस्याओं का सामना आम जनता को भी करना पड़ता है? नाली खड़ंजे रोड पट्टी सहित सरकार भूमि पर भी भयंकर अतिक्रमण किया गया।

### सचिवों व रोजगार सेवकों को दिये निर्देश

**कोंच, जालौन।** कोंच ब्लॉक के सभागार कक्ष में बीडीओ मानूलाल यादव की अध्यक्षता में रोजगार सेवकों की बैठक संपन्न हुई जिसमें ग्राम पंचायत में मंडे जाकर जल्द ही शुरू करने के निशान निर्देश दिए वहीं बीडीओ ने कहा है कि ग्राम पंचायत में जल्द से जल्द कर शुरू कराया जाए और मजदुरुस्त श्रमिकों को रोजगार मिल सके। इस दौरान एडीओ आईएसबी देवेंद्र निरंजन, कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रशांत श्रीवास्तव के अलाबा कई रोजगार सेवक मौजूद रहे।

### खेत पर गया युवक फांसी पर झूला

**कोंच, जालौन।** ग्राम भेड़ में 25 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भेड़ में विक्कू पुत्र लल्लूराम उम्र 25 निवासी खंनुवा जो कि अपने मामा के यहां ग्राम भेड़ में कई सालों से रह रहा था वही आज विक्कू ने खेत पर जाकर रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सूचना मिलते ही मौके पर भेड़ चौकी इंचार्ज व पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया साथ ही पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### ट्रांसफॉर्मर से तेल रिसाव के चलते चार घंटे बाधित रही बिजली

**जालौन, उरई।** बिजलीघर में रखे 10 एमवीए ट्रांसफॉर्मर की बॉडी से तेल रिसाव के चलते नगर की बिजली आपूर्ति लगभग चार घंटे तक बाधित रही। इस दौरान लोग परेशान हुए। नगर के उरई रोड स्थित बिजलीघर में रखे 10 एमवीए ट्रांसफॉर्मर में बुधवार की सुबह अचानक से तेल का रिसाव होने लगा। तेल रिसाव होने की जानकारी होते ही नगर की बिजली आपूर्ति रोक दी गई और कर्मचारियों को समस्या के समाधान के लिए लगाया गया। सुबह करीब साढ़े नौ बजे बिजली सप्लाई रोकने के बाद कर्मचारी कारण पता लगाने और उसका समाधान करने में जुट गए। इस दौरान तकरीबन चार घंटे तक नगर की बिजली आपूर्ति बंद रही।

# हर पल शुभ होता है कर्म करने के लिए : वीरेंद्र



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

किसी भी कार्य को करने के लिए प्रत्येक पल शुभ होता है, हमें अपने कार्यों को कल के लिए टालना नहीं चाहिए बल्कि तत्काल करना ही हमारी सोच होनी चाहिए।

काल करे सो आज कर आज करे सो अब। यह उद्बोधन शान्ति पुरम सेवा समिति बाराबंकी के संयोजक एवं आज की बैठक के सफल संचालक डॉ वीरेंद्र श्रीवास्तव ने शान्ति पुरम सेवा समिति बाराबंकी की बैठक रामचन्द्र वर्मा पूर्व प्रवक्ता के आवास, आवास विकास कालोनी बाराबंकी में आयोजित बैठक में व्यक्त किए। कार्यक्रम का आगाज ओज कवि अरविन्द मिश्र पुरोहित की वाणी वंदना एवं आध्यात्मिक उद्बोधन से हुआ।डा राम सुरेश वर्मा की लोक कथाएं एवं रज्जन लाल श्रीवास्तव,उदय शंकर वर्मा, शत्रोहन लाल वर्मा , के के शर्मा,डा नन्हे सिंह प्राचार्य ,रामशंकर जी के उत्प्रेरक प्रेरणा दायक प्रसंग बहुत ही सुन्दर रहे। व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव लल्लू ने हास्य व्यंग की कविताएं प्रस्तुत कर ठहाके लगाने के लिए विवश कर दिया उन्होंने कहा तुमहू रहिहौ हमहू रहबै काहे कै टकराव, मुफ्त कै राशन जल शौचालय खाव पियौ और जाव आयोजक राम चन्द्र वर्मा ने सभी अतिथियों साहित्यकारों, उपस्थित समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों , श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए सुरेश बैसवार ने सभी से अनुरोध किया कि समिति के कार्यक्रमों में सभी को बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग करना चाहिए। समिति ने रामचन्द्र वर्मा के अस्सी वर्ष पूर्ण होने पर जन्म दिन को बड़े ही हषोल्लास के साथ मनाया।इस अवसर पर नवमी लाल, विकास वर्मा, अलौकिक वर्मा,आयुष एवं सचिन वर्मा सहित तमाम श्रोता उपस्थित थे।

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख से टोल कर्मियों की मारपीट, नही हुई कार्रवाई

**जैदपुर बाराबंकी समृद्धि न्यूज**

अहमदपुर टोल प्लाजा पर बीते 20 अगस्त की सुबह पूर्व ब्लाक प्रमुख दिनेश कुमार सिंह के साथ हुई मारपीट के मामले में रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र के मेडवा गांव निवासी सत्रोहन लाल पुत्र स्व. जसकरन द्वारा विशेष न्यायाधीश से की गई। शिकायत के आधार पर विशेष न्यायाधीश के निर्देश पर बुधवार को थाना जैदपुर में एफआईआर दर्ज किया गया। जिसमें सत्रोहन लाल द्वारा बताया गया कि वह को दिनेश कुमार सिंह के साथ स्कॉर्पियो से अहमदपुर टोल प्लाजा पर पहुंचे और टोल प्लाजा के दो लाइन बंद थे। तीसरी लाइन चालू थी तीसरी लाइन पर अधिक भीड़ होने के कारण दिनेश कुमार सिंह की सुपोत्री की तबीयत बहुत खराब होने के कारण उसे लखनऊ के डॉक्टर को दिखाना था जिसके चलते वह बंद लाइन से गाड़ी ले जाने लगे जिस पर 115 रुपए का टोल शुल्क भी दिया गया जिस पर टोल कर्मचारी सोमेंद्र कुमार मिश्रा आशुतोष सोनी अविनाश पांडे तथा दो अज्ञात व्यक्ति आ गए और उन्हें जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कहा तुम गलत लाइन से गाड़ी निकलती हो जिस पर उनके द्वारा बताया गया कि दिनेश कुमार सिंह की सुपुत्री की तबीयत खराब है उन्हें लखनऊ में दिखाना है और उनके द्वारा वैधानिक टोल शुल्क भी जमा कर दिया गया है जिस पर टोलकर्मी ने उनकी गाड़ी को को जाने दिया इसके बावजूद भी सोमेंद्र कुमार मिश्रा हुआ आशुतोष सोनी ने गाड़ी को आगे रोक लिया तथा जाति सूचक गाली गलौज करने लगे जैसे दिनेश कुमार सिंह ने गाली देने से मना किया तब हो तो लोगों ने उसे मारने पीटने लगे जिसे बचाने के लिए दौड़े दिनेश कुमार सिंह को भी मारा पीटा गया वहीं पीछे से आ रहे उनके अन्य साथी गणों द्वारा जब बीज बचाओ कराया गया तो उनके साथ भी आबद्धता की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में जैदपुर थाना में दरोगा को शिकायती पत्र दिया गया लेकिन टोल प्लाजा के मैनेजर के दबाव के कारण उस समय रिपोर्ट नहीं दर्ज किया गया और ना ही उनकी चोटों का मेडिकल परीक्षण कराया गया उल्टा दरोगा नाराज हो गए और दिनेश कुमार सिंह व अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध ही रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया उन्होंने बताया कि वह अपने मेडिकल परीक्षण जिला अस्पताल में कराया और उक्त संबंध में पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया जिस पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

# फरहा बानों के करांटे चैंपियन बनने पर खुशी जताई

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज़।**



करांटे चैम्पियन फरहा बानो।

जिला स्तरीय कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता 2024 में कालपी की कक्षा 6 की छात्रा फरहा बानो ने सेकंड चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। चैंपियनशिप का प्रमाण पत्र पाकर शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों ने खुशी जताई है। जिला करांटे एसोसिएशन के तत्वाधान में इंदिरा स्टेडियम उरई में 15 अक्टूबर को जिला कराटे चैंपियनशिप की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में उच्च माध्यमिक विद्यालय हरीगंज विकासखंड महेवा की अध्ययनरत कक्षा 6 की छात्रा फरहा बानो हिस्सा लिया कर मुकाबले में कालपी की होना छात्र पढ़वानों ने वह 24 में जिला कराटे चैंपियनशिप का सेकंड होने का खिताब जीता। विद्यालय की प्रधानाचार्य संगीता श्रीवास्तव ने बताया कि समझ में आयोजकों के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है सहायक अध्यापिका रेखा भास्कर तथा विद्यार्थियों ने चौंपियन का खिताब हासिल करने पर शुभकामनाएं देते हुए खुशी व्यक्त की है।

## एसडीएम ने अधिवक्ताओं के साथ बैठक की

**कोंच, जालौन।** उप जिलाधिकारी ज्योति सिंह ने ऑफिस में अधिवक्ताओं के साथ एक बैठक आयोजित की जिसमें पेयजल समस्या, प्रकाश व्यवस्था व शौचालयों की साफसफाई पर ध्यान देने की बात कही। एसडीएम ज्योति सिंह ने नगर पालिका प्रभारी को स्पष्ट दिशा निर्देश दिए ओर कहा है कि समस्याओं के समाधान के लिए तुरंत कदम उठाए जाएं। साथ ही नागरिकों की मूलभूत समस्या जाम, नाली साफसफाई, दबा छिड़कबाई को दूर करे और नगर में किसी भी तरह की परेशानी लोगों को नही आनी चाहिये। इसी दौरान बार संघ अध्यक्ष एड राजेंद्र निरंजन, रामशरण कुशवाहा, हरिसिंह निरंजन, नवल किशोर जावत, दीनानाथ निरंजन, ब्रजेश मिश्रा, ओमप्रकाश कौशिक, सफाई निरीक्षक हरिशंकर निरंजन आदि।

## बंबा पर आवागमन हेतु पुलिया निर्माण की मांग

**जालौन (उरई)।** बंबा किनारे घर बने होने के चलते मोहल्ले के लोगों को बंबा पार करके जाना पड़ता है। यहां पुलिया न होने से लोगों को दिक्कत होती है। मोहल्ले के लोगों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर पुलिया बनवाने की मांग की है। नगर के मोहल्ला नया रावतान मौजा धौरा खेड़ा बाहर हद निवासी जीशुफ़ दीपू, जाकिर, रसीद, मेंहदी, याकूब, देवेश, मन्नू आदि ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके घर बंबा किनारे बने हैं। उन्हें मुख्य सड़क से बंबा पार करके अपने घरों तक पहुंचना पड़ता है।

## मिट्टी का टीला ढ़हने से मां घायल, पुत्री की मौत

**रामपुरा (जालौन)।** दीपावली में घर की लिपाई पुताई हेतु खेत से मिट्टी भरने गई मां बेटी पर टीला ढ़हने से 10 वर्षीय बालिका प्रिंसी की मृत्यु हो गई। रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम कूसेपुरा में आज दोपहर लगभग 12.30 बजे मालती देवी पत्नी राहुल उम्र 40 बर्ष अपनी 10 वर्षीय पुत्री प्रिंसी को साथ लेकर दीपावली पर्व में घर की हो रही लिपाई पुताई हेतु मिट्टी भरने गई थी जब वह खेत मे गहरा गड्ढा खोदकर मिट्टी भर रही थी कि अचानक ऊपर की मिट्टी भरभरा कर गिर पड़ी जिससे दबकर मां बेटी गंभीर रूप से घायल गई। मौके पर स्थानीय ग्रामीणों ने आनन फानन मिट्टी का ढेर हटाकर उन्हे बाहर निकाला व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा ले गए जहां चिकित्सकों ने पुत्री प्रिंसी को मृत घोषित कर दिया।

# ज़ी स्कूल की छात्रा रूपांशी खेलेगी स्केटिंग में सीबीएसई नेशनल्स

**इटावा,समृद्धि न्यूज।**



माउण्ट लिट्रा ज़ी स्कूल, इटावा की छात्रा रूपांशी सिंह ने सीबीएसई ईस्ट जोन स्केटिंग प्रतियोगिता 2024-25 में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की और सीबीएसई नेशनल्स के लिए क्वालीफाई किया। रूपांशी ने स्केटिंग की 500 मीटर रेस में स्वर्ण पदक और लैप रोड रेस में रजत पदक जीतकर अपने माता-पिता और स्कूल का नाम रौशन किया। इस शानदार प्रदर्शन के बाद रूपांशी सिंह अब इसी माह कर्नाटक में आयोजित होने वाले सीबीएसई नेशनल्स में भाग लेगी। इस उपलब्धि पर स्कूल के चेयरमैन अतीवीर सिंह यादव, वाइस चेयरमैन डॉ. विकास यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर सलिल यादव और प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने रूपांशी, उनके माता-पिता और शिक्षकों को बधाई दी और रूपांशी को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मनोज श्रीवास्तव, विनय शील पठानिया, और अन्य सभी शिक्षकों ने भी रूपांशी और सभी विजेता छात्रों को बधाई दी।

## नाबालिग बच्चों को अपने प्रतिष्ठान पर न रखें व्यापारी

**इटावा।** आज पुलिस लाइन स्थिति थाना एएचटीयू में थाना प्रभारी दिवाकर प्रसाद सरोज और व्यापार मंडल इटावा के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित के मध्य वार्ता हुई, थाना प्रभारी नें बताया कि एंटी ह्यूमन ट्रैफ़िकिंग यूनिट मानव तस्करी विरोधी इकाई है यह कानून प्रवर्तन की एक विशेष इकाई है मानव तस्करी को रोकने और उससे निपटने के लिए यह इकाई काम करती है, बालश्रम इसके अन्तर्गत है, मानव तस्करी से निपटने के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों, और समुदाय के साथ मिलकर काम करती है। मानव तस्करी से जुड़े मामलों में पीड़ितों के लिए विज़िटर सपोर्ट फ़ंड, खाना, कपड़े, दवा, मनो-कानूनी सहायता, और यात्रा खर्च जैसे फ़ंड का प्रावधान होता है थाना प्रभारी नें बताया कि व्यापारी संगठनों सहित अन्य समाजसेवी सगंठन सरकार की इस बहुउद्देश्यीय योजना मे सहयोग करें तथा समाज मे जागरूकता फैलायें।

# शाखा पोस्ट मास्टर पर हमला डाक पत्र छीनने का किया प्रयास

**सहजनवां गोरखपुर समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत घघसरा के वार्ड संख्या 13 ग्राम डुमरी निवासी रूदल प्रसाद गौड़ के ऊपर बीते मंगलमवार की शाम 5.30 बजे कुछ अज्ञात हमलावरों ने हमला कर दिया। मारने पीटने के साथ झोले में रखा कैस व रजिस्ट्री पत्र छीनने की कोशिश की। शोर मचाने पर सभी फरार हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार- पोस्ट मास्टर का उनकी गाँव के पाटीदारी में जमीनी विवाद चल रहा है। कई बार छोटी- छोटी बात को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ जाते हैं। पोस्ट मास्टर ने पुलिस को बताया कि बीते मंगलवार की शाम कुछ हमलावरों द्वारा जसुलीपार के पास घेर लिया। गाली गुप्ता व जान से मारने की धमकी देने लगे। हम सहजनवा डाकघर से डुमरी शाखा डाकघर पर पत्र व कैश लेकर अपने बाइक से आ रहे थे। मोटर साइकिल से आये बदमाश मुंह पर मास्क लगाए हुए थे, जिस कारण उनकी पहचान नहीं कर सके। वहीं कुछ की पहचान होने पर भय बोल नहीं सके। उक्त- संदर्भ में थाना प्रभारी सहजनवा विशाल उपाध्याय ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है, दोषियों को विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।


## सम्बन्ध विच्छेद

मैंने अपने छोटे पुत्र सुमित वर्मा के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के संबंध विच्छेद कर लिये है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **रामसनेही पुत्र सीताराम निवासी गनीपुर जोगपुर, थाना नवाबगंज, फर्रुखाबाद।**

## सूचना

पिता के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम PRASANT SHARMA व जन्मतिथि 26.02.1999 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम PRASHANT SHARMA व जन्मतिथि 26.02.2000 है। PRASHANT SHARMA S/o of Army/JC-N0-481485Y, रैंक, सूबेदार अनिल कुमार शर्मा आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-माधवी नगर-ए, बी.रोड, गदाईपुरा, बिरला नगर, ग्वालियर, म0प्र0-474004.

## सूचना

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम TARAVATI DEVI दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम TARAWATI है। TARAWATI M/o of Army No-3002672N, रैंक हवलदार राजेश आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी 240, सनोली रोड मलिक पेट्रोल पम्प, वीटीसी पानीपत, पोस्ट-पानीपत, जिला पानीपत, हरियाणा, पिन-132103

## कार्यालय ग्राम पंचायत लखनपुर विकास खण्ड कायमगंज, फर्रु0

पत्रांकःमीमो/ ग्रा0पं0/15वां वित्त/ राज्य वित्त टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 14/10/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत लखनपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 17/10/2024 से 23/10/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 23/10/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 100 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | रामप्रकाश के घर से प्रेमचन्द्र की दुकान तक नाली निर्माण कार्य | 4.15 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 2- | प्रेमचन्द्र की दुकान से सत्यप्रकाश के घर तक नाली निर्माण कार्य | 4.15 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 3- | सर्वेश के घर से अतर सिंह के मकान तक नाली निर्माण कार्य | 1.74 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (मोहिनी यादव) ग्रा0पं0 लखनपुर, कायमगंज ग्राम विकास अधिकारी (शशि देव सिंह)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत रोशनाबाद विकास खण्ड शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांकः02/ ग्रा0पं0/राज्य वित/केंद्रीय वित्त टेण्डर प्रकाशन वितीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 16/10/2024

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रोशनाबाद द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 17/10/2024 से 22/10/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 22/10/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | शमशाबाद रोड से दीनदयाल उपाध्याय विद्यालय रोशनाबाद तक व आबादी क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट लगवाने का कार्य | 4 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | मैन रोड से पोस्ट ऑफिस तक नाला निर्माण कार्य | 2.06 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | मैन रोड से पोस्ट ऑफिस तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 2.42 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | रोशनाबाद हजियापुर रोड पर व आबादी क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट लगवाने का कार्य | 4.58 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें:-** निविदा दाता का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफडीआर व एनएससी व चेक द्वारा ली जायेगी।

**प्रधान (पुष्पांजली) ग्रा0पं0 रोशनाबाद, शमशाबाद सचिव (दिलीप कुमार)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत बबना विकास खण्ड नवाबगंज, फर्रुखाबाद।

पत्रांकः ग्रा0पं0/ 15वां वित/राज्य वित/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वितीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 16/10/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बबना द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 17/10/2024 से 23/10/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 23/10/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य | सामग्री आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1- | सामुदायिक शौचालय से देवी मंदिर इंटरलाकिंग कार्य | 253000 | 4113 | 500 | 2 माह |
| 2- | रुप सिंह के घर से गोविंद के घर तक यूटाइप नाली निर्माण कार्य | 205000 | 3234 | 500 | 2 माह |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (सीता देवी) ग्रा0पं0 बबना, नवाबगंज सचिव (प्रमोद शुक्ला)**

# साईं मीर ध्यान मंदिर में पंचम स्थापना दिवस का हुआ शुभारंभ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को साईं मीर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन शिर्डी धाम के प्रांगण स्थित साईं मीर ध्यान मंदिर में पंचम स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ किया गया। संस्था के संस्थापक चेयरमैन डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव के सानिध्य में डायरेक्टर डॉ. अनीता रंजन सिंह के द्वारा प्रथम दिवस पूजन शिर्डी से आये पुरोहित चन्द्रशेखर कुलकर्णी एवं सहयोगी आचार्यगण द्वारा सुबह 8:00 बजे से आचमन, प्राणायाम, प्रायश्चितता संकल्प, प्रधान संकल्प, गणेश पुण्याहवाचन मात्रका पूजन, नांदी श्राद्ध, वास्तु मंडल पूजन, योगीनी मंडल पूजन, क्षेत्रपाल मंडल पूजन, सर्वतोभद्र मंडल, वर्धीनी पूजन, रुद्र पूजन मंत्रों के द्वारा अग्री उत्पादन, सकल मंडल स्थापि देवता हवन अर्चन वेद मंत्रों की ध्वनि के साथ सम्पन्न कराया गया। आरती के बाद साईं बाबा से इंस्टीट्यूट के कर्मचारियों, छात्रों द्वारा समस्त विश्व के कल्याण की कामना की गयी। इस आयोजन में साईं मीर परिवार के सभी सदस्यों ने उपस्थित होकर बाबा का आर्शीवाद लिया।


पूजा अर्चना करते पुरोहित


हवन पूजन करते पुरोहित व आचार्यगण

## खेत पर काम कर रहे युवक से मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** किसी बात को लेकर मोहल्ले के लोगों ने गाली गलौज की और युवक को मारपीट कर घायल दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कस्बा समधन के मोहल्ला सिकंदर नगर निवासी मोहम्मद सलाउद्दीन पुत्र निजामुद्दीन ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि मंगलवार को वह अपने खेत पर कृषि कार्य कर रहा था। तभी मोहल्ले के शराफत, रहमान, खालिद आए और उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे लात घुसों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कार से प्रयागराज जा रहे तीन लोगों की दुर्घटना में मौत, परिजनों में कोहराम

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

प्रयागराज जा रहे तीन लोगों की सड़क हादसे में आकस्मिक मृत्यु हो गई। घटना की खबर जैसे ही जनपद सहित शहर में पहुंची मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। बुधवार सुबह गुरसहायगंज के मोहल्ला रामकृष्ण नगर निवासी चालक कौशल तिवारी उर्फ श्यामू (35) पुत्र स्वर्गीय ध्रुव नारायण तिवारी कार से मनोज शुक्ला पुत्र जीवन शुक्ला निवासी मोहल्ला ग्वाल मैदान कन्नौज और अविनाश चंद दुबे पुत्र ओंकारनाथ दुबे निवासी मोहल्ला यूसुफपुर भगवान मकरंद नगर कन्नौज के साथ प्रयागराज जा रहे थे। तभी कानपुर कल्याणपुर थाना क्षेत्र के बदौरी टोल प्लाजा से 400 मीटर पहले सुबह 9.30 बजे हाईवे पर ट्रेलर (ट्रक) के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए ट्रेलर को दाहिनी ओर मोड़ दिया। इससे पीछे से आ रही कार उसमें जा घुसी और कार सवार तीना लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। उधर हादसे की खबर जैसे ही मृतक चालक श्यामू के परिजनों को मिली परिवार में कोहराम मच गया।


मृतक चालक कौशल तिवारी।

मृतक की पत्नी निशा, पुत्र केशव और पुत्री गरिमा का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि मृतक चालक मूल रूप से फर्रूखाबाद के थाना नबावगंज ग्राम वरतल का निवासी था। उसके पिता ध्रुव नारायण तिवारी गुरसहायगंज विद्युत विभाग में लाइनमैन के पद पर कार्यरत थे। मृतक गाड़ी चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था।

# जावेद हुसैन बने राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

संगठन की मजबूती व विस्तार के लिए राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत सिंह के निर्देशन व राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी के अनुमोदन पर नगर निवासी जावेद हुसैन को पार्टी का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

प्रदेश अध्यक्ष रामाशीय राय ने पत्र जारी कर इसकी जानकारी नगर के मोहल्ला सीमांत नगर निवासी जावेद हुसैन को जिलाध्यक्ष मनोनीत किए जाने की जानकारी दी है। उनके मनोनयन से स्थानीय लोगों सहित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका फूलमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत व सम्मान किया। प्रदेश अध्यक्ष ने जिलाध्यक्ष को जल्द से जल्द जिला कमेटी का गठन करने के निर्देश दिए है।


जावेद हुसैन, जिलाध्यक्ष।

# पुलिस ने छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इससे महिलाएं शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार और उद्यमिता के क्षेत्र में स्वयं को स्थापित कर सकें। मिशन शक्ति अपने जीवन पर नियंत्रण रखने के लिए महिलाओं की क्षमता को बढ़ाने की प्रक्रिया से है। एक सशक्त महिला अपने जीवन से जुड़े प्रत्येक फैसले को स्वयं ले सकती है। यह बात महिला उपनिरीक्षक नीलम सिंह ने कही। बुधवार को नगर के जी.टी. रोड तेराजाकेट स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज में मिशन शक्ति के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिला उपनिरीक्षक ने महिलाओं व छात्राओं को आत्मरक्षा की जानकारी दी। इसके अलावा महिला हेल्पलाइन नम्बर-1090, वीमेन पावर लाइन-181, एम्बुलेंस सेवा-108, साइबर हेल्पलाइन नम्बर-1930, आपातकालीन सेवा-112, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 स्टॉप बारे में बताया। बताया कि मिशन शक्ति ने महिलाओं के जीवन में सकारात्मक प्रभाव डाला है। इससे वे आर्थिक रूप से स्वतंत्र हो रही हैं। प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने कहा कि सरकार मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षित और सशक्त बनाने का कार्य कर रही है। इससे महिलाओं को अधिकारों की भी जानकारी मिल रही है। विद्यालय की छात्राओं ने बाल विवाह, नारी शोषण, दहेज प्रथा आदि कार्यक्रम की प्रस्तुती देकर मिशन शक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका आरती राजपूत ने किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि अपराध घटित होने पर बालिकाएं महिला हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर सकती है। छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुती से आनंदित महिला उपनिरीक्षक ने छात्राओं को मेडल व उपहार देकर प्रोत्साहित किया। इस मौके पर हेड कांस्टेबल (साइबर सेल) तौफीक खान, महिला हेड कांस्टेबल शशिप्रभा, जयललिता, महिला कांस्टेबल प्रियंका, रोशनी, अपूर्वा, सीमा सहित शिक्षक चन्द्रप्रकाश गुप्ता, विकास कुमार, ओमेन्द्र सिंह, सुनील कुमार के अलावा अल्का दुबे, शिवा पाण्डेय, प्रतिभा कुशवाहा, अंकिता शर्मा, स्वाती अवस्थी, खुशी आदि मौजूद रहे।


मिशन शक्ति के तहत आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं व पुलिस कर्मी।

## राष्ट्रीय स्वयं सेविका संघ का शाखा में हुआ शस्त्र पूजन समारोह

**कोंच,जालौन।** सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मंडी कोंच मे राष्ट्रीय स्वयं सेविका संघ की लक्ष्मीवाई केलकर शाखा में शस्त्र पूजन कार्यक्रम हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रही उरई नगर की विश्व हिंदू परिषद की जिला संयोजिका डॉ रचना श्रीवास्तव, विद्यालय की सहप्रबंधिका कृष्णा झा, मधु गुप्ता, प्रधानाचार्या आभा तिवारी रही सर्वप्रथम को ध्वज प्रणाम किया गया एबं संघ वंदना की गयी एबं प्रधानाचार्या आभा तिवारी ने अतिथियों का परिचय कराया मुख्य अतिथि डॉ. रचना श्रीवास्तव ने विस्तार से विजयदशमी पर शस्त्र पूजा क्यों होती है इस पर प्रकाश डाला और कहा कि विश्व हिंदू परिषद एबं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मे जुड़कर हम भारत मां की सेवा करके खुद को सौभाग्यशाली मानते है।

# शिक्षण संस्थानों में मानक के विपरीत चल रहे वाहनों पर करें कार्रवाई

- सभापति ने गांधी सभागार में की बैठक, दिए निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

उ.प्र विधान परिषद की शिक्षा का व्यवसायीकरण सम्बन्धी जांच समिति की बैठक सभापति डॉ मानवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में संपन्न हुई। जिसमें सदस्य विजय बहादुर पाठक, अंगद कुमार सिंह, अविनाश सिंह चौहान आदि समिति के सदस्य रहे। बैठक में सभापति ने कहा कि राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई करने हेतु छात्र- छात्राओं से एडमीशन के समय पांच हजार रुपये की काशन मनी जमा करायी जाती है। काशन मनी को वापस करने की एक नियमावली बना दी जाये। जिससे जो स्टूडेंट पैसा वापस लेने नही आ रहा है। तो ऐसी धनराशि को स्टूडेंट वेल फेयर्स में ट्रांसफर कर विद्यार्थियों के हित में उपयोग किया जाये। कहा कि जो शिक्षण संस्थान कक्षा 05 से 08 तक मान्यता लेकर हाई स्कूल, इंटर की पढ़ाई करा रहे हैं। ऐसे विद्यालयों की जांच खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा कराकर ऐसी व्यवस्था बंद करायी जाये। इस दौरान आरटी एक्ट के संबंध में संतोषजनक जानकारी न दिये जाने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी फर्रुखाबाद, औरैया एवं कन्नौज से नाराजगी व्यक्त करते हुये सभापति ने शासन को पत्र लिखने के निर्देश जारी किये।



बैठक में निर्देश देते सभापति डॉ मानवेन्द्र प्रताप सिंह

उन्होने कहा कि आरटीएक्ट के तहत गरीब परिवार के बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में निःशुल्क दाखिला दिलाने का प्राविधान है। तीनों जनपद के अधिकारी आरटीएक्ट के तहत ऐसे गरीब परिवारों के बच्चों के लिए जनपद स्तर पर कितना कोटा है और वित्तीय वर्ष में कितने आवेदन आयें हैं तथा कितने आवेदन निरस्त हुए का कारण सहित विवरण समिति को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। सभापति नें तीनों जनपद के सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये कि शिक्षण संस्थानों के वाहन मानक के अनुसार पीले रंग के होने चाहिए। शिक्षण संस्थानों में लगे अनुबंधित वाहन मानक के अनुसार होने चाहिए, वाहन मानक के बाहर पाये जाने पर कार्यवाही अमल मे लायी जाये। कहा कि शिक्षण संस्थानों में महिलाओं के लिए जिन वाहनों का उपयोग किया जा रहा है उसमें एक महिला सहकर्मी की ड्यूटी अनिवार्य रूप से लगाई जाए।

उन्होनें प्राइवेट स्कूलों में फीस निर्धारण पर विस्तार से चर्चा करते हुए उपस्थित संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी फर्रूखाबाद, औरैया, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सहित जनपद के सम्बन्धित अधिकारीगण रहे।

# विद्युत टीम ने चेकिंग अभियान चलाकर की छापेमारी

- टीम ने 15 बकायेदारों के काटे गये कनेक्शन

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

विद्युत टीम ने बकाया बसूली व विद्युत चोरी को रोकने के लिए छापेमारी अभियान चलाया। इसमें टीम ने बकायेदारों के कनेक्शन काटते हुए कई उपभोक्ताओं का लोड बढ़ाया। विद्युत टीम की छापेमारी से बकायेदारों व विद्युत चोरों में हडकंप मचा रहा।

बुधवार को विद्युत उपखंड अधिकारी ब्रजेश कुमार सरोज के नेतृत्व में अवर अभियंता विकास कुमार ने विद्युत टीम के साथ नगर के मोहल्ला अशोक नगर में विद्युत चेकिंग अभियान चलाया। विद्युत टीन ने विद्युत चेकिंग अभियान के दौरान 15 बकायेदारों के कनेक्शन काटे और बिल जमा करने की चेतावनी दी। कहा कि विद्युत का उपभोक करते पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। इसी प्रकार घरेलू कनेक्शन से विद्युत का व्यापारिक उपयोग करते पाए जाने पर 12 उपभोक्ताओं का टैरिफ परिवर्तन किया गया। स्वीकृत भार से ज्यादा लोड चला रहे 08 उपभोक्ताओं का लोड बढ़ाया गया।


एसडीओ के साथ छापेमारी करती विद्युत टीम।

समय से बिल जमा करने हेतु उपभोक्ताओं से अपील की। इस दौरान लाइनमैन शरमू, संतोष कुमार, गौरव, मीटर रीडर अवधेश, हमराज आदि मौजूद रहे।

# सीओ ने शुरू कराई तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताएं

- डीएन कॉलेज खेल मैदान पर तीन दिवसीय मण्डल स्तरीय प्रतियोगिताओं का हो रहा आयोजन

**तिर्वा, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के डीएन इंटर कॉलेज के छात्रावास मैदान में तीन दिवसीय 35वीं मण्डलीय माध्यमिक विद्यालयों की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शुरू हुआ। पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची पुलिस क्षेत्राधिकारी तिर्वा डॉ.प्रियंका बाजपेई ने पूर्व विजेता छात्र को पृज्जवलित मशाल देकर शुरूआत कराई।

डीएन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य योगेन्द्र तोमर ने बताया कि मण्डल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में कानपुर नगर, कानपुर देहात, औरैया, इटावा, कन्नौज, फर्रूखाबाद जिले के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं। बाहरी जनपदों से आए छात्र-छात्राओं को कस्बे के महेन्द्र नीलम इंटर कॉलेज, महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज, दीनानाथ इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तथा मालती देवी इंटर कॉलेज में ठहराया गया है। छात्राओं की सुरक्षा के लिए इंटर कॉलेज के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया है। बुधवार को शुरू हुई खेलकूद प्रतियोगिता में सीनियर बालक, सीनियर बालिका तथा जूनियर बालक तथा जूनियर बालिका वर्ग में 800मीटर, 100मीटर, 200मीटर तथा 1500मीटर दौड़, गोला फेंक लम्बी कूद तथा चक्का फेंक प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। इसके अलावा सबजूनियर बालक तथा बालिका में 600मीटर, 100मीटर, 200मीटर, चक्का फेंक, लम्बी कूद, तथा गोला फेंक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इस दौरान डीआईओएस डॉ.पूरन सिंह, संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज कुमार द्विवेदी, कोतवाल तिर्वा जितेन्द्र प्रताप सिंह, सुनील कुमार यादव के अलाव कई जनपदों से खेल शिक्षक मौजूद रहे।


मुख्य अतिथि सीओ तिर्वा डॉ.प्रियंका बाजपेई को प्रतीक चिन्ह भेंट करते डीएन कॉलेज के प्रधानाचार्य योगेन्द्र तोमर

# कल्याणकारी व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष बने मनोज सविता

- प्रदेश अध्यक्ष संदीप पाण्डेय ने तिर्वा पहुंचकर दी बधाई
- ऑनलाइन व्यापार को लेकर जताया विरोध

**तिर्वा, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

कस्बे में संचालित सीमा अस्पताल के निदेशक मनोज सविता को उत्तर प्रदेश कल्याणकारी व्यापार मण्डल का कन्नौज जनपद का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। उनको जिलाध्यक्ष बनने पर कई व्यापारियों ने उनको बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उप्र कल्याण व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष संदीप पाण्डेय बुधवार की सुबह तिर्वा कस्बे में पहुंचे। यहां उन्होने नगर के व्यापारियों के साथ एक बैठक की। यहां उन्होने तिर्वा निवासी व सीमा अस्पताल के निदेशक मनोज सविता को संगठन का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। जिसपर सभी व्यापारियों ने भी अपनी सहमति दी। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उनका संगठन सदैव व्यापारी हितों के लिए काम करेगा। उन्होने ऑनलाइन व्यापार का भी विरोध किया। कहा कि ऑनलाइन व्यापार बढ़ने से छोटा व्यापारी परेशान है। हम सभी की जिम्मेदारी है कि लोगों को अधिक से अधिक जागरूक कर ऑनलाइन व्यापार पर रोक लगाने का प्रयास करना चाहिए। जिससे व्यापारियों का लाभ हो सके। कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता ओम सिंह भदौरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष आनन्द सिंह गौतम, जितेन्द्र सिंह, रामू कटियार, अजय पटेल तथा नीरज समेत कई व्यापारी मौजूद रहे।


नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मनोज सविता को बधाई देते व्यापार मण्डल के पदाधिकारी

## मिस्त्री ने किशोरी के चैन ठीक कराने के बहाने उतारे कपड़े

**जालौन (उरई)।** साइकिल की चेन सही कराने गई किशोरी को युवक ने दुकान के अंदर बुला लिया और उसके कपड़े उतारने लगा। डरी सहमी किशोरी ने इसकी शिकायत मां से की। पीड़ित मां ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र निवासी एक मां ने पुलिस को बताया कि उनके परिवार के सदस्य बाहर गए थे। उनकी नौ वर्षीय बेटी की साइकिल की चेन खराब थी। जिसके चलते वह कहीं आ जा नहीं पा रही थी। मंगलवार की शाम उन्होंने बेटी को साइकिल की चेन सही कराने के लिए रुपये दिए और चुर्खी रोड स्थित दुकान पर भेज दिया। जब उनकी बेटी दुकान पर पहुंची तो दुकान पर मौजूद मिस्त्री लक्ष्मीकांत निवासी फर्दनवीस ने बेटी को टॉफी देने के बहाने दुकान के अंदर बुला लिया और उसके कपड़े उतराने लगा। जब बेटी को लगा कि उसके साथ गलत हो रहा है तो वह कम कपड़ों में ही भागकर उसके पास पहुंची और घटना की जानकारी दी।

# कृषि विज्ञान केंद्र में विश्व खाद्य दिवस पर हुए कार्यक्रम

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी में विश्व खाद्य दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्र की वैज्ञानिक डॉ चंद्रकला यादव ने विश्व खाद्य दिवस के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि विश्व खाद्य दिवस हर साल 16 अक्टूबर को मनाया जाता है। यह दिवस लोगों को कुपोषण और भुखमरी के प्रति सचेत करने के लिए मनाया जाता है। विश्व खाद्य दिवस हर वर्ष अलग- अलग थीम के साथ मनाया जाता है। इस साल की थीम बेहतर जीवन और बेहतर भविष्य के लिए भोजन का अधिकार ।इस थीम को रखने का मुख्य उद्देश्य लोगों को बेहतर और स्वस्थ्य भोजन क्यों जरूरी है। इसके प्रति जागरूक करना है। भोजन जीवन का आधार है।

इसके बावजूद भी दुनिया में ऐसे लाखों लोग हैं जो भूखे पेट सोने को मजबूर हैं। जिसके कारण वे कुपोषण का शिकार हो रहे हैं। बताया कि भारत में कुपोषण और भूखमरी आज भी एक गंभीर समस्या है। आज भी 50 प्रतिशत से अधिक महिलाएँ व बच्चे कुपोषित है इसको दूर करने के लिए लोगों को अपने भोजन में मोटे अनाजों जैसे ज्वार बाज़ार काकुनी रागी आदि दालों व हरी पत्तेदार सब्ज़ियों को शामिल करना होगा। कार्यक्रम में लगभग 50 महिलाओं व पुरुषों ने भाग लिया।



कार्यक्रम में किसानों को जागरूक करती महिला वैज्ञानिक डॉ चंद्रकला यादव



## डीएम ने लाभार्थी को सौंपा आयुष्मान कार्ड

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह ने जनता दर्शन में दिये गये प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही करते हुए लाभार्थी को आयुष्मान कार्ड सौंपा। जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज के ग्राम तुर्कललैया तहसील कायमगंज निवासी पीड़ित विमल कुमार ने जनता दर्शन में जिलाधिकारी को सौंपे गये प्रार्थना पत्र में कहा था कि उसके पुत्र के दिल में छेद है। जिसके आपरेशन के लिए वह आयुष्मान कार्ड बनवाना चाहता है। जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में त्वरित कार्यवाही कर डीआईयू द्वारा जांच करने पर पीड़ित अंत्योदय कार्डधारक होने के कारण आयुष्मान भारत की लाभार्थी सूची में नाम पाया गया। तत्काल लाभार्थी का आयुष्मान कार्ड बनाकर जिलाधिकारी द्वारा लाभार्थी को प्रदान किया गया। जिसमें डिस्ट्रिक प्रोग्राम कॉर्डिनेटर डॉ0 अमित मिश्रा एवं डिस्ट्रिक इन्फार्मेशन सिस्टम मैनेजर रवि प्रताप सिंह उपस्थित थे। साथ ही शेष परिजनों के कार्ड बनाने हेतु संबंधित पंचायत सहायक एवं प्रधानमंत्री आरोग्य मित्र को निर्देशित किया गया। जिससे तत्काल आयुष्मान कार्ड बनाकर चिकित्सीय सहायता उपलब्ध हो सके।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत हुई प्रतियोगिताएं

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

सड़क सुरक्षा पखबाडा के तहत अनौगी स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. सुशील कुमार के दिशा निर्देशन पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में डॉ. हरिराम यादव असि. प्रोफेसर ने सड़क यातायात से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि गोलाकार चिन्ह आदेशाआत्मक, त्रिकोण चिन्ह चेतावनी तथा चतुर्भुज चिन्ह सूचनात्मक होते हैं। उनका पालन सड़क सुरक्षा में बहुत जरूरी है। डॉ नागेंद्र सिंह, असि. प्रोफेसर रसायन विज्ञान ने छात्र-छात्राओं से कहा कि साइकिल में रिफ्लेक्टिंग पट्टी अवश्य लगवा लें।




डॉ शिप्रा वर्मा असि. प्रोफेसर हिंदी एवं प्रभारी परास्नातक ने छात्र-छात्राओं विशेष का छात्राओं को यातायात नियमों को समझने और उनके पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया। सड़क सुरक्षा कार्यक्रम प्रभारी डॉ. हेमेंद्र सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत महाविद्यालय में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, रैली, भाषण प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने बताया कि प्रतियोगियों में विजयी छात्र- छात्राओं को वार्षिक पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

# मॉडल शॉप दुकानें बनी तबेला, नहीं हुआ समतलीकरण

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

मॉडल शॉप दुकान के आगे ग्रामीणों ने कब्जा कर लिया है। मनरेगा के तहत अभी तक दुकान के सामने समतलीकरण का कार्य नहीं कराया गया है।

प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुखिया का सपना है कि हर ग्राम पंचायत में अन्नपूर्णा भवन बनकर गरीबों को राशन प्राप्त कराया जाए। इसी के तहत अन्नपूर्णा भवन तो सरकार बनवा रही है, लेकिन निचले स्तर पर बैठे अधिकारी व ग्राम प्रधान इस बात पर बिल्कुल ध्यान नहीं दे रहे हैं कि भवन कैसे चलेगा और ग्रामीणों को कैसे लाभ मिलेगा। अन्नपूर्णा भवन को कोटेदारों को हैंडओवर तो कर दिए गए, लेकिन कुछ ऐसे भवन आज भी हैं जहां पर सुचारू रूप से भवन पूर्ण तक नहीं किए गए। विकास खंड राजेपुर की ग्राम पंचायत रतनपुर पमारान में अन्नपूर्णा भवन तो बन गया, लेकिन भवन में केवल एक ही बार राशन वितरण हो सका। इसके बाद कोटेदार को दिक्कत आने पर कोटेदार ने फिर से अपने घर पर राशन रखकर वितरण करना शुरू कर दिया। कोटेदार प्रतिनिधि सतीश कुशवाहा द्वारा बताया गया कि भवन अभी तक पूर्ण नहीं किया गया। जहां पर ना तो निकलने के लिए कोई रास्ता है और ग्रामीणों ने भी भवन के सामने अपना कब्जा जमा रखा है। ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन मेरी कोई सुनने वाला नहीं है। ना तो भवन के आगे मनरेगा के तहत मिट्टी डलवाई गई और ना ही ग्रामीणों ने कब्ज़ा छोड़ा। एक तरफ रोड पर जानवर बांध देते हैं तो दूसरी तरफ भवन के आगे ट्रैक्टर ट्राली खड़ी कर देते हैं। जिससे ना तो भवन पर राशन उतर पता है और बरसात के समय भवन के आगे लगभग डेढ़ से 2 फिट पानी भर जाता है। इससे सिद्ध हो रहा हैं कि कोई अधिकारी काम करना ही नहीं चाहता है।

कई बार खबरो को प्रकाशित किया गया, लेकिन अधिकारियों पर कोई फर्क नहीं पड़ा। ग्राम पंचायतों में तैयार की गई मॉडल शॉप दुकानों में सरकार का लाखों रुपए इन्वेस्ट हुआ है, परंतु इसका फायदा अभी तक राशन उपभोक्ताओं को नहीं मिल पाया है और ना ही इसका लाभ कोटेदार ही उठा पा रहे हैं। जब तक इन दुकानों से सामने से अवैध कब्जे न हटाया जाए और समतलीकरण होने के बाद रास्ता ना दिया जाए। तब तक इन दुकानों का कोई औचित्य नहीं रह जाता। ऐसी स्थिति में मॉडल शॉप दुकानें केवल नमूना बनकर ही रह गई।




मॉडल शॉप दुकानें के सामने बंधी भैसें

# चोरी के उद्देश्य से घर में घुसे चोर को गृहस्वामी ने पकड़ा, धक्का देकर भागा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

▶ पीड़ित ने पुलिस को नामजद दी तहरीर

चोरी के उद्देश्य से घर में घुसा चोर चोरी करने में असफल रहा, क्योंकि खटपट की आवाज सुनकर गृहस्वामी जाग गया और चोर को दबोच लिया, लेकिन चोर गृहस्वामी को धक्का देकर भाग गया। इस दौरान गृहस्वामी ने चोर को पहचान लिया। गृहस्वामी ने चोर के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बेला सरायगजा निवासी उमेशचंद्र पुत्र रघुवीर सिंह ने गांव के ही मोहित पुत्र अरविंद कुमार के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसने कुछ दिन पूर्व अपनी भैंस का विक्रय किया था। जिसका 28000 रुपया घर में रखा हुआ था। पीड़ित के अनुसार उक्त प्रकरण की जानकारी गांव के कुछ लोगों को हो गई थी। 15 अक्टूबर की रात्रि चोरों द्वारा घर के दरवाजे की कुंडी खोलकर घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम देने की कोशिश की गई। खटपट की आवाज सुनकर जब गृहस्वामी जागा, तो उसने शोर मचाया। शोरगुल की आवाज सुन आरोपी चोर ने भागना उचित समझा। शिकायती पत्र के अनुसार जिस वक्त अज्ञात चोर घर से निकलकर भागने की कोशिश कर रहा था। इस दौरान गृह स्वामी द्वारा शोर मचाकर दबोच लिया गया। मगर आरोपी चोर द्वारा धक्का दिए जाने से गृहस्वामी गिर गया और चोर मौके से फरार हो गया। शोरगुल सुनकर ग्रामीण एकत्रित हो गए। इसी दौरान गृह स्वामी ने डायल 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पीड़ित गृह स्वामी ने ग्रामीणों के साथ जब आरोपी के घर पर दस्तक दी, तो आरोपी घर पर नहीं था। इस संबंध में पीड़ित ने गांव के ही एक आरोपी के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। उधर पीड़ित द्वारा शमशाबाद थाना पुलिस को दी गई तहरीर में कहा नवंबर महीने में बेटी की शादी है। जिसकी तैयारियां जोर-जोर से चल रही थीं। भैंस को भी इसी उद्देश्य से बेचा गया था और 28000 रुपए की नगदी घर पर रखी हुई थी। घर में रखी नगदी की जानकारी कुछ लोगों को थी रात्रि के किसी पहर आरोपी चोर ने घर के दरवाजे की कुंडी खोलकर चोरी की घटना को अंजाम देने की कोशिश की। बताते हैं जिस वक्त आरोपी चोर द्वारा संदूक खोला गया। इस दौरान खटपट की आवाज हुई। खटपट की आवाज सुन गृहस्वामी जाग गया। शोर मचाने पर धक्का देकर भाग गया। भागते समय आरोपी चोर को पहचान लिया गया।

# साइबर ठगों को पकड़ने के लिए सीओ ने मारा छापा



दबिश के दौरान मौजूद सीओ व थानाध्यक्ष

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र में साइबर ठगी के कई मामले सामने आने पर पुलिस सक्रिय हुई। जिसमें कई आरोपियों को जेल भी भेजा गया, लेकिन इसके बाद भी कई आरोपी अब भी सक्रिय हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए साइबर अपराध शाखा प्रयास कर रही है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव नगला हूसा में बीती रात क्षेत्राधिकारी रविंद्रनाथ राय, थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी, चौकी इंचार्ज विमल कुमार ने भारी पुलिस बल के साथ दबिश दी। जिससे अपराधियों में हड़कंप मच गया। मिली जानकारी में मुताबिक साइबर अपराध थाना फतेहगढ़ में एक मुकदमा पंजीकृत हुआ था। जिसमें नगला हूसा निवासी आशीष कुमार पुत्र नेकराम को जस्ट डायल एप के माध्यम से ट्रांसपोर्ट के नाम पर अंतर्राज्यीय, अंतरजनपदीय स्तर पर ठगी करने के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसी के साथ में गांव के ही निवासी सचिन पुत्र शिवराज सिंह, आकाश पुत्र विपिन, प्रदीप शर्मा पुत्र पप्पू शर्मा, मोहित पुत्र श्रीपाल, पवनीश पुत्र वीरपाल, गोविंद कश्यप पुत्र विनोद कश्यप के विरुद्ध जनपद फतेहगढ़ साइबर क्राइम थाने में धोखाधड़ी करने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया। जिसमें गोविंद कश्यप जो सरगना को सिम व अकाउंट उपलब्ध कराता था। जिसको देखते हुए क्षेत्राधिकारी रवींद्रनाथ राय ने भारी फोर्स के साथ गांव में दविश दी। मौके से अपराधी भाग गए।

# राम का हुआ राज्याभिषेक, अयोध्यावासियों ने किया स्वागत

▶ रंगारंग कार्यक्रम के नाम पर पीटी गयी लींक, लोग हुए मायूस

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

कमालगंज नगर में बीती रात नगर के चौराहे पर सजी अयोध्या में भगवान राम, सीता सहित लक्ष्मण का भारत, शत्रुघन एवं अयोध्यावासियों के द्वारा स्वागत किया गया।

स्वागत के लिए भरत, शत्रुघन द्वारा पेट के बल लगभग आधा किलोमीटर घिसटते हुये आना। उनके साथ नारद ऋषि, भगवान शंकर के साथ अन्य देवता आए और श्रीराम का स्वागत किया गया। स्वागत करने के बाद भगवान राम, सीता, लक्ष्मण सहित वनवासी कपड़े उतरवा कर उन्हें राजसी कपड़े धारण करवाए गए और फूल-मालाओं और मिष्ठान से भोग लगाकर उनका पूजन व आरती की गयी। उसके बाद अयोध्या के राज्य की बागडोर भगवान श्रीराम को सौंप दी गई। रात्रि में राजा राम का राज्याभिषेक कार्यक्रम हुआ। वहीं कमालगंज नगर के चौराहे पर ग्रामीण एवं नगर के लोग इकट्ठा हुए। जो कि इस आस में आए थे की रंगारंग कार्यक्रम या जागरण होगा, क्योंकि रामलीला कमेटी द्वारा अफवाह उड़ाई गई थी कि बाहर से बहुत अच्छी पार्टी मंगवाई जा रही है, लेकिन ऐन मौके पर कमालगंज नगर के ही गली कूंचों से नाचने वाले कलाकार इकट्ठा करके रामलीला कमेटी ने कमालगंज चौराहे पर रंगारंग कार्यक्रम करवाने का असफल प्रयास किया, जो की सफल नहीं हो पाया। जिससे जनता काफी मायूस दिखी।

वहीं भरत मिलाप कार्यक्रम रात्रि 12.00 बजे संपन्न हुआ। उसके बाद रंगारंग कार्यक्रम घंटे 2 घंटे भी नहीं चल पाया। 2.00 बजे कार्यक्रम स्थल पर उंगलियों पर गिने चुने लोग ही रह गए और बाकी जनता वहां से चली गई। वहीं नगर में इस बात की जोरशोर से चर्चा रही की चंदे के नाम पर लोगों से ज्यादा से ज्यादा राशि वसूल कर क्या अपनी जेबें कमेटी के लोग भर रहे हैं।

जिससे कमालगंज नगर के लोगों में रामलीला कमेटी के प्रति नाराजगी साफ देखने को मिली। लोगों में चर्चा थी कि कुछ वर्षों पूर्व जिस तरीके की रामलीला होती थी वह विगत वर्षों में देखने को नहीं मिल रही है। वहीं इस कमेटी से नगर के कई लोग विरोध में हैं।

कई बार नगर के लोगों द्वारा बराबर विगत 3 वर्षों से मांग उठाई जा रही है कि कमेटी को बदल दिया जाए, लेकिन कमेटी में अपने निजी स्वार्थ के लिए लोग रामलीला का मजाक बनवाते चले आ रहे हैं और रामलीला की लींक पीटकर अपना फर्ज अदा कर रहे हैं। वहीं नगर में विगत वर्षो की भांति इस वर्ष कमालगंज थाने के पास होने वाली कव्वाली भी नहीं हुई। यह लोगों में चर्चा का विषय बना रहा।



अयोध्या में मौजूद राम, सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघन आदि के स्वरुप

# लोहिया अस्पताल में तीमारदारों के बनेंगे कार्ड




डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

▶ नये नियम के तहत एक ही तीमारदार मरीज के पास रुक सकेगा

जिला अस्पताल लोहिया में मरीज से मिलने के नये नियम बनाये गये हैं। नये नियम के तहत अब मरीज के पास भीड़भाड़ नहीं हो सकेगी।

जानकारी के अनुसार अभी तक मरीज के साथ कई तीमारदार लोहिया अस्पताल में अंदर पहुंच जाते थे और पूरे-पूरे दिन रुके रहते थे, लेकिन लेकिन अब नये नियम के तहत मरीज के साथ भीड़भाड़ नहीं पहुंच पायेगी। मरीज के पास केवल एक तीमारदार ही रुक सकेगा। साथ ही उसका कार्ड भी बनेगा। कार्ड दिखाकर ही तीमारदार मरीज के पास जा सकेगा। कार्ड में मरीज और तीमारदार और वार्ड इंचार्ज की पूरी जानकारी लिखी होगी। इसके अलावा पान मसाला खाते और थूंकते पाये जाने पर 200 रुपया का जुर्माना लगेगा। इसके लिए तैयारी कर ली गयी है। जल्द ही कार्डों का वितरण शुरु हो जायेगा और नई व्यवस्था लागू हो जायेगी।

# पुलिस मुठभेड़ के मामले में दस अभियुक्तों को पांच-पांच वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस के साथ मारपीट व गोली मारने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-5 रितिका त्यागी ने अभियुक्त जागेश्वर, गजराज, शेखर उर्फ चन्द्रशेखर, महिमाचन्द्र, मुकेश, अशोक, बृह्मानंद, राजू, राजेन्द्र गंगवार, रामबाबू को दोषी करार देते हुए पांच-पांच वर्ष के कठोर कारावास व अर्थ दण्ड की सजा से दंडित किया।

वादी मुकदमा कांस्टेबिल इंद्रपाल सिंह द्वारा दिनांक 22 अक्टूबर 2006 को दी गयी तहरीर में कहा गया कि वह शांति व्यवस्था जांच प्रार्थना पत्र व सम्मन आदि करते हुए रेलवे लाइन के किनारे-किनारे होते हुए ग्राम महमदपुर धनी मोटर साइकिल से जा रहा था। मोटर साइकिल कांस्टेबिल कुलदीप सिंह चला रहा था। आगे चलकर रेलवे लाइन की पुलिया निर्माणाधीन होने की वजह से रास्ता अवरुद्ध था। जिस पर हम लोग मोटर साइकिल से उतरकर पैदल-पैदल गांव की पगडंडी पर जाने लगे। कांस्टेबिल कुलदीप सिंह मोटर साइकिल को चलाता हुआ आगे निकलकर किशन सिंह गंगवार की बगिया में समय करीब 14.30 बजे जैसे ही पहुंचा, वैसे ही बाग में दस-पन्द्रह व्यक्ति जुआ खेल रहे थे ने एक राय होकर कहा कि यह पुलिस वाला है। पकड़ो साले को, और सभी लोगों ने कांस्टेबिल कुलदीप सिंह को पकड़कर मारना पीटना शुरु कर दिया। शोर शराबा पर मैं व कांस्टेबिल अवधेश ने मौके पर पहुंचकर ललकारा व बचाने का प्रयास किया। तो सभी लोगों ने एक सुर में रामबाबू व जागेश्वर जिनके हाथों में तमंचे थे से कहा कि सालों को गोली मारो, कि इतने पर उपरोक्त तीनों ने जान से मारने की नियत से हम पुलिस वालों के ऊपर अपन-अपने तमंचों से फायर किये। जो कांस्टेबिल कुलदीप सिंह के सिर में लगे। कांस्टेबिल कुलदीप सिंह लहूलुहान होकर चिल्लाता हुआ जमीन पर गिर पड़ा। तब इन लोगों में भगदड़ मच गयी। मुल्जिमान तमंचा लहराते हुए हम पुलिस वालों को धक्का मुक्की करते हुए भागे। तब भागते हुए हम पुलिस वालों ने पीछा करके एक व्यक्ति को पकड़ लिया व जागेश्वर तेली पुत्र रामचंद्र, राजू पुत्र महाजी बहेलिया, मनकू गंगवार, अशोक यादव पुत्र रामस्वरुप, मुकेश पुत्र नत्थू बहेलिया निवासीगण महमदपुर धनी थाना नवाबगंज जनपद फर्रुखाबाद व अन्य अभियुक्त भागने में सफल रहे। पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम रामबाबू पुत्र रामसेवक बहेलिया निवासी ग्राम महमदपुर धनी थाना नवाबगंज फर्रुखाबाद बताया। जामा तलाशी में उसके पास से एक तमंचा 12 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस बरामद हुए। तमंचा की नाल में एक कारतूस फंसा था। जुए के संबंध में पूछे जाने पर बताया कि जुआ मनकू गंगवार पैसे लेकर खिलवाता है। अभियुक्तगण का यह जुर्म धारा-147, 148,149, 307, 353, 332 भा0द0सं0 व क्रि0 लॉ एमेंडमेंट एक्ट व धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। उपरोक्त घटना के संबंध में रिपोर्टकर्ता द्वारा फर्द बरामदगी के आधार पर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 316/2006 अभियुक्तगण रामबाबू, जागेश्वर, गजराज, शेखर उर्फ चंद्रशेखर, महिमाचंद्र, मुकेश, अशोक यादव, ब्रह्मानन्द, राजू, राजेन्द्र गंगवार, मनकू गंगवार के विरुद्ध धारा-147, 148,149, 307, 353, 332 भा0द0सं0 व क्रि0 लॉ एमेंडमेंट एक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया। मु0अ0सं0 317/2006 अभियुक्त रामबाबू के विरुद्ध 25/27 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-5 रितिका त्यागी ने अभियुक्त जागेश्वर, गजराज, शेखर उर्फ चन्द्रशेखर, महिमाचन्द्र, मुकेश, अशोक, बृह्मानंद, राजू, राजेन्द्र गंगवार, रामबाबू को धारा 307 सपठित धारा 149 के आरोप में पांच-पांच वर्ष का कारावास व 20-20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर छह-छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतान होगा। धारा 147 में सभी को एक-एक वर्ष का कारावास व एक-एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। धारा 148 में दो-दो वर्ष के कारावास व दो-दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। धारा 332 सपठित धारा 149 में दो-दो वर्ष के कारावास व दो-दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। धारा 353 सपठित धारा 149 में एक-एक वर्ष का कारावास व एक-एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। धारा 7 में तीन-तीन माह का कारावास व अभियुक्त रामबाबू को धारा 25 में 3 वर्ष का कारावास व 15 हजार रुपये का जुर्माने की सजा से दंडित किया। अभियुक्त रामबाबू को धारा 27 में 3 वर्ष का कारावास व 15 हजार रुपये का जुर्माने की सजा से दंडित किया।

# एसीएमओ ने मारा छापा, पैथालॉजी संचालक व झोलाछाप हुए फरार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

एसीएमओ ने पिछले सप्ताह छापा मारकर कई पैथालॉजी व क्लीनिकों को सील किया था। आज पुनः एसीएमओ ने छापा मारा। जिससे पैथालॉजी संचालकों व झोलाछाप डाक्टरों में हड़कंप मच गया। लोग अपनी-अपनी दुकानें बंद कर भाग गये। एसीएमओ ने दुकानों को चिंहित कर लिया है। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

कस्बा नवाबगंज में बीते एक सप्ताह पूर्व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रंजन गौतम ने शासनादेश के अनुसार अभियान चलाया था। जिसमें अवैध पैथोलॉजी संचालक तथा झोलाछाप डॉक्टर अपनी-अपनी दुकानें बंद कर भाग गये थे। जिसमें अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रंजन गौतम ने कई दुकानों को सील कर दिया था। आज नवाबगंज कस्बे में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रंजन गौतम ने पुनः पैथोलॉजी तथा झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध अभियान चलाया। जिसमें जिन पैथोलॉजी सेंटरों को बंद कराया था वही पैथोलॉजी सेंटर आज बंद मिले। जिसमें डॉक्टर पैथोलॉजी सेंटर मोहम्मदाबाद रोड तथा डिस्पेंसरी पैथोलॉजी केंद्र संचालित होते पाए गए। जिनको देखकर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने उनका चिन्नांकन किया तथा अपने रजिस्टर में नाम नोट किया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी नवाबगंज कस्बे से होते हुए अचरा के लिए रवाना हो गए। सूचना मिलते ही अवैध संचालनकर्ता अपनी दुकानें बंद कर भाग गये। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रंजन गौतम ने बताया की जो लोग करवाई से डर नहीं खा रहे हैं और अवैध तरीके से पैथोलॉजी तथा झोलाछाप डॉक्टरों क्लीनिक का संचालन कर रहे हैं, ऐसे लोगों को चिन्नांकन कर लिया गया है और उनके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा तथा उन पर बड़ी कार्रवाई कर शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

## दबंगों ने युवक को पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव अताईपुर जदीद निवासी अवनीश कोरी उम्र 26 वर्षीय पुत्र स्व0 देवीचरन कोरी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि वह अपने घर के पास खड़ा होकर थूंकने लगा, तभी पड़ोसी नन्दू पुत्र अरविन्द अपने परिजनों के साथ आया और आते ही मेरे साथ गाली–गलौज करने लगा। मेरे द्वारा गालियों का विरोध करने पर उक्त लोगों ने मुझे लाठी–डंडों से मारापीटा। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर नन्दू के विरुद्ध मामला दर्ज कर पीड़ित अवनीश का मेडीकल परीक्षण करवाया।

## वृद्धा की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नुन्हाई निवासी बकरीदन उम्र 70 वर्षीय पत्नी दीन इलाही की हालत बिगड़ने पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डाक्टर जितेन्द्र कुमार ने वृद्धा को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।



बैठक लेते मंडलायुक्त

# मंडलायुक्त ने अधिकारियों की ली बैठक, दिये दिशा निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आयुक्त कानपुर मण्डल अमित गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। जल निगम ग्रामीण के अधिशासी अभियंता ने बताया कि 90 प्रतिशत कार्य हो चुका है। इस आयुक्त सहमत नहीं हुए। उक्त कार्य सड़क मरम्मत विषयक था। पर्यटन अधिकारी ने बताया कि संचालित योजनाओं में से चार योजनाओं की धनराशि शासन से विलंब से प्राप्त हुई। दो योजना के कार्यस्थल पर बाढ़ का पानी भर जाने से निर्माण कार्य प्रभावित होने से रैकिंग प्रभावित हुई, जिसे आगामी माह में सुधार की आशा है। सामूहिक विवाह के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई थी कि विवाहित युगल के विवाह कराये गये है। समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि जांच में इस प्रकार का कोई प्रकरण प्रकाश में नहीं आया है। अधिशासी अभियंता विद्युत की शिकायत थी कि ट्रांसफार्मर विलंब से बदले जा रहे है। मीटर जो खराब है उन्हें बदला नहीं जा रहा है। जिन किसानों से रुपये नहीं मिलते है उनके खेतों से ही हाईटेंशन लाइन लगायी जा रही है। अधिशासी अभियंता ने बताया कि ट्रांसफार्मर बदलने का औसत समय 12 घंटे है। पूर्व निर्धारित पथ पर ही हाईटेंशन लाइन लग रही है। बदले हुए मीटरों पर कोई शुल्क देय नहीं है। उन्होंने कहा कि मीटर बदलते समय उपभोक्ता कोई शुल्क न दें। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी व संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# विधायक ने दो दिवसीय बौध्द महोत्सव का किया शुभारंभ



बुद्ध महोत्सव का शुभारंभ करते विधायक सुशील शाक्य

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने धम्मालोको बुद्ध बिहार संकिसा स्थित टीन शेड सभागार में भगवान बुद्ध की प्रतिमा के सामने मोमबत्ती अगरबत्ती जलाकर एवं पुष्प अर्पित कर दो दिवसीय बौध्द महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि आज दुनिया के कोने-कोने में भगवान बुद्ध के अनुयाई हैं। उन्होंने बुद्ध की देशनाओं पर प्रकाश डाला। इस दौरान बौध्द भिक्षुओं के अलावा बौध्द उपासक मौजूद रहे।

## मंडलायुक्त व आईजी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था



संकिसा में मौजूद मंडलायुक्त व आईजी कानपुर

मंडलायुक्त कानपुर मंडल अमित गुप्ता व आईजी जोन कानपुर जोगेंद्र कुमार ने संकिसा पहुँचकर चल रहे बौद्ध महोत्सव की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया व बौद्ध स्तूप की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने व हो रहे कार्यक्रमों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके पश्चात मंडलायुक्त द्वारा निर्माणाधीन नगर पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया गया। मंडलायुक्त द्वारा फर्श के टाइल को हटाकर नीचे की क्रस्ट नापने के लिये निर्देशित किया गया। खिड़कियों व दरवाजों की फिनिशिंग सही करने के लिये निर्देशित किया व मानक व गुणवत्ता के अनुसार कार्य पूर्ण कराने के लिये निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, एडीएम सुभाषचंद्र प्रजापति, सदर एसडीएम आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

# खाना बनाने के दौरान चूल्हे से निकली चिंगारी से दो झोपड़ियां जलकर राख

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

खाना बनाने के दौरान चूल्हे से निकली चिंगारी से हजारों की नगदी तथा गृहस्थी का सामान जलकर राख को गया। ग्रामीणों ने नलकूप चलाकर जैसे तैसे आगजनी की घटना पर काबू पाया। घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल को दी गयी।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के गांव पहलानी दक्षिण जहां बुधवार की शाम दो घरों में उस वक्त आग लग गई जब एक घर में महिलाओं द्वारा चूल्हे पर खाना पकाया जा रहा था। अचानक चूल्हे से निकली चिंगारी झोपड़ी के ऊपर जा गिरी। देखते ही झोपड़ी धू-धू कर जलने लगी। बताते हैं यहीं के निवासी उर्मिल सेन के घर महिलाओं द्वारा शाम के वक्त चूल्हे पर खाना बनाया जा रहा था। अचानक चूल्हे से निकली चिंगारी जो छप्परनुमा झोपड़ी पर जा गिरी। जिससे झोपड़ी धू-धू कर जलने लगी। अचानक झोपड़ी जलती देख महिलाओं ने शोर मचाया। जब तक मुहल्ले लोग शोरगुल सुनकर मौके पर पहुंचते तब तक दूसरे भाई असलम की झोपड़ी भी जलने लगी। इस आगजनी की घटना में झोपड़ी के अंदर रखा घर गृहस्ती का सारा सामान, भूसा व गेहूं, कपड़े, विस्तर, चारपाई आदि सामान जल गया। उर्मिला सेन की लगभग ढाई हजार रुपए नगदी तथा असलम की ढाई हजार की नगदी व इतना ही घरेलू सामान जलकर राख हो गया। उधर आगजनी की सूचना पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने जैसे तैसे आग पर काबू पाया। पीड़ित गृह स्वामियों के अनुसार इस आगजनी की घटना में दोनों परिवारों में लगभग दस हजार का नुकसान हो गया है। घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल व पुलिस को दी गयी।



आग से जली झोपड़ी

# भाजपा सरकार अधिवक्ताओं व उनके परिवारों के मूल अधिकारों के प्रति लापरवाहः मंदीप यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी अधिवक्ता सभा की मासिक बैठक कचहरी परिसर फतेहगढ़ में संपन्न हुई। प्रदेश सचिव मंदीप यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने सदैव ही अधिवक्ताओं के हितों की लड़ाई लड़ी है। नेताजी ने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में अधिवक्ताओं के हित में अनगिनत ऐतिहासिक निर्णय लिए। वर्तमान सरकार में समूचे उत्तर प्रदेश में अधिवक्ताओं के साथ घटित हो रही घटनाएं अत्यंत चिंताजनक है। वर्तमान भाजपा सरकार अधिवक्ता एवं उनके परिवारों के मूल अधिकारों के प्रति लापरवाह है। समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव सुभाष चंद्र शाक्य ने कहा कि समूचा अधिवक्ता समाज वर्तमान सरकार से त्रस्त है। अधिवक्ताओं की हत्याएं हो रही है,



बैठक को सम्बोधित करते जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह यादव

अधिवक्ता अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहा है, सरकार अति शीघ्र एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल लागू करे।

अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि समाजवादी अधिवक्ता सभा संकल्प लेती है कि आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की उत्तर प्रदेश में प्रचन्ड बहुमत की सरकार बनाएगी। अधिवक्ता सभा समाज के हर कमजोर वर्ग के साथ दमदारी के साथ खड़ी है और उनके साथ न्याय की लड़ाई लड़ने के लिए संकल्पित है। इस अवसर पर अधिवक्तगण सुनील कुमार कनौजिया, अशोक पाल, अक्षय यादव, अपर्णा मिश्रा, देवेंद्र सिंह, विपिन कुमार, कुलदीप यादव, दिवाकर शाक्य, अमरजीत सिंह, अचल प्रताप सिंह, नरेंद्र सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति के तहत संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार दुर्गा नारायण महाविद्यालय में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सुरक्षा, महिला सम्मान एवं महिला स्वावलम्बन पर संगोष्ठी का आयोजन प्राचार्य डॉ. मनोज गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर स्वागत के साथ हुआ। उपस्थित छात्र-छात्राओं को मिशन शक्ति के अन्तर्गत प्रदेश सरकार की हेल्पलाइन नं0 102, 108, 112, 1090, 1098 एवं 1076 के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही छात्र-छात्राओं को निवेश जागरूकता, निवेश शिक्षा एवं निवेश साक्षरता के अन्तर्गत बाम्बे स्टाक एक्सचेन्ज से



मिशन शक्ति कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक

आये हुए मुख्य अतिथि प्रशान्त कुमार दीक्षित ने विस्तारपूर्वक शेयर बाजार के विषय में जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 एचएसएन गुप्ता ने किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ0 अजहर जुनैद आलम की देख-रेख में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित लगभग 120 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान शिक्षकगण डॉ. आलोक कुमार सिंह, डॉ. राम नरेश सिंह, डॉ. पंचम कुमार, डॉ. मो0 अमीन, सरस पाठक, वीरभान सिंह, प्रियांशु सिन्हा, अनामिका मिश्रा एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# नवनिर्मित एसटीपी प्लांट का छात्राओं को कराया गया भ्रमण


एसटीपी प्लांट में मौजूद शिक्षिकायें व छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला गंगा समिति राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तत्वावधान में गंगा संरक्षण एवं जल प्रबंधन हेतु मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं को अमेठी कोहना स्थित नवनिर्मित एसटीपी का भ्रमण कराया गया। छात्राओं को भ्रमण के माध्यम से शहर से निकले अशुद्ध पानी को स्वच्छ करने की प्रणाली को प्रक्रिया सहित समझाया गया। प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी ने सभी छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हम सभी को मिलकर पर्यावरण संरक्षण करने के लिए प्रयास करना चाहिए, जिसके लिए हमें सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं के बारे में पूर्ण रूप से जानकारी होनी चाहिए। हम सभी को मिलकर अपने स्तर से गंगा नदी एवं अन्य नदियों व पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। भ्रमण कार्यक्रम के माध्यम से सभी छात्राओं को सीखकर एक प्रोजेक्ट बनाकर कार्य करना चाहिए।

जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे निहारिका पटेल ने कहा कि जनपद में बने नवनिर्मित एसटीपी के द्वारा बहुत अधिक मात्रा में अशुद्ध पानी को शुद्ध किया जाएगा, जो कि हमारे जनपद के लिए एक गौरव की बात है। प्रोजेक्ट वर्क तैयार कर रही विद्यालय की अध्यापिकाएं पारुल जैन, पूनम शुक्ला, दर्शना शुक्ला ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये। उनके द्वारा कचरा प्रबंधन एवं सस्टेनेबिलिटी, जैव विविधता, जल संरक्षण आदि पर प्रोजेक्ट तैयार कर विद्यालय की छात्रों को भविष्य में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर वैभव श्रीवास्तव एवं उनकी टीम के लोग मौजूद रहे।



मण्डलीय प्रतियोगिता के लिए रवाना होती एथलेटिक्स टीम

## मण्डलीय प्रतियोगिता के लिए टीम रवाना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मण्डलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए बुधवार की सुबह टीम कन्नौज के लिए रवाना हुई। जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता के संयोजक प्रधानाचार्य ले0 गिरिजा शंकर की देखरेख में टीम को रवाना किया गया। कन्नौज में तीन दिवसीय 16, 17, 18 को आयोजित प्रतियोगिता के लिए एथलेटिक्स टीम में 91 छात्र-छात्रायें कन्नौज तिर्वा के लिए रवाना हुई। सभी खिलाड़ियों को ड्रेस उपलब्ध करायी गई। क्रीड़ा सचिव अतुल दास के नेतृत्व में रैली रवाना की गई। सभी खिलाड़ी बस द्वारा तिर्वा में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंचे। व्यायाम शिक्षक सुनील कुमार तथा व्यायाम शिक्षिका रितु मिश्रा अपने प्रमुख व्यायाम शिक्षकों के साथ रवाना हुई। व्यायाम शिक्षक देवेन्द्र कुमार, आरपी यादव, सत्येन्द्र सिंह, प्रवेश शाक्य, राकेश कुमार, सूरज शाक्य, अनिकेत कुमार, रजनीश शिवा, प्रसुभ गुप्ता, धनश्याम, विनोद आदि लोग प्रमुख रुप से टीम लेकर तिर्वा पहुंचे।

# इटावा-बरेली हाइवे मार्ग के निर्माण में घटिया सामग्री को लेकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा भ्रष्टाचार के कई मुद्दों से संबंधित एवं आम जनमानस, किसानो की गंभीर समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री एवं नितिन गडकरी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर एसडीएम संजय सिंह को सौंपा। दिये गये ज्ञापन में मांग की है कि बरेली-इटावा मार्ग एनएच 730 का निर्माण कार्य चल रहा है, जो मानक विहीन है। नाला, ब्रिक, डमरीकरण पर उचित मानक के अनुसार कार्य नहीं हो रहा है। लीपापोती हो रही है। काली नदी पुल से रामगंगा नदी पुल तक मिट्टी


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता

डालने के कार्य में खानापूर्ति हुई है। जमापुर के पास डमरीकरण में गिट्टी का प्रयोग नहीं किया गया है। दो तीन महीने में ही सड़क क्षतिग्रस्त हो जायेगी। अल्हागंज, जलालाबाद के बीच सभी पुलियां धस गयी है। संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही की जाये। कार्यवाही नहीं हुई तो 21 अक्टूबर को आंदोलन किया जायेगा। इस मौके पर राजेश कुमार उर्फ बबलू दीक्षित, शिवनाथ, इंतजार खान, अजय शुक्ला, नेत्रपाल सिंह, सर्वेश सिंह, विनोद, विनोद कुमार दुबे, विजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### 13 सूत्रीय मांगों को लेकर लखनऊ में कार्यक्रम आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संयुक्त संघर्ष संचालन समिति ने पुरानी पेंशन एवं समाप्त किये गये भत्तों की बहाली को लेकर 13 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलित है। जिसको लेकर प्रदेश में 2 अक्टूबर को मुख्यालयों पर कैंडिल मार्च निकालकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया था। घटक संगठनों ने तालमेल स्थापित कर मांग की है कि आंदोलन के कार्यक्रम की रुपरेखा फिर तय की जाये और 13 सूत्रीय मांगों को लेकर रणनीति बनायी जाये। 17 अक्टूबर को राज्य कर सेल टेक्स कार्यालय मण्डल कार्यालय के सभागार लखनऊ में एजेंडा आयोजित होगा। जिसमें विभिन्न बंधुओं पर चर्चा होगी। यह जानकारी राज्य कर्मचारी महासंघ के महामंत्री प्रमोद कुमार दीक्षित ने दी है।

### वाल्मीकि जयंती कार्यक्रम सपा कार्यालय पर आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 17 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा के दिन महर्षि वाल्मीकि जयंती आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मनाई जाएगी। कार्यक्रम के प्रभारी जिला सचिव विजय अनुरागी होंगे। यह जानकारी देते हुए जिला प्रवक्ता विवेक सिंह यादव ने बताया कि सभी साथी पार्टी कार्यालय पर सुबह 11 बजे पहुंचकर कार्यक्रम में शामिल हो।

### डब्बन की फाइल गायब होने के मामले में थानाध्यक्ष व चौकी प्रभारी निलंबित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** माफिया अनुपम दुबे के भाई डब्बन दुबे पर दर्ज मुकदमे की पत्रावली चौकी से गायब होने के मामले में एसपी ने थानाध्यक्ष मऊदरवाजा व चौकी प्रभारी को निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार गैंगेस्टर के मामले में फरार अनुराग दुबे उर्फ डब्बन व उसके साथियों पर दर्ज मामले की विवेचना बीबीगंज चौकी प्रभारी स्वदेश कुमार को दी गयी थी, लेकिन डब्बन के मुकदमे की पत्रावली ही बीबीगंज चौकी से गायब कर दी गयी। जिसके बाद मामले में मुकदमा दर्ज किया गया। जिसके बाद थाना प्रभारी भोलेंद्र चतुर्वेदी व बीबीगंज चौकी प्रभारी स्वदेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी नें बताया कि मामले में थानाध्यक्ष व चौकी प्रभारी को निलंबित किया गया है।

### साली की तहरीर पर जीजा पर मुकदमा दर्ज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद कासगंज थाना अमापुर क्षेत्र के ग्राम बनियानी निवासी युवती ने कायमगंज कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि मैं अपनी बड़ी बहन निवासी गंगादरवाजा श्यामनगरी थाना कायमगंज के यहाँ कुछ दिन पहले गई थी। मेरे जीजा अमित मिश्रा पुत्र मुनेश्वर मिश्रा ने मेरे साथ छेड़छाड़ की तथा मेरे कपड़े फाड़े। मेरे द्वारा विरोध करने पर मेरी गर्दन दबाने लगे तथा जान से मारने की धमकी दी। जब मैं जोर से चिल्लाई। तब मेरी आवाज सुनकर मेरी बहन छत से उतरकर आयी और उन्होंने मुझे बड़ी मुश्किल से छुड़ाया। मेरे गले पर जीजा अमित मिश्रा द्वारा पकड़े जाने की खरोंचे आई हैं। घटना की सूचना मैंने डायल 112 पर फोन द्वारा दी। कुछ देर बाद पुलिस आयी। उसके बाद मैं अपनी बहन के साथ कोतवाली कायमगंज आकर शिकायत की। पुलिस ने साली की तहरीर पर जीजा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को 1200 रुपये की मिलेगी स्कालरशिप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एजूकेशनल मूवमेन्ट सोसाइटी द्वारा आयोजित सर सैय्यद अहमद स्कॉलरशिप परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। स्कॉलरशिप वितरण 3 नवम्बर रविवार को रहमानी गर्ल्स इण्टर कॉलेज में होगा।

भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। सर सैय्यद अहमद स्कॉलरशिप परीक्षा के प्रभारी व वरिष्ठ उपाध्यक्ष समीउल्लाह सिद्दीकी ने बताया कि जनपद के 05 केन्द्रों पर 22 सितम्बर को आयोजित की गयी थी, जिसमें लगभग 500 बच्चों ने प्रतिभाग किया था। यह परीक्षा दो वर्गों में आयोजित की गयी थी। स्कॉलरशिप परीक्षा के घोषित परिणामों में सीनियर वर्ग छात्रों में मो. अफ्फान, जीशान अहमद, मो. सैफ, स्वालेहा, मो. जैद


स्कालरशिप परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्रायें

खांन, मो. अनस, साहिल, मो. तय्यब, मो. अर्श, मो. यासिर, मो. फैजान खांन, शारिफहुसैन खांन, सीनियर वर्ग की छात्राओं में मरियम फिरदौस, आलिया इलयास इदरीसी, उम्मे कुलसुम, बेबी समरा, इलमा बानो, अर्जी, आमना खांन, इकरा, उमरा रईस, समरा, मंतशा, सदफ, नायमा नदीम, फरजीना, अनमता खानम, जैनब खांन, रूबीनाज, जूनियर वर्ग के छात्रों में यूसुफ अब्दुल्लाह, इब्राहीम अब्दुल्लाह, अब्दुल रहमान, मो. अफनान, अल्तमश, नावेद खांन, आरिज अली, नबील अंसारी, मो. तय्यब, अब्दुल समद बेग, मो. हस्सान, उमर, जूनियर वर्ग की छात्राओं में फैजीना खांन, सब्हाना खानम, समरा नाज, साफिया मिर्जा, जोया खांन, शिफा खांन, जबरिया सिद्दीकी, जोया खांन, शिकरा, निदा अंसारी, वरीशा सिद्दीकी, हुदा, अलफिया, नाजिया, तैयबा, उमम अंसारी, उमैमा फातिमा ने सफलता हासिल की।

संस्था के कार्यवाहक अध्यक्ष सैय्यद रिजवान अली ने बताया कि 3 नवम्बर को रहमानी गर्ल्स इण्टर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में सभी सफल होने वाले बच्चों को 1200 स्कॉलरशिप के रूप में दिए जाएंगे।

# राहुल राठौर की शिकायत पर मोहल्ले में हुआ दवा का छिड़काव


नाली में दवाई छिड़कता कर्मचारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

भाजपा नेता राहुल राठौर की शिकायत पर सफाई नायक ने टिलिया मोहल्ले में साफ-सफाई करायी। फतेहगढ़ ग्वालटोली टिलिया मोहल्ले में

- टिलिया मोहल्ले में सफाई कराई गई और नाली में डलवायी गई दवा

गंदगी का अंबार लगा हुआ था। गंदगी से होने वाली बीमारियां पनप रही है। गंदगी की वजह से मोहल्ले के काफी लोग बीमार पड़ चुके थे। सफाई न होने से मच्छरों का आतंक है। जिससे डेंगू, चिकनगुनिया जैसी आदि बीमारियां होने लगी थी। भाजपा फतेहगढ़ मंडल मीडिया प्रभारी राहुल राठौर ने सफाई नायक को सूचना दी। इसके बाद टिलिया मोहल्ले में सफाई कराई गई और नाली में दवा डलवायी गई। इस कार्य के लिए मोहल्ले के लोगों ने राहुल की प्रशंसा की।

# हवन पूजन के साथ फतेहगढ़ रामलीला का हुआ समापन


हवन पूजन में भाग लेते रामलीला कमेटी के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्री रामलीला कमेटी फतेहगढ़ के तत्वाधान में बुधवार को हवन पूजन सम्पन्न हुआ। फतेहगढ़ सब्जी मण्डी स्थित आचार्य दिनेश चन्द्र तिवारी ने हवन पूजन एवं स्वरुपों का विदाई दी। विधि विधान से रामलीला सम्पन्न होने पर कमेटी के लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। अध्यक्ष रवीश द्विवेदी ने सभी का आभार व्यक्त किया और हवन पूजन के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर चमन टंडन, जितेंद्र शुक्ला, रविंद्र कुमार वैश्य, संजय रस्तोगी, विनय वैश्य आदि लोग मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़े का हुआ समापन गुड सेमेरिटन को किया गया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह के निर्देशन में 2 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक आयोजित किये गये सड़क सुरक्षा पखवाड़े का समापन बुधवार को पीडी महिला पीजी कालेज फतेहगढ़ में डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

समापन समारोह का आरम्भ करते हुये एआरटीओ प्रशासन वीएन चौधरी ने कहा कि सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत सभी व्यक्ति दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहने तथा पीछे बैठा हुआ व्यक्ति भी हेलमेट पहनें। चार पहिया वाहन चालक व सवारी हमेशा सीटबेल्ट लगाकर ही वाहन चलायें। लेन ड्राइविंग के नियमों का पालन करें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें तथा शराब पीकर एवं नशे की हालत में वाहन न चलायें।

मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही पर सन्तोष व्यक्त करते हुये और अधिक गहनता के साथ प्रवर्तन कार्यवाही करने के लिये कहा गया तथा उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों, अध्यापकों, एन.सी.सी. के कैडैटों तथा छात्र/छात्राओं को सड़क सुरक्षा शपथ करायी गयी। डीएम ने जनपद के दुर्घटना के ऑकड़ों पर सन्तोष व्यक्त करते हुये दुर्घटनाओं की संख्या शून्य करने पर बल दिया गया। गुड सेमेरिटन के रूप में यातायात प्रभारी सत्येन्द्र कुमार, मुख्य आरक्षी मो0 आरिफ व आरक्षी गजेन्द्र सिंह को सम्मानित किया गया। वर्ष 2023 में माह जनवरी से सितम्बर तक 304 सड़क दुर्घटनायें घटित हुई, जिनमें 153 व्यक्तियों की मृत्यु हुई तथा 212 व्यक्ति घायल हुये। वर्ष 2024 में माह जनवरी से सितम्बर तक 274 सड़क दुर्घटनायें घटित हुई, जिनमें 147 व्यक्तियों की मृत्यु हुई तथा 205 व्यक्ति घायल हुये। वर्ष 2023 की तुलना में वर्ष 2024 में 01 जनवरी से 30 सितम्बर तक दुर्घटनाओं की संख्या में 9.87 प्रतिशत की कमी हुई है, मृतकों की संख्या में 3.92 प्रतिशत की कमी हुई है तथा घायलों की संख्या में 3.30 प्रतिशत की कमी हुई है। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अन्तर्गत विभिन्न स्टेक होल्डर विभागों यथा पुलिस विभाग, परिवहन विभाग, परिवहन निगम, सड़क स्वामित्व वाले विभाग (एन.एच.ए.आई.ए पी.डब्लू.डी. एवं स्थानीय निकाय), चिकित्सा एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, शिक्षा विभाग (बेसिक, माध्यमिक एवं उच्च) द्वारा सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण तथा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गया है। पखवाड़े के दौरान दो पहिया वाहन की हेलमेट चालक एवं पीछे बैठी सवारी सहित, सीटबेल्ट, मोबाइल फोन, गलत दिशा में वाहन का संचालन करने के विरूद्ध लोगों को जागरूक करते हुये प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही की गयी है। उच्च प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालयों एवं उच्च शिक्षा के कालेजों सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के प्रत्येक दिन प्रार्थना सभा में छात्रों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी दिलाई गयी तथा सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण करायी गई। रोड सेफ्टी क्लबों के माध्यम से 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के विद्यार्थियों को वाहन न चलाये जाने के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। जागरुक करते हुए ले0 प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर एनसीसी कैडेट्सों के साथ रैली निकाली।



सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाते डीएम



रैली निकालते एनसीसी कैडेट्स व ले0 गिरिजा शंकर

## सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत निकाली गई जागरुकता रैली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट की गिरिजा शंकर द्वारा लगभग 40 एनसीसी कैडेट्स के साथ सड़क सुरक्षा जन जागरूकता रैली निकाली गई। एनसीसी कैडेट्स के हाथों में स्लोगन लिखी हुई। पट्टियां, सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, चौपदिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करें, दो पहिया वाहन हेलमेट लगाकर ही चलाएं। शराब पीकर वाहन न चलाएं थीं। साथ ही भारत माता की जयकारे भी लगा रहे थे। प्रधानाचार्य के गिरिजा शंकर ने कहा कि जरूरी नहीं कि आप सड़क पर चल रहे हैं तो सुरक्षित है, आप गलती नहीं करते हैं, परंतु फिर भी सड़क के नियमों का पालन न करने वाला गलती कर सकता है।

# डायट प्राचार्य को निरीक्षण में मिली खामियां, शिक्षकों से मांगा स्पष्टीकरण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

डायट प्राचार्य अनुपम अवस्थी ने विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया। साथ ही बच्चों से शैक्षिक प्रश्नोत्तर पूछे। विद्यालय पहुंचकर शिक्षकों की डायरी चेक की। नामांकन की स्थिति पर चर्चा की। बच्चों की उपस्थिति को लेकर स्पष्टीकरण मांगा।

डायट प्राचार्य अनुपम अवस्थी ने बढ़पुर क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय अर्राआवाजपुर पहुंचकर निरीक्षण किया। शिक्षक डायरी अपूर्ण मिली। 69 नामांकन के सापेक्ष 31 बच्चे उपस्थित पाये गये। शैक्षणिक स्तर पर बच्चों से सामान्य ज्ञान के उत्तर पूछे गये। जिसे वह बता नहीं पाये। उन्होंने


निरीक्षण के दौरान छात्रा से सवाल पूछते डायट प्राचार्य

शिक्षकों को निर्देश दिया कि इसके लिए स्पष्टीकरण देना होगा। शमशाबाद विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय नगला बेनी में सभी शिक्षक उपस्थित मिले। 54 नामांकन के सापेक्ष 28 बच्चे उपस्थित पाये गये। शिक्षकों की डायरी अपूर्ण मिली। बच्चे कोई भी सवाल का जबाव नहीं दे पाये। इसके लिए शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा गया। प्राथमिक विद्यालय भाऊपुर खुर्द बढ़पुर प्रधानाध्यापिका पिंकी कटियार उपस्थित मिली।

60 नामांकन के सापेक्ष 45 बच्चे उपस्थित पाये गये। शिक्षक डायरी पूर्ण न होने पर नाराजगी जतायी गई और स्पष्टीकरण मांगा गया। बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय भिडौर शमशाबाद का निरीक्षण किया गया। प्रधानाध्यापक राकेश कुमार शर्मा उपस्थित मिले। अनुदेशक विदिशा यादव अवकाश पर थी। शैक्षिक कार्य संतोषजनक पाया गया। सभी बच्चों ने सामान्य ज्ञान के प्रश्नों का उत्तर आसानी से दिया।

डॉ. जयशंकर ने पाक की अध्यक्षता में एससीओ के शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा

# साथ-साथ नहीं हो सकते आतंक व व्यापार

- विदेश मंत्री जयशंकर ने पाक को दी आत्म निरीक्षण की सीख

एजेंसी



**इस्लामाबाद।** भारत ने शंघाई सहयोग संगठन को उसके घोषणापत्र में आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की चुनौतियों का दृढ़ता से मुकाबला करने की उसकी प्रतिबद्धता बुधवार को याद दिलायी और कहा कि विश्वास, मित्रता, सहयोग और अच्छे पड़ोसी की भावना में कमी हो तो आत्मनिरीक्षण करना चाहिए।

डॉ. जयशंकर ने आज यहां पाकिस्तान की अध्यक्षता में आयोजित एससीओ के शिखर सम्मेलन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रतिनिधि के रूप में संबोधित किया। उन्होंने अपने भाषण में जलवायु परिवर्तन, आपूर्ति श्रृंखलाओं में अनिश्चितता और वित्तीय अस्थिरता के कारण वैश्विक विकास पर पड़ रहे दुष्प्रभावों पर चिंता जताई और बढ़ती बहु-ध्रुवीयता, वैश्वीकरण और पुनर्संतुलन में क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को प्राथमिकता देने पर बल दिया। विदेश मंत्री ने सबसे पहले, इस वर्ष एससीओ शासनाध्यक्षों की परिषद की अध्यक्षता के लिए पाकिस्तान को बधाई दी और कहा,÷ हम विश्व मामलों में एक कठिन समय में मिल रहे हैं। दो बड़े संघर्ष चल रहे हैं, जिनमें से प्रत्येक के अपने वैश्विक प्रभाव हैं। कोविड महामारी ने विकासशील दुनिया के कई लोगों को बुरी तरह तबाह कर दिया है। विभिन्न प्रकार के व्यवधान - चरम जलवायु घटनाओं से लेकर आपूर्ति श्रृंखला अनिश्चितताओं और वित्तीय अस्थिरता तक - वृद्धि और विकास को प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ऋण एक गंभीर चिंता का विषय है, भले ही दुनिया सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) को प्राप्त करने में पीछे रह गई हो। प्रौद्योगिकी बड़ी संभावनाएं रखती है, साथ ही नयी चिंताओं को भी जन्म देती है। एससीओ के सदस्यों को इन चुनौतियों पर कैसे प्रतिक्रिया देनी चाहिए, इसका उत्तर हमारे संगठन के चार्टर में निहित हैं।

### दुनिया बहु-ध्रुवीयता की ओर बढ़ रही है

डॉ. जयशंकर ने कहा, मैं आपसे अनुच्छेद 01 पर विचार करने का आग्रह करता हूं जो एससीओ के लक्ष्यों और कार्यों को बताता है। आइए हम इसे हमारे सामूहिक विचार के लिए संक्षेप में प्रस्तुत करें। इसका उद्देश्य आपसी विश्वास, मित्रता और अच्छे पड़ोसी को मजबूत करना है। इसका उद्देश्य बहुआयामी सहयोग, विशेषकर क्षेत्रीय प्रकृति का सहयोग विकसित करना है। इसे संतुलित विकास, एकीकरण और संघर्ष की रोकथाम के मामले में एक सकारात्मक शक्ति बनना है। उन्होंने कहा,चार्टर समान रूप से स्पष्ट था कि प्रमुख चुनौतियां क्या थीं। और ये मुख्य रूप से तीन थे, जिनका मुकाबला करने के लिए एससीओ प्रतिबद्ध था एक, आतंकवाद; दो, अलगाववाद; और तीन, उग्रवाद। यदि विश्वास की कमी है या सहयोग अपर्याप्त है, यदि मित्रता कम हो गई है और अच्छे पड़ोसी की भावना कहीं गायब है, तो निश्चित रूप से आत्म निरीक्षण करने के कारण हैं और समाधान करने के कारण हैं। समान रूप से, यह तभी होता है जब हम चार्टर के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पूरी ईमानदारी से दोहराते हैं, तभी हम सहयोग और एकीकरण के लाभों को पूरी तरह से महसूस कर सकते हैं जिसकी इसमें परिकल्पना की गई है। उन्होंने कहा, यह सिर्फ हमारे अपने फायदे का प्रयास नहीं है। हम सभी महसूस करते हैं कि दुनिया बहु-ध्रुवीयता की ओर बढ़ रही है। वैश्वीकरण और पुनर्संतुलन ऐसी वास्तविकताएँ हैं जिन्हें नकारा नहीं जा सकता। संचयी रूप से, उन्होंने व्यापार, निवेश, कनेक्टिविटी, ऊर्जा प्रवाह और सहयोग के अन्य रूपों के संदर्भ में कई नए अवसर पैदा किए हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि अगर हम इसे आगे बढ़ाएंगे तो हमारे क्षेत्र को अत्यधिक लाभ होगा।

# देशभर में गया हरियाणा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली जीत का संदेश : शाह

- विधायकों की बैठक को केन्द्रीय गृह मंत्री ने किया संबोधित

एजेंसी



**चंडीगढ़।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली जीत का संदेश देशभर में गया है। हरियाणा से शुरू हुआ भाजपा का विजय रथ अब कहीं नहीं रुकेगा।

केन्द्रीय मंत्री शाह बुधवार को पंचकूला में भाजपा विधायक दल की बैठक के बाद प्रदेशभर के विधायकों को संबोधित कर रहे थे। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, कृष्णपाल गुर्जर, राव इंद्रजीत समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक में अमित शाह ने कहा कि इस जीत का हरियाणा के लिए विशेष महत्व है। वर्ष 1966 से लेकर आजतक किसी भी दल की तीसरी बार हरियाणा में सरकार नहीं बनी है। गृहमंत्री ने नायब सैनी की पीठ थपथपाते हुए कहा कि हरियाणा में आजतक ऐसा कोई मुख्यमंत्री नहीं आया है, जिसने अपनी पार्टी को तीसरी बार जीत दिलवाई हो। शाह ने कहा कि वर्ष 2014 में भाजपा ने जब अकेले चलने का फैसला किया तो हरियाणा में पहली बार अपने बल पर सरकार बनाई। करीब साढ़े नौ साल तक तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में कई ऐसे फैसले लिए गए, जिन्हें केंद्र ने भी देशभर में लागू किया। केन्द्रीय मंत्री शाह ने कहा कि हरियाणा के चुनाव परिणाम देशभर के राजनीतिक पंडितों को आश्चर्यचकित करने वाले थे। सभी इस बात को लेकर एकमत थे कि हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार नहीं बनेगी। हरियाणा की जनता ने सभी को सोचने के लिए मजबूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब हरियाणा के संगठन प्रभारी थे, तब से वह यहां की समस्याओं से परिचित हैं। निकट भविष्य में हरियाणा में कई ऐसे कल्याणकारी फैसले लिए जाएंगे जिनका प्रदेश की जनता को लाभ मिलेगा। शाह ने कहा कि नायब सैनी के नेतृत्व में चलने वाली सरकार का रोड मैप तैयार हो चुका है।

# युगांडा ने दक्षिण सूडान को हराकर अफ्रीकी कप ऑफ नेशंस 2025 के लिए किया क्वालीफाई

एजेंसी



**जुबा।** युगांडा ने मंगलवार को एक रोमांचक मुकाबले में दक्षिण सूडान को 2-1 से हराकर मोरक्को में होने वाले 2025 अफ्रीकी कप ऑफ नेशंस (एएफसीओएन) के लिए क्वालीफाई कर लिया है। युगांडा ने 11 अक्टूबर को कंपाला में हुए उलट मुकाबले में दक्षिण सूडान को 1-0 से हराया था। दक्षिण सूडान के मुख्य कोच निकोलस डुपुइस ने कहा कि युगांडा व्यक्तिगत मुकाबलों में बेहतर टीम थी, उन्होंने कहा कि मैच का फैसला करने में यह महत्वपूर्ण था।

दक्षिण सूडान की राजधानी जुबा में एक ब्रीफिंग में डुपुइस ने कहा, ÷हमारे लिए यह बहुत मुश्किल था क्योंकि युगांडा हमसे बेहतर था, इसलिए मुझे लगता है कि परिणाम सामान्य है। व्यक्तिगत रूप से वे बेहतर थे, लेकिन हमने कड़ी मेहनत की। यह पर्याप्त नहीं है लेकिन हमने एक अच्छी टीम के खिलाफ खेला। डुपुइस ने कहा कि उनकी टीम का ध्यान अब 25 अक्टूबर को टोटल एनर्जीज अफ्रीकन नेशंस चैंपियनशिप में केन्या के खिलाफ होने वाले आगामी मुकाबले पर केंद्रित है। युगांडा के मुख्य कोच पॉल जोसेफ पुट ने कहा कि उन्हें इस बात पर गर्व है कि उनकी टीम ने मैच की शुरुआत से लेकर अंत तक दबदबा बनाए रखा। पुट ने कहा, मुझे लगता है कि हमने हर अच्छी टीम को देखा है, उन्होंने पहले पल से लेकर अंत तक पहल की, मुझे लगता है कि दक्षिण सूडान अपने खिलाड़ियों की लंबाई के कारण कॉर्नर किक्स में थोड़ा खतरनाक था, लेकिन हमने खेल पर अपना दबदबा बनाए रखा। उन्होंने कहा कि मैच के पूरे 90 मिनट में बनाए गए कई अवसरों के कारण उनकी टीम अधिक गोल कर सकती थी। युगांडा ग्रुप के में शीर्ष पर है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका, कांगो गणराज्य और दक्षिण सूडान शामिल हैं।

### ईडी ने नायडू को आंध्र प्रदेश कौशल विकास घोटाला मामले में दी क्लीन चिट

**हैदराबाद/नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित 371 करोड़ रुपये के कौशल विकास निगम घोटाला मामले में क्लीन चिट दे दी है। इसी मामले में नायडू को 53 दिन जेल में बिताना पड़ा था। जमानत पर रिहा होने के बाद आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव में बहुमत मिलने के बाद वे मुख्यमंत्री बने और अब ईडी से क्लीन चिट मिलने के बाद उन्हें बड़ी राहत मिली है। हालांकि, ईडी ने आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की है लेकिन सूत्रों ने बुधवार को बताया कि एक दिन पहले मंगलवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को कथित तौर पर 371 करोड़ रुपये के कौशल विकास निगम घोटाला मामले में क्लीन चिट दी गई है। नायडू को पिछले साल तत्कालीन जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार में शुरू हुई जांच के दौरान गिरफ्तार किया गया था।

# बिहार के सीवान में जहरीली शराब पीने से चार की मौत, 11 बीमार

एजेंसी

**पटना/सीवान।** बिहार में सीवान जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्रान्तर्गत कौड़ियां पंचायत और आसपास के गांवों में संदिग्ध परिस्थितियों में चार लोगों की मौत हो गई है। ग्यारह बीमार व्यक्तियों को समुचित इलाज के लिए सदर अस्पताल सीवान और पीएमसीएच पटना भेजा गया है। इनमें से सदर अस्पताल में आठ व्यक्तियों का इलाज जारी है। इस घटना के बाद से जिला प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। मृतकों के परिजनों के अनुसार 12 से ज्यादा लोगों की जहरीली शराब पीने से मौत हुई है।

महाराजगंज के एसडीएम अनिल कुमार ने इस घटना पर दुख जताते हुए कहा कि प्रथम दृष्ट्या शराब पीने से मौत लग रही है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मृतकों में कौड़िया वैश्य टोला के अरविंद सिंह (40), रामेंद्र सिंह (30), माघर पोखरा के संतोष महतो (35) और मुन्ना कुमार (32) हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कौड़िया वैश्य टोला के अरविंद सिंह की रात में ही परिजनों ने अंत्येष्टि कर दी। दो लोगों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। इस घटना को लेकर सीवान के डीएम मुकुल कुमार गुप्ता और एसपी अमितेश कुमार घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। सीवान के सदर अस्पताल में सदर एसडीएम सुनील कुमार और सदर एसडीपीओ अजय कुमार सिंह पुलिस बल के साथ तैनात हैं। डीएम ने मीडिया से बातचीत में बताया कि 15 लोगों की बीती रात स्थिति गंभीर हुई, जिसमें से तीन लोगों की मौत पहले ही हो चुकी थी जबकि एक की मौत पटना ले जाने के क्रम में हो गई। सदर अस्पताल सीवान में अभी आठ लोग इलाजरत हैं जबकि तीन लोगों को पटना पीएमसीएच भेजा गया है।

## खबरें एक नजर में

### बेंगलुरु टेस्ट : बारिश की भेंट चढ़ा पहले सत्र का खेल

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जा रहे भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच का पहला सत्र बारिश से धूल गया और अब दूसरे सत्र पर भी संदेह है। बारिश के कारण अभी तक टॉस भी नहीं हो सका है। अंपायर लगातार मैदान का निरीक्षण कर रहे हैं, पिच के चारों ओर पैच और नमी दिख रही है, फिलहाल बारिश रुक गई है, कवर भी हटा दिया गया है। हालांकि खेल शुरू होने में अभी भी समय है। भारतीय टीम इस महीने की शुरुआत में बांग्लादेश को हराने के बाद आत्मविश्वास से भरी हुई है। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज भारतीय दल के लिए अपनी कमियों को दूर करने और नवंबर में ऑस्ट्रेलिया की यात्रा से पहले अपनी ताकत को परखने के लिए महत्वपूर्ण होगी। सभी की निगाहें अनुभवी रोहित शर्मा और विराट कोहली पर होंगी, जो बांग्लादेश सीरीज में कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए थे और 4 पारियों में अर्धशतक बनाने में विफल रहे थे। जबकि यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और ऋषभ पंत जैसे युवाओं ने बांग्लादेश के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन किया, लेकिन गेंदबाजों और ऑलराउंडरों ने खूब वाहवाही बटोरी। बांग्ला टाइगर्स के खिलाफ पहले टेस्ट में रविचंद्रन अश्विन की शानदार बल्लेबाजी और दो टेस्ट में जसप्रीत बुमराह की तेज गेंदबाजी ने मेहमान टीम को बुरी तरह से परेशान कर दिया था।

### अकासा एयर की दिल्ली-बेंगलुरु फ्लाइट में बम की धमकी

**नई दिल्ली।** अकासा एयर की दिल्ली से बेंगलुरु जा रही फ्लाइट को बम की धमकी मिली है। इस फ्लाइट पर इमरजेंसी रिस्पांस टीम की नजर है। इसे नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पिछले दो दिनों में कई एयरलाइनों को ऐसी धमकियां मिली हैं। सात क्रू मेंबर सहित 174 यात्रियों को ले जा रही इस एयरलाइन की फ्लाइट पर इमरजेंसी रिस्पांस टीम की नजर है, जिसको दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया है। उल?लेखनीय है कि पिछले तीन दिनों में विमानों में बम की धमकी की ये 12वीं घटना है। अकासा एयर को सोशल मीडिया के जरिए बम की धमकी मिली थी।

### एशेज 2024-25 के पहले टेस्ट की मेजबानी करेगा पर्थ

**मेलबर्न।** पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया का पर्थ स्टेडियम एशेज 2025-26 के पहले टेस्ट की मेजबानी करेगा। चार दशक से भी अधिक समय में यह पहली बार है जब ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी में खेले जाने वाले एशेज की शुरुआत गाबा के अलावा किसी अन्य मैदान पर होगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। पर्थ स्टेडियम ऑस्ट्रेलिया में एशेज मैच की मेजबानी करने वाला आठवां स्थल बन जाएगा। पहला टेस्ट 21 नवंबर से शुरू होने वाला है। पर्थ में होने वाले इस मैच के बाद, ब्रिस्बेन के गाबा में 4 दिसंबर से दिन-रात्रि टेस्ट खेला जाएगा होगा। गाबा में दूसरा टेस्ट ब्रिस्बेन का तीसरा दिन-रात्रि पुरुष टेस्ट होगा, इससे पहले पाकिस्तान (2016) और श्रीलंका (2019) की मेजबानी की जा चुकी है। तीसरा टेस्ट एडिलेड ओवल में होगा, उसके बाद मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में बॉक्सिंग डे टेस्ट और सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में नए साल में पहला और आखिरी का टेस्ट होगा।

### राष्ट्रपति मुर्मु आज से मॉरिटानिया की राजकीय यात्रा पर

**अल्जीयर्स।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का 13 से 19 अक्टूबर तक तीन अफ्रीकी देशों अल्जीरिया, मॉरिटानिया और मलावी की राजकीय यात्रा का पहला चरण मंगलवार को पूरा हो गया। वह तीन तक अल्जीरिया में रुकीं। उनकी यात्रा का दूसरा चरण आज मॉरिटानिया से शुरू होगा। यह यात्रा ऐसे महत्वपूर्ण समय पर हो रही है जब मॉरिटानिया अफ्रीकी संघ की अध्यक्षता संभाल रहा है। यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुर्मु मॉरिटानिया के राष्ट्रपति मोहम्मद औलद शेख अल गजौनी से बातचीत करेंगी। मॉरिटानिया के प्रधानमंत्री और विदेशमंत्री के भी राष्ट्रपति मुर्मु से मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा राष्ट्रपति मुर्मु भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी बातचीत करेंगी। यह यात्रा भारत-मॉरिटानिया द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ावा देगी। मॉरिटानिया से मलावी के राष्ट्रपति डॉ. लाजरस मैकार्थी चकवेरा के निमंत्रण पर राष्ट्रपति मुर्मु 17 से 19 अक्टूबर तक मलावी का दौरा करेंगी। यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुर्मु मलावी के नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगी। प्रमुख व्यापार और उद्योग जगत के नेताओं और भारतीय प्रवासियों से बातचीत करेंगी। सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व के स्थानों का दौरा करेंगी। अल्जीरिया की अपनी राजकीय यात्रा के अंतिम दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्राचीन रोमन शहर टिपासा के पुरातात्विक स्थल पर अल्जीरिया की समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत की झलक देखी। छठी शताब्दी ईसा पूर्व में बना टिपासा भूमध्यसागरीय तटों पर एक संपन्न सांस्कृतिक और व्यापारिक केंद्र के रूप में कार्य करता था।

### उत्तराखंड सरकार ने पांच बैंकों के साथ किया अनुबंध कर्मियों को मिलेगा लाभ

**देहरादून।** राज्य सरकार के साथ भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक और जिला सहकारी बैंक ने बुधवार को सचिवालय में एक एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। अभी राज्य के लगभग 64 प्रतिशत सरकारी कार्मिकों का सैलरी खाता इन बैंकों में है। इस अनुबंध से तमाम कर्मचारी लाभान्वित होंगे। बुधवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल की उपस्थिति में सरकारी कार्मिकों के लिए कॉरपोरेट सैलेरी पैकेज और अन्य लाभों के लिए बैंकों के साथ अनुबंध किया गया। मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने सरकारी कार्मिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस अनुबंध का निर्णय लिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने आशा व्यक्त की कि यह सभी बैंक कॉरपोरेट सैलेरी पैकेज को कर्मचारियों के लिए और लाभकारी बनाने के लिये निरंतर कार्य करते रहेंगे।

# अनाधिकृत कॉलोनियों में बिना एनओसी के 15 दिन के भीतर दिए जाएंगे कनेक्शन

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आआपा) सरकार ने कच्ची कॉलोनी में रहने वाले लोगों के लिए बड़ा ऐलान किया है। कच्ची कॉलोनी में पिछले एक साल से लोगों को बिजली कनेक्शन नहीं मिल रहा था।

बिजली कनेक्शन के लिए लोगों से दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी (डीडीए) का नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) मांगा जा रहा था। जिससे लोग परेशान थे। मुख्यमंत्री आतिशी ने बुधावार को कहा कि अब दिल्ली की कच्ची कॉलोनी में रहने वाले लोगों को बिजली कनेक्शन लेने के लिए डीडीए के एनओसी की जरूरत नहीं पड़ेगी। हालांकि दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने 1 अक्टूबर को ही दिल्ली की 101 वैध की गई कॉलोनी में बिजली कनेक्शन देने की मंजूरी दे दी थी। आतिशी ने कहा कि दिल्ली में 1731 कच्ची कालोनियां हैं। पहले इन कॉलोनी में विकास कार्य नहीं होते थे, लेकिन जब से दिल्ली में आदमी पार्टी की सरकार बनी है तब से पानी व सीवर लाइन डालने के साथ सड़कें बनाने का काम किया गया। लेकिन कच्ची कॉलोनियों में 1 साल से लोग बिजली कनेक्शन के लिए परेशान हैं, क्योंकि भाजपा के अधीन काम करने वाली एजेंसी डीडीए का आदेश आया था कि डीडीए से एनओसी के बिना किसी को बिजली कनेक्शन नहीं मिलेगा। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि बिजली कनेक्शन के नाम पर रिश्वत ली जा रही थी। लोग मुझसे मिले थे और उन्होंने अपनी समस्याएं रखी थी। अब उन्हें एनओसी की बिना भी बिजली कनेक्शन मिलेगा।

### गुवाहाटी हवाई अड्डे पहुंचे उप राष्ट्रपति, गर्मजोशी के साथ हुआ स्वागत



**गुवाहाटी।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ असम और मेघालय की दो दिवसीय यात्रा पर बुधवार को गुवाहाटी के लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विशेष विमान से उतरे। हवाई अड्डे पर उप राष्ट्रपति धनखड़ का असम सरकार की ओर से राज्य के वन, पर्यावरण आदि मामलों के मंत्री चंद्र मोहन पटवारी और मुख्य सचिव डॉ. रवि कोटा ने गर्मजोशी से स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि उप राष्ट्रपति जगदीश धनखड़ गुवाहाटी से पड़ोसी राज्य मेघालय जाएंगे। मेघालय में आयोजित कई कार्यक्रमों में उप राष्ट्रपति हिस्सा लेंगे। उप राष्ट्रपति का स्वागत करने वालों में गुवाहाटी के मेयर मृगेन शरनिया, असम के पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह के साथ ही अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# भारत के नए नियमों ने वैज्ञानिक व नैतिक अनुसंधान को दिया बढ़ावा

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया सिंह पटेल ने बुधवार को कहा कि भारत के नए नियमों और विनियामक प्रक्रियाओं ने वैश्विक अपेक्षा और अंतर्राष्ट्रीय मांग के अनुरूप वैज्ञानिक और नैतिक अनुसंधान को बढ़ावा दिया है। श्रीमती पटेल ने यहां 19वें अंतर्राष्ट्रीय औषधि विनियामक प्राधिकरण सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि विनियमन के क्षेत्र में भारत के प्रयासों से दुनिया भर के लोगों के लिए बेहतर स्वास्थ्य परिणाम मिल सकते हैं। इस अवसर पर नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वी.के. पॉल भी उपस्थित थे।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) देश में पहली बार यह कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस कार्यक्रम में 200 से अधिक देशों के नियामक प्राधिकरण, नीति निर्माता और स्वास्थ्य अधिकारी भाग ले रहे हैं। श्रीमती पटेल ने देश में शुरू किए गए नए नियमों और नियामक प्रक्रियाओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा, नये औषधि और नैदानिक परीक्षण नियम 2019 और चिकित्सा उपकरण नियम 2017 के रूप में नैदानिक ??परीक्षण के क्षेत्रों में प्रकाशित नए नियमों ने वैश्विक अपेक्षा और अंतरराष्ट्रीय प्रथाओं के अनुरूप वैज्ञानिक और नैतिक अनुसंधान को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा उपकरणों और निदान के क्षेत्र में नियामक आवश्यकताओं को सुसंगत बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय संगठनों और क्षेत्रीय नेटवर्क के साथ वैश्विक स्तर पर सहयोग किया रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हाल ही में प्रकाशित संशोधित अनुसूची, जैविक, जांच उत्पादों सहित विभिन्न उत्पादों के लिए अच्छे विनिर्माण प्रथाओं की डब्ल्यूएचओ आवश्यकताओं के अनुरुप बनाया गया है।

# नेचर्स एसेंस ने आयोजित किया ग्लो-टर्निटी टूर

- तीन शहरों में आयोजित सेमिनार में 750 पेशेवरों को किया प्रशिक्षित

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** नेचर्स एसेंस प्रोफेशनल ने हाल ही में अपने प्रमुख आयोजन ग्लो-टर्निटी का सफल ट्रि-सिटी टूर पूरा किया। यह शैक्षिक सेमिनार सीरीज सैलून पेशेवरों और महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने का उद्देश्य रखती है। कोची, दिल्ली, और बेंगलुरु में आयोजित सेमिनारों ने 750 से अधिक सैलून पेशेवरों को आकर्षित किया, जहां शीर्ष उद्योग विशेषज्ञों ने ब्यूटी और वेलनेस में नवीनतम प्रवृत्तियों, तकनीकों, और नवाचारों के बारे में ज्ञान साझा किया।

ग्लो-टर्निटी का नाम ग्लो और ईटर्निटी शब्दों का संयोजन है, जो इस घटना के उद्देश्य को दर्शाता है- सैलून पेशेवरों को शिक्षा प्रदान करना ताकि वे समय के साथ टिकने वाले चमकदार परिणाम प्रदान कर सकें। यह पहल नेचर्स एसेंस प्रोफेशनल के व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है, जो सैलून पेशेवरों को उच्च गुणवत्ता के प्रशिक्षण और कौशल विकास की पहुंच में लाने के लिए समर्पित है, विशेषकर उन्हें जो महंगे पाठ्यक्रमों में नहीं दाखिले हो सकते। 3 दौरे के अनुभव के बारे में बोलते हुए , सुप्रिया अग्रवाल, नेचर एसेंस प्रोफेशनल कंपनी ईएसएमई कंज्यूमर में मार्केटिंग और डेवलपमेंट प्रमुख ने कहा, ईएसएमई कंज्यूमर में, हम सिर्फ सुंदरता को लोकतांत्रिक बनाने के बारे में बात नहीं करते हैं- हम जीते हैं यह दृष्टिकोण हर दिन यह सुनिश्चित करता है कि हमारी शिक्षा और उत्पाद उन पेशेवरों के लिए सुलभ हों जिन्हें उनकी सबसे अधिक आवश्यकता है। ग्लो-टर्निटी का निर्माण सैलून पेशेवरों के कौशल को उन्नत करने के एकमात्र उद्देश्य से किया गया था, जिन्होंने 25 वर्षों से अधिक समय से नेचर एसेंस पर भरोसा किया है। इनमें से कई पेशेवरों के पास फैंसी प्रशिक्षण कार्यक्रमों तक पहुंच नहीं हो सकती है, इसलिए ग्लो-टर्निटी उनके लिए नए जमाने की सामग्री, उन्नत प्रौद्योगिकियों और विकसित तकनीकों के बारे में सीखने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है, जो अंततः एक बेहतर ग्राहक प्रदान करने की उनकी क्षमता को बढ़ाते हैं। इस टूर की शुरुआत 27 अगस्त 2024 को कोची में हुई, जहां 240 सैलून पेशेवरों ने भाग लिया। दूसरा सेमिनार 12 सितंबर 2024 को दिल्ली में हुआ, जिसमें 250 अधिग्रहणकर्ता शामिल हुए, जबकि अंतिम चरण बेंगलुरु में 17 सितंबर 2024 को 260 अधिग्रहणकर्ताओं ने भाग लिया। इस सीरीज के दौरान, सेमिनार में सक्रिय प्रशिक्षण सत्र, लाइव प्रदर्शन, और विशेषज्ञों द्वारा नेतृत्व किए गए चर्चाओं की व्याख्या की गई।

### चार अमृत फार्मेसी खोलने वाली पहली कोयला कंपनी बनी एसईसीएल

**नई दिल्ली।** कोल इंडिया की छत्तीसगढ़ स्थित सहायक कंपनी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) चार अमृत फार्मेसी खोलने वाली पहली कोयला कंपनी बन गई है। देश की 216वीं अमृत फार्मेसी का उद्घाटन एसईसीएल के अध्यक्ष-सह- प्रबंध निदेशक (सीएमडी) डॉ. प्रेम सागर मिश्रा ने किया। कोयला मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में बताया कि सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कोल इंडिया की छत्तीसगढ़ स्थित सहायक कंपनी एसईसीएल ने देश की 216वीं अमृत फार्मेसी (उपचार के लिए सस्ती दवाइयाँ और विश्वसनीय प्रत्यारोपण) का उद्घाटन किया। डॉ. प्रेम सागर मिश्रा ने समावेशी विकास के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपनी चौथी अमृत फार्मेसी के साथ हमें न केवल अपने कर्मचारियों के लिए बल्कि बड़े समुदाय के लिए, विशेष रूप से कोयला बेल्ट के आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा की पहुंच बढ़ाने पर गर्व है।

# खादिम ने प्रताप मार्केट में खोला अपना नया व 11वां शोरूम




समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारत के पसंदीदा फैशन फुटवियर ब्रांड खादिम, जो पिछले 50 वर्षों से हर परिवार के लिए अग्रणी फुटवियर उत्पादक रहा है, ने प्रताप मार्केट रोड, अमीनाबाद में अपना नया शोरूम खोला है। यह लखनऊ में ग्यारहवां शोरुम है। इस में पूरे परिवार के लिए अनोखी और आकर्षक फुटवियर रेंज उपलब्ध है।

इस शोरूम खुलने से अमीनाबाद, चौक और उसके आसपास के लोगों को उच्च गुणवत्ता के साथ साथ उचित मूल्य के फुटवियर खरीदने का लाभ मिलेगा। उद्घाटन के अवसर पर ग्राहकों के लिए विशेष ऑफ़र भी चल रहा है जो इस लॉन्च को और भी आकर्षक बनाता है। खादिम के इस नए शोरूम में ग्राहकों के हर आयु वर्ग के लिए विशेष डिजाईन उपलब्ध है, जिसमें स्पोर्ट्स, फॉर्मल, लेडीज़ बैग सहित महिलाओं और बच्चों के लिए हर अवसर पर पहनने के लिए शानदार विकल्प शामिल हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में मेसर्स अभिषेक ट्रेडर्स के प्रमुख श्री गोपाल अग्रवाल जी एवं कंपनी खादिम इंडिया लिमिटेड के ज़ोनल हेड आशुतोष कुमार सिंह एवं एरिया मैनेजर रविशंकर त्रिपाठी उपस्थित रहे।